सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,904 |
| निफ्टी | 25,114 |
| सोना 1,09,841 | चांदी 1,27,348 |

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 14 सितंबर 2025 | 30 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 257, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सीएम सुक्खू से मिले आरबीआई के गवर्नर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके सरकारी आवास ओकओवर में मिले। यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट रही, लेकिन इसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय व सहकारी बैंकिंग से जुड़े मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा भी हुई। मुख्यमंत्री और गवर्नर के बीच हुई इस बातचीत को प्रदेश के सहकारिता क्षेत्र के लिए अहम माना जा रहा है। गवर्नर संजय मल्होत्रा दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन में हिस्सा लेने शिमला पहुंचे हैं। सम्मेलन के साथ-साथ सहकारिता क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए सहकारी मेला और फिनटेक कॉर्पोरेट प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है।

### एमपी: सीएम के हॉट बैलून में लगी आग

**एजेंसी, मंदसौर।** मध्यप्रदेश के गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के पास हिंगलाज रिसोर्ट में नाइट हाल्ट के बाद शनिवार सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हॉट बैलून में सवार हुए, लेकिन हवा की रफ्तार 20 किलोमीटर प्रतिघंटा होने से बैलून नहीं उड़ सका। इस दौरान उसके निचले हिस्से में आग लग गई, जिसे वहां मौजूद कर्मचारियों ने बुझाया। दूसरी ओर, सीएम डॉ. यादव जिस ट्रॉली में सवार थे, उसे सिक्योरिटी गार्ड्स ने संभाले रखा, जिससे डॉ. यादव सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार शाम को गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट में गांधीसागर फेस्टिवल के चौथे संस्करण की शुरुआत की थी। (अनंत ज्ञान)

### रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस के कामचटका में शनिवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के बाद यहां सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में रूस के तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले 30 जुलाई को यहां 8.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जो दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया था। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली पर एफआईआर

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ शनिवार को राजधानी काठमांडू में एफआईआर दर्ज की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओली पर आरोप है कि 8 सितंबर को जब आंदोलन शुरू हुआ था, तब उन्होंने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर हमले और ज्यादती का आदेश दिया था। ओली ने भारी दबाव के बीच 9 सितंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद से ही वह आर्मी की सुरक्षा में हैं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 'अपना रेडियो' ने स्थानीय प्रतिभाओं को दिया प्रभावशाली मंच -पेज 2
- सड़क किनारे सड़ रहा करोड़ों रुपए का सेब -पेज 3
- ढाई दशक से ओबीसी की मांगें नजरअंदाज -पेज 5
- देवताओं की मर्यादा भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई -पेज 9
- शामती बाइपास में बारिश के कारण धंसे हिस्से का मरम्मत कार्य तेज -पेज 12


# पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष नियम बनाए नाबार्ड : सीएम

## ग्राउंड माउंटेड सौर प्रोजेक्टों को आरआईडीएफ में शामिल करने की मांग

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पहाड़ी राज्यों की भौगोलिक चुनौतियों और पर्यावरणीय योगदान को देखते हुए नाबार्ड को विशेष नियम और मानदंड तय करने चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नाबार्ड को ग्राउंड माउंटेड सौर परियोजनाओं और इलेक्ट्रिक बसों को ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) में शामिल करना चाहिए, ताकि पंचायतों और प्रदेश को ऊर्जा में आत्मनिर्भरता हासिल हो सके और राज्य सरकार के 'हरित हिमाचल' के लक्ष्य को गति मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह मांग नाबार्ड के प्रबंध उपनिदेशक गोवर्धन सिंह रावत से ओकओवर में हुई शिष्टाचार भेंट के दौरान रखी। उन्होंने कहा कि नाबार्ड और प्रदेश सरकार के बीच क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है, जिससे कई महत्वपूर्ण मामलों का समाधान तेजी से हुआ है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पहाड़ी राज्यों के लिए वार्षिक आवंटन तय करते समय वन क्षेत्र, हरित पहल और पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान जैसे पहलुओं को आधार बनाया जाना चाहिए। उन्होंने नाबार्ड से मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्र में उपभोक्ताओं तक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और मूल्य श्रृंखला विकसित करने का आग्रह किया, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। मुख्यमंत्री का कहना था कि नाबार्ड द्वारा स्वीकृत कार्यक्रमों को लागू करते समय राज्यों को जरूरत के हिसाब से विशेष बदलाव करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे परियोजनाओं का प्रभाव और अधिक सुदृढ़ होगा।



शिमला में नाबार्ड के उच्च अधिकारियों से विशेष मंत्रणा करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

### कृषि सहकारी समितियों को सौंपें दूध खरीद का काम

**नाबार्ड** अधिकारियों ने भी अपने सुझाव मुख्यमंत्री के सामने रखे। उन्होंने बताया कि धारा 118 के प्रावधान सहकारी समितियों के विस्तार में बाधक बनते हैं। अधिकारियों ने नई समितियां बनाने के बजाय दूध खरीद का कार्य प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को सौंपने और उनके कंप्यूटरीकरण की गति तेज करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने भरोसा दिलाया कि नाबार्ड के सभी व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाएगा और उन्हें राज्य की विकास रणनीति में शामिल किया जाएगा।

# मणिपुर में बोले पीएम–शांति का रास्ता चुनें

## कहा- मणिपुर को विकास के रास्ते पर मिलकर आगे बढ़ाना होगा

एजेंसी, इंफाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप शांति का रास्ता चुनें। किसी भी प्रकार की हिंसा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और यह हमारे पूर्वजों तथा आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय है। मणिपुर को शांति और विकास के रास्ते पर मिलकर आगे बढ़ाना होगा। मोदी ने मणिपुर की भारत की आजादी की लड़ाई और देश की रक्षा में ऐतिहासिक भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा कि यहां की धरती पर आजाद हिंद फौज ने पहली बार भारतीय तिरंगा फहराया था और नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने मणिपुर को भारत की आजादी का द्वार बताया था। उन्होंने मणिपुर के लोगों को 8,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि मणिपुर के अनेक बेटे और बेटियां देश के विभिन्न हिस्सों में मां भारती की रक्षा में तैनात हैं। हाल ही में पूरी दुनिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना की ताकत देखी, जिसमें पाकिस्तान की सेना घबराहट में आ गई। मोदी ने कहा कि इस अभियान में मणिपुर के वीर सपूतों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रधानमंत्री ने शहीद दीपक चिंगाखाम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका बलिदान भारत हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि मणिपुर की बहादुरी और त्याग भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। मोदी ने जोर देकर कहा कि भारतीय संस्कृति मणिपुरी संस्कृति के बिना अधूरी है और भारत का खेल जगत मणिपुर के खिलाड़ियों के बिना अधूरा है। (अनंत ज्ञान)



### मिजोरम में किया पहली रेललाइन का शुभारंभ

**आइजोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेललाइन बैराबी-सायरंग का उद्घाटन किया। 51 किमी लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन के जरिए मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटि हो गई है। इस रेलवे रूट में 45 सुरंग, 88 छोटे और 55 बड़े ब्रिज हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है, जो कुतुब मीनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है। पीएम ने कहा कि लंबे समय से कुछ राजनीतिक पार्टियों ने मिजोरम को अनदेखा किया, लेकिन आज मिजोरम फ्रंटलाइन में है। दरअसल, पीएम मोदी 2 दिन के नॉर्थ ईस्ट दौरे पर हैं। वे सुबह मिजोरम के आईजोल पहुंचे, यहां लेंगपुई एयरपोर्ट से 9000 करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया।

**रेललाइन पर कुतुब मीनार से भी ऊंचा पुल**

# एआई मंत्री वाला दुनिया का पहला देश बना अल्बानिया

## पीएम ने डिएला को भ्रष्टाचार रोकने की दी जिम्मेदारी

एजेंसी, तिराना

अल्बानिया दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है, जिसके पास एक एआई मंत्री है। यह कोई इंसान नहीं, बल्कि पिक्सल और कोड से बनी एक वर्चुअल मंत्री है, जो पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मुताबिक काम करती है। प्रधानमंत्री एडी रामा ने हाल ही में चौथी बार चुनाव जीतने के कुछ महीनों बाद डिएला को अपने कैबिनेट में शामिल किया है। डिएला को सरकारी फंडिंग प्रोजेक्ट्स और पब्लिक टेंडरों में भ्रष्टाचार रोकने की जिम्मेदारी दी गई है। विपक्ष ने इसकी आलोचना की है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा कि यह एक पब्लिसिटी स्टंट है और संविधान के खिलाफ भी है। (अनंत ज्ञान)

### डिएला से परिचित हैं अल्बानियाई



**अल्बानियाई** भाषा में डिएला नाम का मतलब 'धूप' या 'सूरज' होता है। डिएला इससे पहले भी अल्बानिया में काम कर चुकी है। वह एक एआई आधारित वर्चुअल असिस्टेंट थी, जो नागरिकों को सरकारी दस्तावेज पाने में मदद करती थी। यानी कि अल्बानियाई नागरिक पहले से ही डिएला से परिचित हैं। पीएम रामा का दावा है कि डिएला ने ई-अल्बानिया प्लेटफॉर्म पर 10 लाख से ज्यादा लोगों की मदद की। अब उनका इरादा है कि डिएला को एक साधारण चैटबॉट से कहीं आगे ले जाकर सरकारी कामकाज का अहम हिस्सा बनाया जाए।

# अब बिलासपुर के नम्होल में फटा बादल

## खेतों में मलबा आने से फसलों को नुकसान, चार वाहन फंसे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश पिछले दो महीनों से लगातार प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रहा है। बादल फटना, भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं ने किन्नौर, मंडी, कुल्लू और चंबा जैसे जिलों को गहरी चोट दी है। अब तक अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जा रहे बिलासपुर में भी आपदा ने दस्तक दे दी है। शनिवार तड़के करीब तीन बजे नयना देवी विधानसभा क्षेत्र की उपतहसील नम्होल के गांव गुतराहण में बादल फटने से भारी मात्रा में पानी और मलबा खेतों व सड़क पर उतर आया। अचानक आए इस बहाव ने कई किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। इस दौरान चार वाहन भी मलबे में फंस गए, जिन्हें प्रशासन ने सुरक्षित निकाल लिया। राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि या मकानों का नुकसान नहीं हुआ। सूचना मिलते ही स्थानीय बीडीसी सदस्य महत राम और उपप्रधान देसराज मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।



घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन तुरंत हरकत में आया। तहसीलदार नम्होल, नायब तहसीलदार और पटवारी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। वहीं, उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि किसानों की फसल क्षति का आकलन करवाया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद नियमों के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### युद्धस्तर पर राहत-बचाव कार्यों में जुटीं टीमें : सीएम

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बिलासपुर जिले के नम्होल में बादल फटने और मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी संवेदनाएं हर प्रभावित परिवार के साथ हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की टीमें युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं।

# आज 3 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मौमस विभाग के अनुसर, रविवार को तीन जिलों कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में भारी बारिश का येलो अलर्ट दिया है, जबकि लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर बाकी जिलों में गरज के साथ हल्की बारिश होने व तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

शनिवार की बात करें तो प्रदेश के कई स्थानों पर हलकी बारिश हुई है। राजधानी शिमला में भी सुबह से ही मौसम खराब रहा और बीच-बीच में हल्की बारिश होती रही। इस मानसून सीजन के दौरान अभी तक कुल 4,467 करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। 20 जून से 13 सितंबर तक 394 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 455 लोग घायल हुए हैं। 41 लोग अभी भी लापता हैं। इस दौरान 173 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। राज्य में 544 पक्के, 859 कच्चे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। 1894 पक्के और 4058 कच्चे मकानों को आंशिक तौर पर नुकसान हुआ है। 5,993 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# ब्रिटेन में दिनदहाड़े सिख महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन में भारतवंशी सिख महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, 20 वर्षीय महिला से पार्क में दिनदहाड़े दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा। पुलिस इस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि घटना गत मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले घटी थी।

**पीड़िता से बोले रेपिस्ट- अपने देश वापस जाओ**

आरोपियों द्वारा पीड़िता से टेम रोड इलाके में एक पार्क में दिन के उजाले में दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दोनों हमलावर गोरे लोग थे। पुलिस ने उनके हुलिये की जानकारी साझा की है, जिसमें बताया गया है कि एक आरोपी मजबूत कदकाठी का है और उसने गहरे रंग का स्वेट शर्ट और दस्ताने पहने हुए थे। वहीं, दूसरे आरोपी ने ग्रे रंग की जैकेट पहनी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई है और कोई भी संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज, वीडियो आदि मुहैया कराने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

# आवास परियोजनाओं को पूरा करने के लिए बनाएं आवास पुनरुद्धार कोष

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने करदाताओं और मध्यम वर्गीय घर खरीददारों को लेकर केंद्र सरकार को अहम निर्देश दिए है। कोर्ट ने घर खरीदारों की स्थिति को देखते हुए सरकार से कहा है कि वह अधूरी आवास परियोजनाएं को पूरा करने के लिए एक पुनरुद्धार कोष की स्थापना पर विचार करे। बता दें कि यह फंड ऐसे परियोजनाओं को अस्थायी वित्तीय सहायता देगा जो संकट में चल रहे हैं, ताकि घर खरीददारों के हितों की रक्षा हो सके।

मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जेबी पारडीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है कि वह एक ऐसा सिस्टम बनाए जिसमें कोई भी बिल्डर घर खरीददारों के साथ धोखा न कर सके और समय पर प्रोजेक्ट पूरा हो। कोर्ट ने कहा कि सरकार मूकदर्शक नहीं बन सकती और उसे घर खरीददारों और देश की अर्थव्यवस्था दोनों की रक्षा करनी होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 3 महीने में मांगी रिपोर्ट



**सुप्रीम** कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह तीन महीने के भीतर यह रिपोर्ट दाखिल करे कि इन निर्देशों के पालन में क्या-क्या कदम उठाए गए। इसके अलावा, कोर्ट ने कहा कि हर नया हाउसिंग प्रोजेक्ट, जिसमें 20% से अधिक भुगतान हो चुका हो, उसे स्थानीय राजस्व विभाग में रजिस्टर करना अनिवार्य होगा।

आरईआरए को लेकर कोर्ट की टिप्पणी कोर्ट ने कहा कि रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण जैसे संस्थान तब तक कारगर नहीं बन सकते, जब तक उनके पास पर्याप्त संसाधन, अधिकार और अमल करने की ताकत न हो। (अनंत ज्ञान)

# कर्नाटक में गणेश मूर्ति विसर्जन जुलूस में घुसा ट्रक, 9 लोगों की मौत

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन जिले में शुक्रवार रात एक ट्रक ने गणेश विसर्जन जूलूस में शामिल लोगों को कुचल दिया। 9 लोगों की मौत हो गई, 20 लोग घायल हैं। घटना लगभग 8.45 बजे मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मृतक युवा लड़के हैं। घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। चश्मदीद ने बताया, ट्रक अरकलागुडु की तरफ से आ रहा था। जुलूस के नजदीक पहुंचते ही ट्रक का कंट्रोल खो गया और वह भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया, लोग ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले सभी मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है। वहीं, केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, मुझे गहरा दुख है कि गणपति जुलूस में शामिल लोगों पर एक ट्रक के चढ़ने से श्रद्धालुओं की जान चली गई। यह बहुत ही दुखद घटना है। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की। (अनंत ज्ञान)

# वोटर लिस्ट बनाना, बदलना हमारा काम : चुनाव आयोग

एजेंसी, नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगा, तो यह अधिकार में दखल होगा। आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग का अधिकार है।

यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझता है और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करता है। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था।

याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को भारत में विशेष रूप से चुनावों से पहले समय एसआईआर कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि देश की राजनीति और नीति केवल भारतीय नागरिक ही तय करें। चुनाव आयोग ने 5 जुलाई को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को पत्र भेजकर 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर एसआईआर की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था। (अनंत ज्ञान)

**कहा- सुप्रीम कोर्ट का निर्देश देना हमारे काम में दखल**

# टैरिफ से बिगड़े भारत–अमेरिका संबंध : ट्रंप

## अमेरिकी राष्ट्रपति का भारत के साथ बिखरते रिश्तों पर कबूलनामा

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राजनीति में हमेशा सुर्खियों में रहने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है। फॉक्स न्यूज को दिए अपने ताजा साक्षात्कार में ट्रंप ने स्वीकार किया कि भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाने से दोनों देशों के रिश्तों में दरार आई है। उन्होंने दावा किया कि भारत रूस का सबसे बड़ा ग्राहक रहा है और इसी वजह से उन्होंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 प्रतिशत (25% + 25%) टैरिफ लगाया।

ट्रंप ने कहा कि यह एक बड़ी बात है और इससे भारत के साथ दरार पैदा होती है। याद रखिए, यह समस्या हमारी तुलना में यूरोप के लिए ज्यादा गंभीर है। इस इंटरव्यू में ट्रंप ने पहली बार यह भी माना कि वह रूस-यूक्रेन विवाद को सुलझाने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह संघर्ष सबसे आसान लगता था, लेकिन हालात उम्मीद से कहीं ज्यादा पेचीदा निकले।

ट्रंप ने कहा, 'मुझे लगा था कि यूक्रेन और रूस का विवाद सबसे आसान होगा। समझौते के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। जब पुतिन तैयार होते हैं तो जेलेंस्की नहीं होते और जब जेलेंस्की तैयार होते हैं तो पुतिन पीछे हट जाते हैं। अब जेलेंस्की तैयार हैं, लेकिन पुतिन पर सवालिया निशान है। यही वह युद्ध है, जिसे मैं सुलझा नहीं पाया।' ट्रंप ने साफ कहा कि भारत रूस से तेल का सबसे बड़ा खरीददार था और इसी वजह से उन्हें भारत पर सख्त कदम उठाने पड़े। उन्होंने बताया कि उन्होंने भारत पर तेल आयात को लेकर अतिरिक्त टैरिफ लगाया, जिससे सीधा असर दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों पर पड़ा। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि अमेरिका लंबे समय से चाहता है कि भारत रूस से तेल खरीद कम करे, लेकिन भारत अपने ऊर्जा हितों को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल आयात जारी रखता रहा है। हालांकि, ट्रंप ने यह भी कहा कि टैरिफ ने अमेरिका को मजबूत बनाया है और इससे देश को अरबों डॉलर का फायदा हुआ। (अनंत ज्ञान)



**कहा- मैं रूस-यूक्रेन विवाद को सुलझाने में भी रहा नाकाम**

**कवायद** सेना ने रक्षा मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव, 2 लाख करोड़ रुपए की सबसे बड़ी डिफेंस डील संभव

# वायुसेना को चाहिए 114 'मेड इन इंडिया' राफेल विमान

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडियन एयर फोर्स को 114 'मेड इन इंडिया' राफेल लड़ाकू विमान की जरूरत है। इसके लिए सेना की तरफ से रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इन विमानों को फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर बनाएंगीं। मेड इन इंडिया राफेल में 60 परसेंट सामान स्वदेशी होगा।

यह फैसला ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के खिलाफ राफेल के शानदार प्रदर्शन के तुरंत बाद लिया गया है। इस प्रस्ताव की अनुमानित लागत 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। रक्षा अधिकारियों ने एएनआई को बताया कि भारतीय वायु सेना की तरफ से केस स्टेटमेंट या प्रस्ताव कुछ दिन पहले रक्षा मंत्रालय को प्राप्त हुआ था। रक्षा, वित्त सहित अन्य विभाग इस पर विचार कर रहे हैं। विचार-विमर्श के बाद प्रस्ताव को रक्षा खरीद बोर्ड और उसके बाद रक्षा अधिग्रहण परिषद के पास भेजा जाएगा।



अगर फ्रांस के साथ यह सौदा हो जाता है तो भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील होगी। 114 राफेल की डील पूरी होने के बाद भारतीय सेना के बेड़े में राफेल विमानों की संख्या 176 हो जाएगी। हालांकि, अभी इसमें थोड़ा वक्त लग सकता है। भारतीय वायुसेना पहले ही 36 राफेल विमानों को शामिल कर चुकी है और भारतीय नौसेना ने 26 राफेल मरीन का ऑर्डर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन की डील भी की है साइन

**भारत** और फ्रांस के बीच जून में 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हुई थी। डील के तहत भारत, फ्रांस से 22 सिंगल सीटर विमान और 4 डबल सीटर विमान खरीदेगा। ये विमान परमाणु बम दागने की क्षमता से लैस होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रांस के साथ यह डील करीब 63,000 करोड़ रुपए में हो रही है। इन विमानों की डिलीवरी 2028-29 में शुरू होगी और 2031-32 तक सभी विमान भारत पहुंच जाएंगे। डील में पायलट प्रशिक्षण, फ्लाइट सिमुलेटर, हथियार, आवश्यक उपकरण और दीर्घकालिक रखरखाव सहायता भी शामिल है। इसके अलावा, इसमें भारतीय वायु सेना द्वारा पहले से इस्तेमाल किए जा रहे राफेल जेट के लिए अतिरिक्त गियर क्षमता भी शामिल हैं। इस समझौते में भारत में स्वदेशी हथियारों के एकीकरण के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भी शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमेशा छात्र हित में कार्य करें एनएसयूआई कार्यकर्ता : रूबल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर में एनएसयूआई इकाई बड़सर के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के डायरेक्टर रूबल ठाकुर मौजूद रहे। ठाकुर ने एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की। समस्त कार्यकर्ताओं को मिलजुलकर छात्र हितों के लिए कार्य करने के लिए कहा। रूबल ने कहा कि किसी भी छात्र-छात्रा को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए कोई आर्थिक बाधा आती है तो उसका पूरा खर्च स्थानीय एनएसयूआई इकाई मिलकर पूर्ण करेगी।

### राज राजेश्वरी कॉलेज में कवि सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी दिवस मनाया गया। इस संदर्भ में महाविद्यालय में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. मुनीष कुमार ने किया और सुनीता दत्ता द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज किया। छात्रों ने महान कवियों की कविताओं का गान व व्याख्यान किया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने हिंदी दिवस को यादगार बनाने में अपनी भागीदारी पेश की।

### बीएड परिणाम में कोमल, पूनम ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा जुलाई माह में ली गई बीएड की द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। द्वितीय सेमेस्टर में कोमल ने 350 में से 277 अंक लेकर प्रथम स्थान, पूनम शर्मा ने 273 अंक लेकर दूसरा तथा पूनम कुमारी व वैशाली डडवालिया ने 266 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन मन्जीत सिंह, सेक्रेटरी कुलबीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान व कॉलेज के समस्त स्टाफ ने कॉलेज का परिणाम 100 फीसदी रहने पर सबको बधाई दी तथा पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्र व छात्राओं को भी शुभकामनाएं दीं।

### डीडीएम साई कॉलेज ने परिणाम में चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। डीडीएम साई कॉलेज आफ एजुकेशन कल्लर जलाड़ी का परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कॉलेज की मुस्कान ने 79 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, सलोनी ने 77 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और साक्षी कौंडल ने 76 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज प्रबंधक अधिकारी राजेश कपिल, प्रिंसिपल डॉ. ओम प्रकाश भारद्वाज एवं कॉलेज स्टाफ ने छात्रों को बधाई दी।

### नादौन कॉलेज का बीएड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय नादौन का बीएड द्वितीय सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय नादौन की छात्रा तनवी शर्मा ने 80% अंक लेकर प्रथम, जबकि शालीनता ने 77.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा संस्कृति ने 77.1 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के अध्यक्ष अजय जैन तथा वाइस चेयरमैन निर्मल जैन ने स्टाफ व छात्रों को शुभकामनाएं दीं। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर अनामिका शर्मा ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस शानदार परिणाम का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत व उनके प्राध्यापकों को दिया।

### धर्मशाला रैली में नादौन से जाएंगे 500 लोग

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश घृत बाहती चांहग महासभा की इकाई नादौन की बैठक नादौन में संपन्न हुई, जिसमें कांगड़ा से धर्मशाला तक 20 सितंबर को आयोजित की जा रही रैली बारे विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि इस रैली में नादौन से ओबीसी समुदाय के 500 लोग भाग लेंगे। इसके लिए निजी वाहनों के अलावा बसों की व्यवस्था किए जाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महासभा की इकाई नादौन के अध्यक्ष बलवीर चौधरी ने की। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए महासभा के महामंत्री कुलदीप कुमार चौधरी ने बताया कि इस रैली के माध्यम से सरकार से मांग की जाएगी कि जैसे प्रदेश में राजपूत और ब्राह्मण कल्याण बोर्ड बने हैं, उसी तर्ज पर ओबीसी कल्याण बोर्ड का भी गठन किया जाए तथा उच्च शिक्षा मेडिकल कॉलेज व यूनिवर्सिटी में 27 प्रतिशत कोटा दिया जाए। बैठक में सरकार से यह भी आग्रह किया गया है कि सरकारी नौकरियों में भी ओबीसी को पूरा आरक्षण दिया जाए।

### कल्याण संघ भरेड़ी ने आईडी भंडारी को किया याद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वर्गीय श्री आईडी भंडारी, पूर्व डीजीपी हिमाचल प्रदेश को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस विभाग में उनके उल्लेखनीय योगदान और सेवाओं को याद करते हुए उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ और सच्चे खिलाड़ी के रूप में भी स्मरण किया गया। बैठक में कैप्टन राजिंदर सिंह, बीडीसी अध्यक्ष भोरंज, डॉ. कुलवंत राय, प्रताप शर्मा, मनोहर लाल शर्मा तथा विद्यासागर शर्मा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ पास किए प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीटू का ग्यारहवां जिला स्तरीय सम्मेलन कामरेड एनडी रनौत हाल में संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत जिला अध्यक्ष प्रताप राणा ने सीटू का झंडा फहराने से की उसके उपरांत शहीद वेदी पर फूल अर्पित किए गए। सम्मेलन का उद्घाटन सीटू के राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने किया, जिन्होंने मोदी सरकार के मजदूर विरोधी रुख को बेनकाब किया। इसके उपरांत सीटू के जिला सचिव जोगिंदर कुमार ने तीन सालों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ने नई कमेटी का प्रस्ताव रखा और सम्मेलन का मार्गदर्शन किया। सम्मेलन में महंगाई के विरोध में, साम्प्रदायिकता के विरोध में, नई श्रम संहिताओं के विरोध में, मनरेगा के संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए और संघर्ष चलाने का आह्वान किया। सम्मेलन में 22 सितंबर को निर्माण मजदूरों के मामले को लेकर श्रम कल्याण बोर्ड के राज्य मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। सम्मेलन में संतोष कुमार को अध्यक्ष और जोगिंदर कुमार को महासचिव चुना गया। प्रताप राणा, कुलदीप, राज कुमारी को उपाध्यक्ष व रंजन शर्मा, ब्रह्मा दास, नवीन कुमार को सचिव चुना गया। सम्मेलन में 35 सदस्यीय समिति का चुनाव किया।

### सेवा भारती संस्था ने प्रभावितों को दी राहत

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** आपदा का कहर अभी भी हमीरपुर जिले में खत्म नहीं हुआ है, ऐसे में हिमाचल प्रांत की सेवा भारती की एक टीम ने हमीरपुर जिले के अलग-अलग गांवों में प्रभावित परिवारों की मदद में लगी हुई है। शनिवार को सेवा भारती की बड़सर इकाई ने ऊपरली बटारली नजदीक ज्योली देवी के गांव में सुलोचना देवी और विक्रम जीत को जरूरी राहत सामग्री प्रदान की। गांव दुलेरा नजदीक बड़सर में पंडित रवि चंद को उनके स्थान में सामान उपलब्ध करवाया। इस अभियान में वीरेंद्र शर्मा, कमलेश कुमार, रवि कुमार, अवतार सिंह, देशराज वार्ड, पंच महेंद्र सिंह आदि ने सेवा कार्यों में मदद की।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए 4862 केस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अदालतों में लंबित विभिन्न मामलों के त्वरित निपटारे के लिए शनिवार को जिला हमीरपुर के न्यायिक परिसरों हमीरपुर, नादौन और बड़सर में भी राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए 12,246 केस निर्धारित किए गए थे और इनमें से 4862 केस मौके पर ही निपटा लिए गए। इन केसों में 3,02,11,750 रुपए की राशि वसूली गई। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि अदालतों में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए लोक अदालत एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। इससे लोगों के बहुमूल्य समय और धन की बचत होती है।

### नारायण सेवा समिति बिझड़ी ने दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** नारायण सेवा समिति बिझड़ी की मासिक बैठक संरक्षक व संस्थापक दीना नाथ वर्मा एवं प्रधान ओंकार चंद पठानिया की अध्यक्षता में समिति के भवन निर्माण साइट, मंडी चौक के नजदीक बिझड़ी में संपन्न हुई। समिति के उपस्थित सदस्यों ने प्रस्ताव पारित करने के उपरांत तीन परिवारों को पांच-पांच हजार रुपये आर्थिक सहायता प्रदान की। तीनों व्यक्ति गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। विदित रहे कि समिति पिछले छह वर्षों से जरूरतमंद लोगों की सहायता करती रही है। महासचिव करतार सिंह ढिल्लों ने समिति से संबंधित आय-व्यय का पूर्ण ब्यौरा सब के समक्ष रखा। 22 सितंबर को स्थापना दिवस पर मुख्यातिथि समिति के संस्थापक व संरक्षक दीना नाथ वर्मा होंगे। इस दौरान समिति की स्थायी सदस्यता ग्रहण करने पर नए सदस्यों का आभार प्रकट किया गया। बैठक में दीना नाथ वर्मा और राज कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया और पिछले छह वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने भवन निर्माण कार्य को देखा तथा निर्माण प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में, दीना नाथ वर्मा, राजेंद्र गुलेरिया, तिलक राज शर्मा, बलवंत सिंह ढटवालिया, आर सी चांगरा, सरवन सिंह, जसवंत सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा, ब्रह्मानंद शर्मा, सूरम सिंह, सुख राम, कृष्ण चंद, रत्न चंद, विनोद शर्मा, लेख राम, अनूप सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# भोरंज उपमंडल में सड़कों पर टूटा कहर

## शुक्रवार देर रात से हो रही बारिश; रोड बंद, लोगों की बढ़ी मुश्किलें

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

प्रदेश में बरसात का दौर अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है, लेकिन भोरंज उपमंडल में नुकसान का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार देर रात से हो रही मूसलधार बारिश ने क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जहां कई स्थानों पर भूस्खलन और जलभराव से सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ है, वहीं नदी-नाले उफान पर आने से ग्रामीणों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं।

भारी बारिश से उपमंडल के विभिन्न मार्ग पूरी तरह ठप हो गए हैं। जानकारी के अनुसार बस्सी से सुलगवान (लगमनवीं मार्ग), भरेड़ी-धमरोल-जाहू मार्ग, बस्सी से भरेड़ी मार्ग और बस्सी से जाहू (बाह्नवीं मार्ग) यातायात के लिए बंद हो गए। हालांकि राहत की बात यह है कि विभागीय कर्मियों के प्रयासों के बाद बस्सी से जाहू (बाह्नवीं मार्ग) सड़क को खोल दिया गया है। इससे लोगों को आंशिक राहत मिली है। बस्सी से भरेड़ी मार्ग खोल दिया गया था, लेकिन चील का पेड़ गिरने से फिर बंद हो गया है। भरेड़ी से जाहू वाया बडैहर सड़क मार्ग खुला है, लेकिन वाया जोल कोहटा सड़क मार्ग बंद है।



भारी बारिश से सड़क पूरी तरह से बह गई, जिस कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### एसडीएम शशिपाल ने लिया नुकसान का जायजा

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल में भारी बारिश से हुए नुकसान का भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा व भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल ने विधायक सुरेश कुमार के निर्देश पर क्षेत्र में नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों को फौरी राहत राशि व तिरपाल वितरित किए।

इधर, भरेड़ी से जाहू मार्ग पर नालटू के समीप पुलिया ढह गई है, जिसके चलते यह सड़क पूरी तरह बाधित हो गई है। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों की आवाजाही पर संकट खड़ा हो गया है। इससे न केवल मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में कठिनाई हो रही है, बल्कि जरूरी सामान की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। बरसात के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों व बागीचों को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बंद पड़े मार्गों को शीघ्र बहाल किया जाए और क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कार्य तुरंत शुरू हो।

प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभागीय टीमें प्रभावित सड़कों को बहाल करने में जुटी हुई हैं, लेकिन लगातार बारिश बाधा डाल रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि मौसम में सुधार होते ही बहाली का कार्य तेज किया जाएगा।

### भकरेड़ी में मकान का कमरा ढहा

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज पंचायत के भकरेड़ी गांव में रजेंद्र कुमार पुत्र जगमोहन का पक्का मकान का एक कमरा अचानक डंगा (सहायक दीवार) गिरने से जमींदोज हो गया और सामान भी मलबे के नीचे दब गया। पंचायत प्रधान पूजा देवी ने बताया कि परिवार को लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही बरसात से कई घर व खेत प्रभावित हुए हैं। सूचना मिलते ही पटवारी हलका भोरंज, अंकुश मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित परिवार को तात्कालिक राहत के रूप में तिरपाल उपलब्ध करवाया, साथ ही उन्होंने नुकसान का आकलन कर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी है। गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द राहत राशि प्रदान की जाए, ताकि वे अपने घर का पुनर्निर्माण कर सकें और सामान्य जीवन जीने की ओर लौट सकें।

# पपलाह हरिजन बस्ती में भूस्खलन से लोगों में मची अफरा-तफरी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के पपलाह गांव की हरिजन बस्ती में हाल ही में भूस्खलन के कारण एक परिवार के घर में दरारें आ गईं, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना शुक्रवार रात के समय से हो रही लगातार बारिश से हुई, जब अचानक पिछली तरफ से भूस्खलन हुआ और घर की दीवारें और सारा मलबा मकान में पानी घुस जाने से मकान को खतरा बना हुआ है। इसके बाद प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाई गई।

एसडीएम शशिपाल शर्मा ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित व्यक्ति पृथी चंद पुत्र मथुरा दास गांव हरिजन बस्ती को 5000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की और उनका तत्काल राहत पैकेज तैयार किया। इसके तहत उन्हें तिरपाल भी दिया गया ताकि वे अस्थायी रूप से अपना आश्रय बना सकें। इसके साथ ही, प्रशासन ने परिवार के लिए उनके चाचा के घर में रहने की व्यवस्था की है, ताकि उन्हें अस्थायी सुरक्षा मिल सके।

इस मौके पर प्रधान अकुश सैणी और हल्का पटवारी रवि भी मौके पर मौजूद थे और उन्होंने राहत कार्यों की निगरानी की। उन्होंने भी प्रभावित परिवार को मानसिक समर्थन प्रदान किया और उन्हें राहत देने के लिए प्रशासन की तरफ से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

वहीं, घर के साथ स्थित लाभा राम पुत्र संत राम की गोशाला भी भूस्खलन के कारण खतरे में पड़ गई थी। गोशाला में मौजूद उनके पशु भी खतरे में थे, लेकिन स्थानीय प्रशासन की तत्परता से उन्हें सुरक्षित स्थान पर बांध दिया गया और गोशाला को खाली कर दिया गया। इस आपदा के दौरान प्रशासन ने हर संभव कदम उठाया ताकि कोई भी जनहानि न हो। पीड़ित परिवार की मदद करने के लिए प्रशासन का त्वरित और प्रभावी कदम सराहनीय रहा। वहीं, क्षेत्रीय निवासियों ने प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

# भूस्खलन से खतरवाड़ गांव के वार्ड नंबर 4 में भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

लगातार हो रही भारी बारिश के कारण खतरवाड़ गांव के वार्ड नंबर-4 में शनिवार तड़के लगभग 4 बजे एक बड़ा भूस्खलन हुआ। भूस्खलन की तेज आवाज इतनी भयावह थी कि आसपास के घरों में सो रहे पुरुष, महिलाएं और बच्चे दहशत में घरों से बाहर निकलकर इधर-उधर भाग गए।

इस घटना से राज कुमार, विजय कुमार, प्रेम सागर, हेम राज, जोगिंद्र सिंह, राजेश कुमार और मेजर सिंह सहित लगभग 12 परिवारों के मकानों को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। प्रभावित घरों में दरारें आना शुरू हो गई हैं। गांववासियों का कहना है कि भूस्खलन के चलते न केवल घर खतरे में आ गए हैं, बल्कि सरकारी पक्की सड़क भी धंसनी शुरू हो गई है। सड़क का ढांचा कभी भी गिर सकता है, जिससे ग्रामीणों का खेतों तक पहुंचना और बच्चों का स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तुरंत पंचायत प्रतिनिधियों और पटवारी को दे दी है, साथ ही, एसडीएम भोरंज, जिलाधीश हमीरपुर, स्थानीय विधायक और सरकार से मांग की है कि मौके पर उच्च अधिकारियों को निरीक्षण के लिए भेजा जाए और पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा तुरंत पक्के डंगे लगवाए, ताकि घरों और सरकारी सड़क को सुरक्षित किया जा सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो यहां भी हमीरपुर के चबूतरा गांव जैसी जमीन धंसने की स्थिति पैदा हो सकती है।

# सुलेख, भाषण और नारा लेखन प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षुओं ने दिखाया कौशल

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रवक्ता सुनीता कुमारी ने बीएड तृतीय सत्र तथा डीएलएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापकों को हिंदी भाषा का विशेष महत्व बताया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे सुलेख लेखन, नारा लेखन, भाषण का आयोजन करवाया गया, जिसमें प्रशिक्ष अध्यापकों ने भाग लिया। कॉलेज कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पूनम भारद्वाज ने प्रशिक्षु अध्यापक को प्रोत्साहित किया।

इन प्रतियोगिताओं में लेखन प्रतियोगिता में बीएड तृतीय सत्र की नेहा गुलरिया व नैंसी ने प्रथम स्थान, श्रुतिका व पूजा ने द्वितीय स्थान, महक व श्वेता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डीएलएड में दीक्षा व गौतम ने प्रथम स्थान, अरुणा व प्रिया ने द्वितीय स्थान, कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षु अध्यापकों ने हिंदी भाषा के महत्व को चार्ट के माध्यम से भी प्रस्तुत किया।

कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने प्रवक्ता अध्यापकों तथा प्रशिक्षु अध्यापकों को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी, साथ ही एक दिवसीय शिक्षण सामग्री की वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें की बीएड तृतीय सत्र के प्रशिक्षु अध्यापकों ने बहुत सुंदर-उद्देश्यपूर्ण चार्ट तथा मॉडल बनाए। प्रशिक्षु अध्यापकों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को बहुत ही सुंदर शब्दों में प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पूनम भारद्वाज व स्टाफ सदस्य तथा बीएड तथा डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।




विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

### बीएड द्वितीय सत्र का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन का बीएड द्वितीय सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें बीएड द्वितीय सेमेस्टर की श्रद्धा राजपूत ने 83.14 प्रतिशत पर प्रथम स्थान, श्रुतिका शर्मा ने 81.42 प्रतिशत पर द्वितीय स्थान तथा रितिका शर्मा ने 80.57 प्रतिशत पर तृतीय स्थान हासिल किया। त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष एनके शर्मा ने प्रशिक्षु अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं। कॉलेज कार्यकारी प्राचार्य पूनम भारद्वाज तथा अध्यापक वर्ग ने प्रशिक्षु वर्ग को शत प्रतिशत परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

# 'फिटनेस की डोज-आधा घंटा रोज' नियम का पालन जरूरी : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में पुणे में राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी द्वारा स्वास्थ्य व पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'पुणे ऑन पेडल्स' और 'पुणे वॉकेथॉन' का शुभारंभ कर अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने की दिशा में व्यायाम और शारीरिक क्रियाकलापों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री मोदी की मां पर आधारित जारी किए गए एआई-जनरेटेड वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।



जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'पुणे ऑन पेडल्स' और 'पुणे वॉकेथॉन' आयोजित।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य व पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'पुणे ऑन पेडल्स' और 'पुणे वॉकेथॉन' एक सराहनीय प्रयास है। यह देखना सुखद है कि लोग अच्छे स्वास्थ्य की महत्ता को देखते हुए बड़ी संख्या में ऐसे आयोजनों से जुड़कर अन्य को प्रेरित करने के लिए आगे आ रहे हैं। मेरा सभी से निवेदन है कि दिन में कम से कम फिटनेस के लिए आधा घंटा अवश्य दें। फिटनेस का डोज आधा घंटा हर रोज के नियम का कड़ाई से पालन करना आज के समय की आवश्यकता बन गया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि सभी के जीवन में जन्म देने वाली मां का स्थान बड़ा होता है, लेकिन कांग्रेस और राजद इतना नीचे गिर गए हैं कि उन्होंने मोदी की स्वर्गीय मां का एआई वीडियो बनाकर कर उसे गलत भावना से दुष्प्रचारित किया। कांग्रेस ने न केवल प्रधानमंत्री, बल्कि उनकी मां का भी अनादर किया है। जिस मां ने कठिन परिस्थितियों में अपने बेटे को पाला-पोसा और प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा में अहम भूमिका निभाई, उनका इस प्रकार मजाक उड़ाना शर्मनाक है।

इससे पता चलता है कि कांग्रेस की मानसिकता क्या है। क्या राजनीति में इतना गिरना जरूरी है? पहले तो कांग्रेस ने माफी नहीं मांगी, इसके उलट दूसरी बार फिर वही गलती की। इसके लिए बिहार और पूरे देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। आने वाले चुनाव में राजद और कांग्रेस को बड़ा झटका झेलना पड़ेगा।

# डॉ. सुरेंद्र ने सत्याग्रह स्थल पर विधायक चंद्रशेखर से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के अवाहदेवी क्षेत्र में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा किए गए निर्माण कार्यों की कथित लापरवाही को लेकर प्रभावित परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शनिवार को डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा सत्याग्रह स्थल पर विधायक चंद्रशेखर से मिलने पहुंचे, जो कि हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन हमीरपुर के अध्यक्ष भी हैं।

उन्होंने विधायक से हाल-चाल पूछा, स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। डॉ. डोगरा ने बताया कि विधायक चंद्रशेखर का ब्लड प्रेशर सामान्य से काफी कम है और शुगर लेवल भी नॉर्मल से नीचे है। डॉ. डोगरा ने यह भी बताया कि जो कदम विधायक चंद्रशेखर ने उठाए हैं, वे जनहित में हैं, क्योंकि एनएचआईए द्वारा काम करने वाली कंपनी की लापरवाही के कारण कई परिवारों के घर उजड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावितों की समस्या सिर्फ वस्तुस्थिति नहीं, बल्कि उनकी जिंदगी जुड़ी है और विधायक का ये कदम सराहनीय है।



स्वास्थ्य की जांच करते डॉ. सुरेंद्र।

## कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स नौकायन शिविर में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा के 6 एनसीसी कैडेट्स 15 से 26 सितंबर तक बिलासपुर में आयोजित होने वाले नौकायन शिविर में भाग लेंगे। यह 10 दिवसीय शिविर कैडेट को अनुशासन, साहस, टीम भावना और जलक्रीड़ा कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा। कैडेट्स में पेटी ऑफिसर कैडेट सोनिया, पेटी ऑफिसर कैडेट दीपक, कैडेट कृतिका, कैडेट सचिन, कैडेट निशांत तथा कैडेट तनिष शामिल हैं। ये सभी कैडेट्स महाविद्यालय और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। शिविर के दौरान कैडेट्स को नौकायन की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और देश सेवा की भावना को और अधिक प्रबल करना है। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर तथा एसोसिएट एनसीसी अधिकारी प्रो. राजेश खरवाल ने कैडेट को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि महाविद्यालय के ये कैडेट शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और संस्थान का नाम रोशन करेंगे।



# सवारियों की सजगता से बची 20 लोगों की जान

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

गलोड़ क्षेत्र में आज लोगों की जागरूकता और गलोड़ पुलिस की मुस्तैदी से 20 लोगों की जान बाल-बाल बच गई। एपी यात्रा बस नंबर एचपी 67 6317 अपने निर्धारित रूट पर नादौन से दियोटसिद्ध रूट पर जा रही थी, इसी दौरान बीच रास्ते में कुछ सवारियों को चालक व परिचालक का व्यवहार व चालक की ड्राइविंग संदिग्ध प्रतीत हुई। इस दौरान लोगों ने गलोड़ पुलिस के चौकी प्रभारी विनय अत्री से संपर्क किया व उन्हें सारी घटना की जानकारी दी।

गलोड़ पुलिस प्रभारी ने भी तत्परता दिखाते हुए गलोड़ में बस को रोक लिया, जब पुलिस ने चालक और परिचालक से बात की तो पुलिस ने पाया कि इन दोनों ने शराब का अत्यधिक नशा किया हुआ है। पुलिस ने अल्कोहल सेंसर से भी इसकी पुष्टि की। पुलिस ने बस के मालिक को इस सारे घटनाक्रम की जानकारी दी व मौके पर बुलाया। बस मालिक ने दूसरी बस के माध्यम से इन सभी सवारियों को अपने गंतव्य की ओर रवाना किया। पुलिस ने चालक नंदलाल व परिचालक अजय कुमार का मोटर वाहन अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने उन लोगों की भी सराहना की है, जिन्होंने पुलिस को इस घटना की सूचना दी थी।

**उपलब्धि** सामुदायिक रेडियो स्टेशन की दो दशक की यात्रा पर भारतीय जनसंचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक कुलदीप सिंह ढटवालिया बेहद खुश

# 'अपना रेडियो' ने स्थानीय प्रतिभाओं को दिया प्रभावशाली मंच

**अनंत ज्ञान , हमीरपुर**

भारतीय जनसंचार संस्थान के सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'अपना रेडियो' की दो दशक की गौरवशाली सेवा पूरी होने पर संस्थान के पूर्व महानिदेशक कुलदीप सिंह ढटवालिया बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैंने 'अपना रेडियो' को स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, जन जागरूकता फैलाने और शहरी समाज में सूचना के अंतर को भरने वाले एक प्रभावशाली मंच के रूप में देखा है। इसकी प्रतिबद्धता ने न केवल श्रोताओं के जीवन को समृद्ध किया है, बल्कि भारत में सामुदायिक प्रसारण के लिए एक प्रेरणादायक मानक भी स्थापित किया है।

यह प्लेटफॉर्म शिक्षा, मनोरंजन और सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है, जो मीडिया और संचार के क्षेत्र में संस्थान के मूल्यों को दर्शाता है। सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक मुद्दों और जमीनी स्तर की पत्रकारिता को बढ़ावा देने में 'अपना रेडियो' के प्रयास सराहनीय हैं।

### प्रेरणा लेकर अपने गांव महारल में शुरू किया सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'ढटवाल की आवाज'

**कुलदीप सिंह ढटवालिया** ने 'अपना रेडियो' और आकाशवाणी से प्रेरणा लेकर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में स्थित अपने गांव महारल में एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'ढटवाल की आवाज' शुरू किया है। उन्होंने बताया कि आज देशभर में 500 से अधिक सामुदायिक रेडियो स्टेशन कार्यरत हैं, जो सूचना, शिक्षा और सामाजिक बदलाव के वाहक बन चुके हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि रेडियो सुनना उन्हें बचपन से ही पसंद था। स्कूल के दिनों में वह आकाशवाणी शिमला से सुश्री हंसा गौतम जैसे वरिष्ठ समाचार वाचकों से समाचार नियमित रूप से सुनते थे। उन्होंने खुद को सौभाग्यशाली बताया कि उन्हें आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग में अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में सेवा देने का अवसर मिला। आज इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से रेडियो वैश्विक पहुंच प्राप्त कर चुका है और दुनिया के किसी भी कोने में सुना जा सकता है।

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में 36 साल रहे सेवारत, रिटायरमेंट के बाद भी सक्रिय कुलदीप

**27 फरवरी,** 1961 को जन्मे कुलदीप सिंह ढटवालिया ने 1984 में भारतीय सूचना सेवा में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 36 वर्षों तक सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों में सेवाएं दीं। 1 अक्तूबर 2019 को उन्होंने प्रेस सूचना ब्यूरो के प्रमुख महानिदेशक का कार्यभार संभाला। इससे पहले वह भारतीय जनसंचार संस्थान के महानिदेशक और मंत्रालय के अनुसंधान एवं प्रशिक्षण विभाग के प्रमुख के रूप में कार्यरत रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विधि, न्याय, कृषि, पर्यटन, पशुपालन, गृह मंत्रालय, डीएवीपी, आकाशवाणी, पूर्वोत्तर क्षेत्र और सोशल मीडिया यूनिट जैसे अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व किया। फरवरी 2021 में सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे सक्रिय रूप से विज्ञान संचार एवं प्रशिक्षण क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। सितंबर 2023 से मार्च 2024 तक उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की सोशल मीडिया इकाई से जुड़े रहकर कार्य किया। 'अपना रेडियो' के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि यह मंच यूं ही फलता-फूलता रहे और देशभर के लोग इससे जुड़ें, यही उनकी हार्दिक शुभकामना है।



## न्यूज ब्रीफ

### एसएफआई बोली-छात्र संघ चुनावों पर प्रतिबंध छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राज्य कमेटी ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक बार फिर प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव न करवाने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। एसएफआई ने कहा कि नामांकन और मेरिट के आधार पर केंद्रीय छात्र संघ का गठन छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास है। संगठन ने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 से जारी चुनावों पर प्रतिबंध छात्रों के संवैधानिक अधिकारों का हनन है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। एसएफआई नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन यह कदम शिक्षा विरोधी नीतियों पर सवाल उठने से बचने के लिए उठा रहा है। उन्होंने हाल के वर्षों में फीस वृद्धि, निजी विश्वविद्यालयों की बढ़ोतरी, रिक्त शिक्षकों-कर्मचारियों के पदों को न भरने और फर्जी पीएचडी दाखिलों जैसे मुद्दों का हवाला दिया। एसएफआई ने चेतावनी दी कि जब तक प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं होते और छात्रों की लंबित मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक प्रदेश भर में संघर्ष और तेज किया जाएगा।

### अंटी फल मंडी के पास 5.22 ग्राम चिट्टे के साथ नेपाली गिरफ्तार

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने खूफिया सूचना के आधार पर अंटी फल मंडी के पास नेपाली मूल के एक व्यक्ति से 5.22 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। यह युवक काफी समय से अंटी व कुड्डू क्षेत्र में नशा तस्करी में लिप्त था। पुलिस थाना जुब्बल में आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस उपमंडल रोहड़ू में नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की जा रही सख्त कार्रवाई से नशा तस्करों की कमर टूट रही है।

### कर्मचारियों को हाशिये पर डाल रही प्रदेश सरकार : प्रवीण शर्मा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रवीण शर्मा ने चेताया है कि 70(ए) हटाने का सीधा असर



प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य का व्यापार पूरी तरह कर्मचारियों की क्रय शक्ति पर निर्भर है, जिसे लगातार कमजोर किया जा रहा है। सरकार कर्मचारियों से तो वसूली करती है, लेकिन व्यापारियों पर शिकंजा कसने में असफल रही है। शर्मा ने आरोप लगाया कि 2008 से कर्मचारियों का शोषण हो रहा है और कोर्ट के फैसलों को भी सरकार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट ने 2008 की भर्तियों को नियुक्ति तिथि से नियमित करने के आदेश दिए, पर सरकार ने नया कानून बनाकर केवल सीमित अवधि का लाभ देने की व्यवस्था कर दी। उन्होंने कहा कि इस समय राज्य सरकार पर 2000 करोड़ की देनदारी बनती है, लेकिन कर्मचारियों का हक छीनने के लिए नए कानून गढ़े जा रहे हैं। यह संविधान और न्याय व्यवस्था का अपमान है।

# सड़क किनारे सड़ रहा करोड़ों का सेब

## सेब बहुल क्षेत्रों के सेब बागवानों में समाया डर, बोले-पैसा मिलेगा भी या नहीं?

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




एक सेब कलेक्शन सेंटर में सड़ती सेब बोरियां।

**शिमला।** हिमाचल की जमीन पर सेब के बगीचों की खुशबू नहीं, बल्कि सड़क किनारे सड़ती बोरियों की दुर्गंध तैर रही है। मेहनतकश बागवानों ने अपनी पसीने से सींची फसल सरकार के भरोसे सौंपी थी, पर अब वही सी-ग्रेड सेब बोरियों में भरकर जगह-जगह ढेर बन चुका है। न ट्रक उपलब्ध हैं, न रास्ते खुले और न ही उठान की कोई ठोस व्यवस्था। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या बागवानों को उनके पसीने का मूल्य मिलेगा या यह फसल सरकार की योजना की भेंट चढ़ जाएगी?

सरकारी उपक्रम हिमाचल बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) ने मंडी मध्यस्थता योजना के अंतर्गत इस बार अब तक लगभग 43 हजार मीट्रिक टन सेब खरीदा है। घोषणा के अनुसार 276 केंद्र खोले जाने थे, मगर वास्तविकता यह है कि केवल लगभग 240 ही काम कर पाए। 12 रुपए प्रति किलो की दर पर खरीदा गया यह सेब कागजों में तो बागवानों के लिए राहत था, मगर जमीनी स्तर पर यह राहत अब पीड़ा में बदल गई है।

एचपीएमसी ने दावा किया था कि वह 25 हजार मीट्रिक टन सेब को खुद प्रसंस्कृत करेगी और बाकी को नीलामी के जरिए बेचेगा। लेकिन हकीकत यह है कि पहाड़ी इलाकों की टूटी सड़कों और भारी वाहनों की कमी ने पूरा तंत्र पंगु बना दिया है। कलेक्शन केंद्रों पर भरी बोरियां अब खुले आसमान के नीचे खराब हो रही हैं। न तो इन्हें प्रसंस्करण संयंत्र तक ले जाया जा रहा है और न ही कोई ठोस प्रबंधन दिखाई देता है।

### भुगतान की गारंटी पर मंडरा रहा गहरा साया

**अब** बागवानों के मन में सबसे बड़ी चिंता यही है कि जब उनका सेब ही सड़क किनारे सड़ रहा है तो क्या मेहनत का दाम उन्हें मिलेगा? योजना की घोषणा और खरीद के कागजी आंकड़े तो बड़े-बड़े हैं, मगर हकीकत यह है कि भुगतान की गारंटी पर गहरा साया मंडरा रहा है। हिमाचल की आर्थिकी पहले ही प्राकृतिक आपदाओं से चरमराई हुई है और ऐसे में यदि बागवानों को समय पर पैसा नहीं मिला तो यह संकट और गहराएगा। सड़क किनारे सड़ती बोरियां केवल लापरवाही का प्रतीक नहीं, बल्कि यह प्रश्नचिह्न हैं। क्या बागवानों का विश्वास अब भी बचा रह पाएगा यह सरकारी खानापूर्ति तक ही सिमट कर रह जाएगी।

### शिमला में भारी बारिश से तबाही

# 48 संपर्क सड़कें अभी भी अवरुद्ध 61 गांवों में पेयजल संकट बरकरार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शिमला में भारी बारिश के बाद की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की है। शाम 5.45 बजे तक की जानकारी के अनुसार, जिले में कुल 48 संपर्क (लिंक) सड़कें बंद हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क कट गया है। हालांकि, सभी प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग और मुख्य सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए खुले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बारिश का सबसे ज्यादा असर रोहड़ू सब-डिवीजन में देखा गया है, जहां 85 सड़कें हल्के वाहनों के लिए बंद हैं। इसके अलावा, रोहड़ू में 15 गांवों में पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। पूरे जिले में 61 गांवों में पीने के पानी का संकट है, और 4 ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। प्रभावित क्षेत्रों में बहाली के काम के लिए मशीनरी तैनात कर दी गई है।

**रोहड़ू में सबसे ज्यादा असर, बिजली और पानी की आपूर्ति पर भी प्रभावित**

जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके।

### केंद्रीय मंत्री डॉ. मजूमदार कल से लेंगे आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केंद्रीय शिक्षा और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार 14 सितंबर को हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह चंबा जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। मंत्री का मुख्य उद्देश्य हाल की प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान का जायजा लेना है। वह प्रभावित लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और स्थानीय प्रशासन के साथ राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे।

### शिमला में दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन का भव्य आगाज

## डिप्टी सीएम बोले–सहकारिता को मजबूत करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को शिमला में दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन का शुभारंभ किया। हिमाचल राज्य सहकारी बैंक की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम को डिप्टी सीएम ने सहकारी जगत का महाकुभ करार दिया। उन्होंने कहा कि शिमला जैसे ऐतिहासिक शहर में देशभर की बड़ी सहकारी हस्तियों का एक मंच पर आना प्रदेश के लिए गौरव की बात है।



सम्मेलन में अपनी बात रखते हुए डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सहकारी आंदोलन की जननी रहा है। वर्ष 1892 में यहां पहली गैर-सहकारी सोसायटी की स्थापना हुई थी, जिसने आगे चलकर पूरे देश में सहकारिता की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि राज्य सहकारी बैंक द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यह आयोजन करवाना सहकारिता क्षेत्र के इतिहास और योगदान को नई पहचान देने वाला कदम है।

डिप्टी सीएम ने उम्मीद जताई कि इस दो दिवसीय सम्मेलन से सहकारी क्षेत्र को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार सहकारिता को मजबूत करने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है और इस आयोजन से आने वाले समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण समाज को बड़ा लाभ पहुंचेगा।

## कुलदीप सिंह राठौर ने किया आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा

### हर पीड़ित तक मदद पहुंचाने पर दिया जोर, ठियोग–कुमारसैन में राहत कार्य में तेजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ठियोग–कुमारसैन क्षेत्र में बाढ़ और अन्य आपदा प्रभावितों तक राहत सामग्री पहुँचाने के लिए कांग्रेस नेताओं ने हर गांव का दौरा किया। उन्होंने ग्राम पंचायत शरमला, कलींड, माहोरी, क्यार और कमाह में जाकर लोगों की समस्याएँ सुनी और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के सामने त्वरित राहत कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि राहत केवल कागज़ों में न रहकर जमीन पर भी प्रभाव दिखाए।

**ग्राम पंचायतों में जनता की समस्याओं पर प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित**



कुलदीप सिंह राठौर अपने विधानसभा क्षेत्र ठियोग में आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा करते हुए।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हर पीड़ित तक मदद पहुँचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ठियोग–कुमारसैन के हर कोने में, हर व्यक्ति की कठिनाई उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। क्षेत्रवासियों ने इस पहल को सराहा और प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई।

### नेरवा में बोलेरो कैंपर हादसे में दो युवकों की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के नेरवा में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। हादसा रात करीब 12 बजकर 40 मिनट पर हुआ, जब बोलेरो कैंपर दियांडली के पास अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 300 फुट नीचे जा गिरी। मृतकों की पहचान प्रज्वल तंगडाईक उर्फ गोलू और जोंटी बणाईक के रूप में हुई है। दोनों युवक चंदलोक क्षेत्र के रहने वाले थे। हादसे की खबर मिलते ही पूरे नेरवा व चौपाल क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार प्रज्वल पिकअप गाड़ी चलाता था, जबकि जोंटी सेब बागवानी करता था। हादसे की असली वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नेरवा अस्पताल भेज दिए हैं।

### क्रैक अकादमी ने की हिमाचल में नए सेंटर और साझेदारी के अवसरों की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** क्रैक अकादमी ने सोलन जिले में नए शिक्षा सेंटर और साझेदारी (फ्रेंचाइजी) के अवसरों की घोषणा की है। इसका उद्देश्य हिमाचल के टियर-2 और टियर-3 शहरों के छात्रों तक किफायती और बेहतर शिक्षा पहुंचाना है। क्रैक अकादमी के सीईओ नीरज कंसल ने कहा कि छात्रों से मिले उत्साहजनक रिस्पॉन्स ने उन्हें और तेजी से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। अकादमी के सह-संस्थापक आशीष मित्तल ने बताया कि सोलन, परवाणू और अर्की में फ्रेंचाइजी और साझेदारी के मौके खोले गए हैं। इससे न केवल छात्रों को लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय उद्यमियों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए भी स्थायी व्यवसाय के अवसर पैदा होंगे।

## संकट की घड़ी में हिमाचल के साथ केंद्र सरकार: दुर्गादास उइके



बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय आदिवासी कल्याण राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध करवा रही है और प्रदेश के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है।

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर मंत्री ने दिलाया हरसंभव मदद का भरोसा**

उइके ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में प्रदेश का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और तत्काल राहत पैकेज के रूप में 1500 करोड़ रुपए जारी किए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ राहत व पुनर्वास कार्यों में जुटी है, ताकि प्रभावित परिवारों तक सहायता समय पर पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की आपदा से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कार्य कर रही हैं। इस दौरान स्थानीय विधायक और प्रशासनिक अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

### शिमला में फर्जी बीपीएल सर्टिफिकेट से किया मकान हासिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में आशियाना-2 प्रोजेक्ट के तहत आवंटित मकान को पाने के लिए फर्जी बीपीएल प्रमाण पत्र लगाने का मामला सामने आया है। नगर निगम की जांच में पाया गया कि संतोष कुमारी, जो एक स्थायी सरकारी कर्मचारी हैं, ने झूठे दस्तावेजों के आधार पर मकान हासिल किया। निगम ने उन्हें सात दिन में मकान खाली करने का नोटिस भी जारी किया था, लेकिन आदेश की अवहेलना कर उन्होंने घर खाली नहीं किया।

**निगम ने पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत**

नोटिस की अवधि पूरी होने के बावजूद कार्रवाई न करने पर नगर निगम ने इस मामले को गंभीर मानते हुए ढली पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई। अतिरिक्त एसई-कम-प्रोजेक्ट डायरेक्टर धीरज कुमार चंदेल की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन का समापन

## सम्मेलन में हुए मंथन से निकलेंगे दूरगामी परिणाम : कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बेंगलुरु में आयोजित तीन दिवसीय 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन का समापन कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत की अध्यक्षता में हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्यातिथि रहे। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सम्मेलन में हुई चर्चाएं लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।



राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन के समापन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

**संसदीय संवाद और लोकतंत्र की मजबूती पर दिया जोर**

पठानियां ने बेंगलुरु को भारत का उद्यान शहर और सिलीकॉन वैली बताते हुए कहा कि यह शहर विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है। उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान, इसरो और एयरोस्पेस, बायोटेक्नोलॉजी तथा स्टार्ट-अप उद्यमों के योगदान को सराहा। साथ ही लाल बाग, कब्बन पार्क और टीपू सुल्तान महल जैसे स्थलों की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।

विधानसभा अध्यक्ष पठानिया और उपाध्यक्ष विनय कुमार ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप-मुख्यमंत्री डीके शिव कुमार का धन्यवाद किया। पठानिया ने कहा कि सम्मेलन में हुए चिंतन और संवाद के परिणाम सभी राज्यों की विधायी संस्थाओं को मजबूत करने में सहायक होंगे।

## सीएम सुक्खू ने मेडिकल कॉलेजों में सुधार को एक वर्ष का लक्ष्य किया घोषित

### राज्यवासियों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना प्रमुख उद्देश्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **रोबोटिक सर्जरी और स्वचालित प्रयोगशालाओं का होगा विस्तार**
- **डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कमी दूर करने पर जोर**
- **चंबा में क्रिटिकल केयर ब्लॉक और छात्रावास निर्माण अक्टूबर तक होगा पूरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में अगले एक वर्ष के भीतर उल्लेखनीय सुधार लागू करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रयास का उद्देश्य प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, ताकि लोग इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाएं।

अटल सुपर-स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान, चमियाना और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी शुरू की जा चुकी है, और इसे अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सभी मेडिकल कॉलेजों में कर्मचारियों, उपकरणों और मशीनरी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

चमियाना, हमीरपुर और चंबा मेडिकल कॉलेजों में 25-25 करोड़ रुपये की लागत से स्वचालित प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मेडिकल कॉलेज सुधार योजना को लेकर शिमला में आवश्यक बैठक करते हुए।

चंबा मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण इस वर्ष अक्तूबर तक पूरा होगा। वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए छात्रावास भी बनाए जाएंगे। नाहन, हमीरपुर, कुल्लू और चंबा में अगले शैक्षणिक सत्र से नर्सिंग कॉलेज शुरू होंगे। मुख्यमंत्री ने सभी मेडिकल कॉलेजों से ओपीडी और आईपीडी डेटा मांगा और साफ-सफाई तथा कार्य प्रणाली की निगरानी सख्ती से करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, विशेष सचिव अश्विनी शर्मा, निदेशक स्वास्थ्य शिक्षा राकेश शर्मा, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं गोपाल बेरी और सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य वर्चुअली शामिल हुए।

**आहट** | 25 सितंबर तक जारी होगा आरक्षण रोस्टर, उपायुक्तों को मिले आदेश

## हिमाचल में पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल में पंचायत चुनावों की तैयारियां अब अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। सरकार ने सभी जिलों के उपायुक्तों को यह निर्देश जारी किए हैं कि पंचायत चुनावों का आरक्षण रोस्टर 25 सितंबर तक हर हाल में जनता के सामने आ जाना चाहिए। इस बार प्रदेश में कुल 3,577 ग्राम पंचायतों, 91 पंचायत समितियों और 249 जिला परिषद वार्डों में चुनाव होने जा रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव करवाने की पूरी रणनीति बनानी शुरू कर दी है और कर्मचारियों की ड्यूटी तय करने के साथ-साथ मतदाता सूचियों को भी अपडेट करने का काम लगातार जारी है।




आगामी पंचायत चुनावों में आरक्षण का निर्धारण पुराने सर्वेक्षणों और जनगणना के आधार पर होगा। अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के लिए आरक्षण 2011 की जनगणना को आधार मानकर तय किया जाएगा। वहीं ओबीसी आरक्षण का निर्धारण वर्ष 1993-94 के सर्वेक्षण पर आधारित रहेगा। पंचायत प्रधानों के पदों का आरक्षण विकास खंड को इकाई मानकर किया जाएगा। पंचायती राज विभाग ने सभी उपायुक्तों को इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर चुनाव को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

पंचायत चुनावों को लेकर अब गांव-गांव में चर्चा का माहौल बन चुका है। चौपालों से लेकर खेत-खलिहानों तक लोग यह जानने को उत्सुक हैं कि उनके क्षेत्र में आरक्षण किस तरह लागू होगा। संभावित प्रत्याशी भी अब धीरे-धीरे चुनावी जमीन तैयार करने में जुट गए हैं। कई जगहों पर लोग अनौपचारिक बैठकों में अपने-अपने उम्मीदवारों की चर्चा कर रहे हैं और यह अनुमान लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इस बार किस वर्ग के हाथ पंचायत की कमान आएगी।

### प्रत्याशियों की रणनीतियां आने लगी सामने

25 सितंबर तक जैसे ही आरक्षण रोस्टर जारी होगा, प्रत्याशियों की तैयारियां और रणनीतियां खुलकर सामने आने लगेंगी। यह स्पष्ट हो जाएगा कि कौन-सा वार्ड किस वर्ग के लिए आरक्षित होगा और किसके लिए चुनावी रास्ता खुला रहेगा। चुनावी सरगर्मी का यह दौर दिसंबर तक गांव-गांव में अपने पूरे रंग पर होगा। पंचायत चुनाव हिमाचल की राजनीति का सबसे बड़ा उत्सव माने जाते हैं और इस बार भी पूरे प्रदेश में लोकतंत्र का यही उत्सव लोगों की उम्मीदों और रणनीतियों के साथ गूंजने वाला है।

# नशा तस्करी में शामिल महिला की 90.71 लाख रुपए की संपत्ति जब्त

## अब तक कुल 14 आरोपियों की 24 करोड़ 68 लाख की चल-अचल संपत्ति की फ्रीज

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन के नेतृत्व में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत थाना डमटाल के अंतर्गत गांव छन्नी बेली की कुख्यात महिला तस्कर गुरमेची देवी की 90.71 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि उसने नशा तस्करी के काले कारोबार से यह संपत्ति अर्जित की थी।

डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि 2019 में आरोपी महिला के पास से 5.61 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। इस मामले में माननीय अदालत ने 24 फरवरी 2025 को सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी को दोषी ठहराया और 10 साल की कठोर कैद तथा एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। अधिकारी ने बताया कि महिला पर और भी कई मामले विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं।

जिला पुलिस नूरपुर ने 12 सितंबर 2025 तक कुल 14 अभियोगों में नशे के कारोबार से जुड़ी 24 करोड़ 68 लाख रुपए की चल-अचल संपत्ति जब्त की है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा, ताकि इस अवैध व्यापार को जड़ से खत्म किया जा सके।



नशा तस्करी में शामिल महिला की संपत्ति को जब्ज किया गया।

### अवैध खनन सामग्री संग पकड़े 7 ट्रैक्टर

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा खनन माफिया के खिलाफ अभियान को जारी रखते हुए शनिवार को थाना डमटाल के अंतर्गत पुलिस चौकी डांगू पीर के चौकी प्रभारी विक्की राज ने चक्की दरिया में अपने कर्मियों सहित जब दबिश दी। इस दौरान सात ट्रैक्टरों को अवैध खनन सामग्री के साथ जब पकड़ा गया तथा चालक खनन सामग्री के कोई भी कागजात पेश नहीं कर पाए। जिसके चलते सात ट्रैक्टर चालकों पर मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई के लिए माननीय अदालत में चालान पेश कर दिया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया के अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व यह कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

## अवैध खनन पर कार्रवाई कर वसूला 8.20 लाख से अधिक का जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** जिला कांगड़ा खनन विभाग द्वारा विभिन्न खनन क्षेत्रों से अवैध खनन करने वाले शातिरों पर शिकंजा कसकर पिछले 4 माह में कार्रवाई करते हुए सरकारी राजकोष में 8,20,680 रूपए की राशि एकत्रित की गई है।

जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया ने बताया कि इस वितीय वर्ष में खनन विभाग व पुलिस ने विभिन्न मामलों के तहत कुल 211 अवैध खनन के मामलों में कार्रवाई की है। जिसमें कुल 174 मामलों में चालान करते हुए 8,20,680 रूपए एकत्रित किए गए हैं। जिसमें खनन विभाग ने अपने स्तर पर पकड़े गए 74 मामलों में से 37 पर कार्रवाई करते हुए 182406 रुपए का चालान काटा गया है। जबकि 37 मामले कार्यालय में चालान प्रकिया को लेकर पैंडिंग हैं। इसके साथ ही पुलिस द्वारा अवैध खनन के 137 मामलों में चालान काटते हुए 6,38,274 रूपए की राशि एकत्रित की गई है। कालिया ने बताया कि अवैध खनन करने वालों पर भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# हिमाचल विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में देशभर में अग्रणी: केवल पठानिया



लंज कॉलेज में छात्र संगठन एनएसयूआई के समारोह में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया व अन्य।

अनंत ज्ञान, शाहपुर

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक बदलाव लाए जा रहे हैं।

शनिवार को लंज कॉलेज में छात्र संगठन एनएसयूआई के समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न क्षमताओं में कमी को पहचाना और उन्हें दूर करने के लिए सार्थक कदम उठाए। वर्तमान में विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में प्रदेश देश भर में अव्वल स्थान पर है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पूर्ण साक्षर राज्यों की सूची में अपना नाम अंकित करवाने की उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थानों को श्रेष्ठ संस्थानों के रूप में बदला जा रहा है। इस अवसर पर विधायक ने एनएसयूआई के छात्र छात्राओं की मांग पर कमेस्ट्री की खाली पद को, फिजिकल एजुकेशन का पद सृजित करने का भरोसा भी दिलाया।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में रेखा देवी अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिंदी दिवस पर राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में हिंदी भाषा के संवर्धन, संरक्षण और समृद्धि को समर्पित एक भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने की। उन्होंने कहा कि हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपनी भूमिका को गर्व से निभाएं। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. आशा मिश्रा ने बखूबी किया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता और प्रेम को उत्पन्न करना है।

इस दौरान आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रेखा देवी, द्वितीय स्थान पर कल्पना तथा तृतीय स्थान पर ईशा शर्मा रहीं। काव्य पाठ प्रतियोगिता में अवंतिका प्रथम स्थान पर रहीं, सकीना देवी द्वितीय और शिल्पा देवी तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में सुहानी प्रथम, अवंतिका द्वितीय और कल्पना तृतीय स्थान पर रहीं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पंत टीम (सकीना देवी, आरती चौहान, शिक्षा कुमारी) ने पहला स्थान प्राप्त किया। महादेवी टीम (साक्षी, प्रियंका, निताशा) ने दूसरा स्थान और प्रसाद टीम (राजीव, अक्षय, अर्चना) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रो. मनोज कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

### नगरोटा सूरियां कॉलेज में टैलेंट हंट प्रतियोगिता का किया आयोजन

## एकल गायन में सलोनी ने मारी बाजी

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां द्वारा महाविद्यालय परिसर में टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय के द्वारा पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, वाद-विवाद, भाषण, एकल गीत, एकल नृत्य तथा सामूहिक नृत्य इत्यादि प्रतियोगिताएं सम्मिलित थी। प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य प्रो उपेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में अकादमिक एवं सह पाठयक्रम समिति की द्वारा आयोजित किया गया।




भाषण में पहला और दूसरा स्थान क्रमशः तनिषा और सिमरन ने हासिल किया। कार्टूनिंग में विशाल हीरा को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। बीकॉम प्रथम की राबिया भारद्वाज ने स्पॉट पेंटिंग में प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। एकल गायन में सलोनी प्रथम और सुशांत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य में कशिश और समूह ने प्रथम माही और समूह ने द्वितीय स्थान और वंशिका, तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एकल नृत्य में भारती, पलक तथा कशिश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद में श्रेष्ठा तथा महक ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अमीषा बीए तृतीय को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तनु चौधरी, आयुष और आशीष ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इन सभी को वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# पढ़ाई के साथ व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी जीवन को स्वावलंबन की दिशा में बढ़ाएं छात्र: बिटटू

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

युवा कांग्रेस नेता रविंद्र बिट्टू ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया है कि किताबी पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक और व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी अपने जीवन को स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाएं। बिट्टू पंडित संतराम मेमोरियल राजकीय डिग्री कॉलेज में नव छात्र मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

युवावस्था का यह दौर हर व्यक्ति के जीवन में आता है इसलिए शुरू से ही अपने शिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए ज्ञान के प्रकाश से अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। आज के युवा कल के नेता, अभिनेता और अधिकारी बनते हैं।



पंडित संतराम डिग्री कॉलेज में नव छात्र मिलन समारोह में रविंद्र बिट्टू सहित अन्य।

इस मौके पर शशि राणा, रविंदर राव, कुश सूद, मुनीश शर्मा, महेंद्र डोरी, विकास राणा, महिंदर रिहाल, रजिंद्र ठाकुर,रवि स्याल, अमित नाग संजय कुमार, सोनू कुमार, कार्तिक राणा, अतुल चौधरी, नीरज गोरसी, मुस्कान चौधरी, ऋतिक कपूर सहित बड़ी संख्या में छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे।

## हिमाचल के सपूत भारतीय नौसेना में बने रियर एडमिरल

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां परागपुर क्षेत्र के साथ लगते गांव भटेड़ कोटला से संबंध रखने वाले रजनीश शर्मा पुत्र डॉ. केके शर्मा भारतीय नौसेना में रियर एडमिरल के पद पर तैनात हुए हैं जिसके चलते गांव में खुशी का माहौल है। बता दें की रियर एडमिरल भारतीय नौसेना में एक दो सितारा फ्लैग ऑफिसर रैंक है। यह भारतीय नौसेना में तीसरा सबसे बड़ा ऊंचा सक्रिय रैंक है। स्थानीय लोगों का कहना है यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है हमें गर्व है कि देश की सेवा में आपका और भी प्रभावशाली होगा।



## आशापुरी के उंबर गांव में बारिश से दो कमरों का कच्चा मकान ढहा



आशापुरी के उंबर गांव में बारिश के कारण दो कमरों का कच्चा मकान गिरा।

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

आशापुरी पंचायत के वार्ड नंबर चार गांव उंबर में मदन लाल का शुक्रवार को हो रही बारिश से दो कमरों का कच्चा मकान ढह गया। वीरवार रात के समय मकान में दरारें आ गई थी और शुक्रवार को मकान ढह गया। जिससे घर का सामान मलबे में दब गया। पंचायत के उपप्रधान पवन कुमार व प्रशासन की तरफ से पटवारी अनुपम राणा ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और रिपोर्ट तैयार कर विभाग को भेज दी है । प्रशासन की तरफ से 8 हजार रुपए फौरी राहत ओर तिरपाल मुहैया करवा दिया गया है।

# भारी बारिश भी नहीं रोक पाई शनि देव के भक्तों को

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** भद्रपद माह के पांचवें व अंतिम शनिवार मेले के दिन श्रद्धालुओं की भारी संख्या महाकाल मंदिर में देखने को मिली। सुबह 4 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही हजारों श्रद्धालुओं का तांता मंदिर परिसर में लगना शुरू हो गया था, जोकि मंदिर के बाहर सडक़ तक जा पहुंचा। एसडीएम संकल्प गौतम व मंदिर अधिकारी रमन ठाकुर ने बताया कि मंदिर न्यास की ओर से श्रद्धालुओं के लिए बेहतर दर्शनों का प्रबंध किया गया था, जबकि सुरक्षा के चलते महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मंदिर परिसर पर पैनी नजर रखे हुए थे।

मंदिर अधिकारी ने बताया कि अंतिम शनिवार मेले में भारी संख्या को देखते हुए मंदिर न्यास द्वारा पुख्ता व्यवस्थाएं की गई थी। गौरतलब है कि हर वर्ष भाद्रपद माह में महाकाल मंदिर में प्रदेश के दूरदराज इलाकों से हजारों की तादाद में श्रद्धालु महाकाल मंदिर में आते हैं व यहां शनि मंदिर, महाकाल व माता के मंदिर में अपना माथा टेकते हैं। अंतिम शनिवार मेले के दिन सैंकडों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।



महाकाल मंदिर में भद्रपद माह के पांचवें व अंतिम शनिवार मेले में उमड़ी भक्तों की भीड़।

### बारिश के कारण धर्मशाला व आसपास के क्षेत्र प्रभावित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले की प्रसिद्ध पर्यटन नगरी धर्मशाला में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वीरवार को शुरू हुई बारिश ने कई इलाकों में जलभराव पैदा किया।

शुक्रवार को दोपहर 3 बजे के बाद बारिश फिर तेज हो गई और देर रात तक जारी रही। शनिवार को दोपहर से पुनः मूसलधार बारिश हुई, जिससे शहर और आसपास के क्षेत्र प्रभावित हुए। बारिश के कारण धर्मशाला और कांगड़ा जिले की मुख्य एवं साइड सड़कों पर पानी भर गया है। कई इलाकों में नालियों का पानी उफान मारते हुए सड़कों पर आ गया, जिससे यातायात बाधित हुआ और लोगों को घरों से बाहर निकलने में कठिनाई हुई। मौसम विभाग ने कांगड़ा जिले में अगले 24 घंटों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, नदी-नालों के पास न जाएं और सतर्क रहें। लगातार बारिश और जलभराव के चलते भूस्खलन और अन्य आपात स्थितियों का खतरा बना हुआ है।

## जनसेवा और विकास कार्यों को प्राथमिकता : बुटेल

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने शनिवार को मौली चक में लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि शेष समस्याओं को संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के लिए प्रेषित किया। इस दौरान उन्होंने शनि देव मंदिर भंडारे और माता की चौकी में भी भाग लिया।

विधायक ने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से निर्मित मौली चक स्वर्ग धाम सराहनीय उदाहरण है। क्षेत्र की विभिन्न सडक़ों के निर्माण कार्य हेतु लगभग 30 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। साथ ही, क्षेत्र में 19 करोड़ रुपये की लागत से हेलीपोर्ट निर्माण कार्य प्रगति पर है। विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि शीघ्र ही यहां की विद्युत समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रोत्साहन स्वरूप मौलीचक स्वर्ग धाम समिति के सदस्यों को 25 ट्रैकसूट भेंट किए।

**चेतावनी** पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया मांगें सार्वजनिक माफी या एफआईआर दर्ज करे प्रशासन

# जल शक्ति विभाग घेराव विवाद पर मजदूर संघ 'लाल'

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

जल शक्ति विभाग नूरपुर कार्यालय के घेराव का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। हाल ही में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस घटना का विरोध करते हुए एसडीएम नूरपुर को शिकायत पत्र सौंपा था। अब भारतीय मजदूर संघ भी खुलकर मैदान में उतर आया है और संघ ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दोषी नेता, पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया ने सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगी तो मजदूर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

फतेहपुर स्थित विश्राम गृह में भारतीय मजदूर संघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन ने हाल ही में पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया द्वारा जल शक्ति विभाग कार्यालय नूरपुर का घेराव कर अधिकारियों से अभद्र भाषा में बात करने और अशोभनीय टिप्पणी करने पर कड़ी नाराजगी जताई। मजदूर संघ का कहना है कि जब आपदा के समय कर्मचारियों और मजदूरों ने दिन-रात मेहनत कर जल और बिजली आपूर्ति बहाल की, तब इस तरह का व्यवहार उनके मनोबल को तोडऩे वाला है। संगठन ने आरोप लगाया कि पठानियां ने यह सब अपनी राजनीति चमकाने के लिए किया। मजदूर संघ ने कहा कि प्रदेश में पिछले कई महीनों से लगातार बारिश और आपदा की स्थिति बनी हुई है। इस दौरान कर्मचारियों और मजदूरों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया और पेयजल व बिजली आपूर्ति को दुरुस्त रखा। लेकिन अफसोस की बात है कि ऐसे कठिन समय में भी अधिकारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। संघ ने चेतावनी दी है कि यह किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने कहा कि आपदा के बीच कर्मचारियों और मजदूरों ने कंधे से कंधा मिलाकर सेवाएं दीं। ऐसे समय में अधिकारियों से अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राकेश पठानिया सार्वजनिक माफी मांगे या प्रशासन एफआईआर दर्ज करे, वरना हम सडक़ों पर उतरेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यदि प्रशासन ने दोषी नेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और न ही राकेश पठानिया ने सार्वजनिक माफी मांगी तो मजदूर संघ हड़ताल करेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।



फतेहपुर स्थित विश्राम गृह में भारतीय मजदूर संघ की बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा अन्य पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए।

# देहरी कॉलेज में विद्यार्थी परिषद का हल्ला बोल

## छात्र संघ चुनाव बहाली और राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की मांग



देहरी महाविद्यालय इकाई के छात्रों ने एबीवीपी के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया व मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

शनिवार को उपमंडल फतेहपुर के अंतर्गत देहरी महाविद्यालय इकाई के छात्रों ने एबीवीपी के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया व कॉलेज का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रही प्रिंसिपल कामाक्षी लूम्बा को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान छात्रों ने न केवल कॉलेज की मूलभूत सुविधाओं को लेकर नाराजगी जताई, बल्कि प्रदेश स्तरीय कई मांगों को भी सरकार के सामने रखा। धरने के दौरान इकाई अध्यक्ष बाला शर्मा ने कहा कि देहरी महाविद्यालय प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा कॉलेज है, जहां प्रदेशभर से छात्र पढऩे आते हैं। लेकिन यहां की आधारभूत संरचना छात्रों को निराश करती है। प्रवेश द्वार जर्जर हालत में है और शौचालयों में गंदगी का आलम है। छात्रों को लगता है कि कहीं इस कॉलेज को चुनकर उन्होंने गलती तो नहीं की। एबीवीपी ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा को शीघ्र और प्रभावी रूप से लागू किया जाए। साथ ही लंबे समय से बंद छात्र संघ चुनावों को तुरंत बहाल किया जाए। छात्रों ने इसे लोकतांत्रिक अधिकार बताते हुए सरकार से इस दिशा में तुरंत कदम उठाने की मांग की।

# पौंग बांध का जलस्तर फिर बढ़ा खतरे की रेखा के करीब पहुंचा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

कई दिनों तक घटने के बाद पौंग बांध का जलस्तर शनिवार को एक बार फिर बढ़ने लगा है। सुबह से शाम तक लगातार इनफ्लो बढ़ता रहा और शाम 5 बजे तक जलस्तर 1390.54 फुट दर्ज किया गया। बांध प्रबंधन और प्रशासन ने स्थिति को गंभीर मानते हुए बांध और प्रभावित क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखी हुई है।

शनिवार सुबह 7 बजे जलस्तर 1390.23 फुट, इनफ्लो 64,689 क्यूसेक और आउटफ्लो 49,624 क्यूसेक रहा। सुबह 11 बजे तक जलस्तर बढ़कर 1390.33 फुट पहुंचा और इनफ्लो 72,221 क्यूसेक हो गया। दोपहर बाद लगातार जलस्तर में हल्की बढ़ोतरी दर्ज हुई। शाम 4 बजे जलस्तर 1390.50 फुट और इनफ्लो 79,754 क्यूसेक रहा। शाम 5 बजे आंकड़ों में जलस्तर और बढ़कर 1390.54 फीट दर्ज किया गया। इस समय इनफ्लो 80,077 क्यूसेक और आउटफ्लो 49,947 क्यूसेक रहा।

फतेहपुर, इंदौरा और निचले मंड क्षेत्र के दर्जनों गांव पौंग बांध से छोड़े गए पानी का खामियाजा भुगत रहे हैं। खेतों में खड़ी मक्की और धान की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई। कई घरों में पानी घुसने से ग्रामीणों को पलायन करना पड़ा। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने कहा कि प्रभावित लोगों की सुरक्षा और राहत व्यवस्था पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर संभव मदद मुहैया करवाई जाएगी। बीबीएमबी प्रशासन ने भी कहा कि इनफ्लो बढ़ने के चलते आउटफ्लो को नियंत्रित रखा जा रहा है और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए टीमें पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं।

# आउटसोर्स होगी त्रियुंड व सतोवरी फॉरेस्ट हाउस की कैटरिंग व हाउसकीपिंग सर्विस

## स्टाफ की कमी और एचपी ईको टूरिज्म सोसायटी के दिशा-निर्देश पर लिया निर्णय

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** फॉरेस्ट सर्किल धर्मशाला के अंतर्गत आते दो रेस्ट हाउस में हाउसकीपिंग व कैटरिंग सेवाओं को आउटसोर्स किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार स्टाफ की कमी के चलते रेस्ट हाउस की सेवाओं को आउटसोर्स किया जा रहा है। वहीं एचपी ईको टूरिज्म सोसायटी के दिशानिर्देशों के तहत वन विभाग ने यह निर्णय लिया है।

फॉरेस्ट सर्किल धर्मशाला के अंतर्गत 45 रेस्ट हाउस आते हैं, उनमें से हाउसकीपिंग व कैटरिंग सेवाओं को आउटसोर्स किया जाएगा, जबकि इसकी शुरूआत धर्मशाला फॉरेस्ट डिवीजन के आते त्रियुंड और सतोवरी रेस्ट हाउस से की जा रही है। गौरतलब है कि त्रियुंड रेस्ट हाउस में तीन कमरों सहित रसोई घर, बाथरूम व सतोवरी रेस्ट हाउस में 6 कमरे, दो टेंट और एक ट्री हाउस उपलब्ध है। हालांकि विभाग की ओर से इन दोनों रेस्ट हाउस की हाउसकीपिंग व कैटरिंग सर्विस आउटसोर्स की जा रही है, जबकि इनकी देखरेख विभाग द्वारा ही की जाएगी।

**धर्मशाला फॉरेस्ट सर्किल के तहत आते हैं 45 रेस्ट हाउस**

### कल से दस्तावेज प्राप्त कर सकेंगे बोलीदाता

इन दोनों रेस्ट हाउस की सेवाओं को आउटसोर्स पर लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं के लिए दस्तावेज रुपये में 15 से 25 सितंबर तक डीएफओ कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। बोली पूर्व बैठक का आयोजन 22 सितंबर को डीएफओ कार्यालय में किया जाएगा। बोली जमा करवाने की अंतिम तिथि 26 सितंबर दोपहर 2 बजे तक रहेगी। इसी दिन दोपहर ढाई बजे मूल्यांकन समिति व इच्छुक बोलीदाताओं की उपस्थिति में डीएफओ कार्यालय में बोली को खोला जाएगा।

"ईको टूरिज्म सोसायटी के दिशानिर्देशों के तहत धर्मशाला फॉरेस्ट डिवीजन के अंतर्गत आते त्रियुंड और सतोवरी रेस्ट हाउस की हाउसकीपिंग व कैटरिंग सर्विस को आउटसोर्स किया जा रहा है, जबकि इन रेस्ट हाउस की देखरेख स्वयं विभाग ही करेगा।

-बासु गौतम, सीसीएफ, फारेस्ट सर्कल धर्मशाला

### हाउसकीपिंग के तौर पर लिए जाएंगे 200 से 300 रुपए

इन दोनों रेस्ट हाउस में आने वाले आगुंतकों से हाउसकीपिंग सेवाओं की एवज में 200 से 300 रुपए लिए जाएंगे। साथ ही रसोई का मासिक 3 हजार रुपए निर्धारित होगी। हाउसकीपिंग के लिए आवश्यक सामान भी उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा रेस्ट हाउस की सफाई संबंधी सामग्री का खर्च बोलीदाता द्वारा अपने स्तर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आगंतुकों को स्वच्छ और आरामदायक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण एवं गुणवत्ता जांच भी की जाएगी।

# सुराही पास तक नाबार्ड के तहत 9.21 करोड़ की मंजूरी: किशोरी

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल**

**40 साल से लंबित उतराला होली मार्ग बन जाने से कांगड़ा और चंबा को होगा फायदा**

बैजनाथ। स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने कहा है कि उतराला होली मार्ग के लिए हाल ही में फैंचा का पानी से सुराही पास तक नाबार्ड के तहत 9 करोड़ 21 लाख रुपए की मंजूरी प्रदान की गई है। पहले से ही विधायक प्राथमिकता के तहत इस मार्ग को डाला गया था।

पिछले 40 साल से लंबित बहुचर्चित उतराला होली मार्ग बन जाने से कांगड़ा और चंबा की बड़ी आबादी को फायदा होगा। 9 किलोमीटर के हिस्से को 9 करोड़ 21 लाख रुपए की धनराशि नाबार्ड द्वारा मंजूर की गई है। नाबार्ड के परियोजना स्वीकृत समिति की बैठक में बाकायदा इसकी मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार के योजना विभाग के उप महाप्रबंधक कुलदीप चंद द्वारा जारी आधिकारिक प्रपत्र के अनुसार कल 30 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें इस सड़क मार्ग को भी सम्मिलित किया गया है। हालांकि लोक निर्माण विभाग बैजनाथ मंडल के अंतर्गत उतराला से फैंचा का पानी तक पहले ही 13 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो चुका है और उसके आगे के सड़क निर्माण पर संशय बना हुआ था सड़क निर्माण में तीन पुल बनाए जाने भी प्रस्तावित हैं।

विधायक ने कहा कि यदि यह मार्ग बन जाता है तो पहाड़ी क्षेत्र में पाई जाने वाले जड़ी बूटी और नगदी फसलों के लिए एक बड़ा बाजार उपलब्ध होगा जो की दोनों जिलों के बेरोजगारों की आर्थिकी को सुदृढ़ तो करेगा ही कई ढाबा रेस्टोरेंट और होटल व्यवसाय के लिए रोजगार के सैकड़ों द्वार खुलेंगे। क्योंकि चंबा के भरमौर होली और अन्य इलाकों के लोग जिला कांगड़ा के उतराला, कंदराल, बैजनाथ, झिकली भेट, पालमपुर, बंदला, नगरी में रहने वाले लोगों से रिश्ते नातों में बंधे हुए हैं इसलिए, भावनात्मक तौर पर भी यह दोनों जिले आपस में जुड़े हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएड कॉलेज धर्मशाला का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एचपीयू शिमला द्वारा घोषित किए बीएड द्वितीय सत्र (2024-26) के परीक्षा परिणाम में राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के कुल 236 प्रशिक्षु अध्यापकों ने परीक्षा दी, जिनमें प्रशिक्षु अध्यापिका रीतिका धीमान ने महाविद्यालय स्तर पर 289 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 4 प्रशिक्षु जिनमें सृष्टि वर्मा, आरती ठाकुर, इन्दु बाला, और प्रिया 288 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि सलोनी और संस्कृति चौधरी को 286 अंकों पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि 236 परीक्षार्थियों में 99.15 फीसदी परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की है। इसके अतिरिक्त कुल परीक्षार्थियों में से 94 प्रशिक्षु ऐसे हैं जिन्होंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्या एवं प्राध्यापक वर्ग ने प्रशिक्षुओं एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन का प्रतिफल है।

### 10 हजार 120 केसों का करवाया समझौता

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के सभी न्यायालयों में न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर कार्यकारी अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला सत्र न्यायधीश एवं अध्यक्ष राजीव बाली के मागदर्शन में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें प्रि लिटिगेशन, एनआईएक्ट, धनवसूली के मामले, श्रम विवाद, जरूरी सेवाओं संबंधित, विद्युत, जल सेवा बिल मामले, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 खर्चे के मामले, अपराधिक कंपाउडेबल मामले, मोटर दुर्घटना, दावा अधिकरण के केस, वैवाहिक मामले, राजस्व मामले, सिविल मामलों के 14973 केस लगाए गए जिसमें 10 हजार 120 केसों का समझौता करवाया गया, जबकि 191812258 की राशि प्राप्त हुई।

### डाडासीबा कॉलेज में पीटीए गठन कल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा काशीराम महाविद्यालय डाडासीबा में अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) की कार्यकारिणी सत्र 2025-26 का गठन 15 सितंबर 2025 को दोपहर 1 बजे किया जाएगा। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों को सूचित किया है कि वे अपने अभिभावकों के साथ तय समय पर महाविद्यालय में उपस्थित हों।

### अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भाग लेगी सुहानी

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय ब्वॉयज वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की 11वीं कक्षा की छात्रा सुहानी शर्मा नई दिल्ली के भारत मंडपम में 15 से 19 सितंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय विद्युत-तकनीकी आयोग प्रदर्शनी में भाग लेगी। इस प्रदर्शनी में 150 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सुहानी ने ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड की राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिसके तहत उसे यह अवसर मिला है। इससे पहले सुहानी और मयंक शर्मा दोनों को इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने पर 10,000-10,000 रुपए की इनाम राशि मिल चुकी है। सुहानी के पिता राजकुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा कौशल व एसएमसी प्रधान सुनील कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई। स्टैंडर्ड क्लब के प्रभारी विवेकानंद शर्मा ने भारतीय मानक ब्यूरो का आभार व्यक्त किया।

### नूरपुर कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर के आर्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना( एनएसएस) के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया । इस अभियान में 70 स्वंय सेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य दलजीत सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल स्वास्थ्य अच्छा रहता है बल्कि सामाज में साकारात्मक संदेश भी देता है। इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने कालेज परिसर पुस्तकालय और क्लासरूम की सफाई भी की। इसके साथ ही प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संकल्प भी लिया। स्वयंसेवकों ने नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने सभी को अहवान किया कि वे स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं व इसे अभियान तक ही सीमित न रखें।

### 22 ने किया रक्तदान व 170 की जांची आंखें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम के वार्ड नंबर 11 में शनिवार को सुखमय चैरिटबल फाउंडेशन व रामनगर युवा क्लब द्वारा रक्तदान शिविर एवं निशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और समाज में जन-जागरूकता फैलाना था। रक्तदान शिविर में क 22 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। वहीं, नेत्र जांच शिविर में अनुभवी नेत्र चिकित्सकों की टीम ने 170 लोगों की निशुल्क जांच की और जरूरतमंदों को आगे के इलाज के लिए परामर्श दिया। समाजिक कार्यकर्ता अभिषेक ने प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने में अत्यंत उपयोगी हैं। आगे भी समाज हित हेतु आंदोलन व ऐसे कार्य करते रहेंगे। अंत में रक्तदाताओं और चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

### सुनीता कुमारी चुनी पीटीए की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने की। बैठक में सर्वसम्मति से सुनीता कुमारी को अध्यक्ष, अमर सिंह उपाध्यक्ष,प्रो. किरण शर्मा सचिव, सबिता मिश्रा संयुक्त सचिव, बवलेश कुमारी मुख्य सलाहकार, अनुराधा कोषाध्यक्ष, प्रवीण मिश्रा अंकेक्षक के साथ चंद्रेश कुमारी, नीतू देवी, पूनम कुमारी, संतोष कुमारी, डॉ. विकास राणा, डॉ. अर्पित कायस्थ, प्रो. हरजिंदर सिंह सदस्य बने। प्रो. अरुण चंद्र ने अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों का आपसी सहयोग ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की नींव है। बैठक में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे और उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा नेताओं ने किया राज्यपाल का स्वागत

**अनंत ज्ञान, गगल।** शनिवार दोपहर 2 बजे के लगभग स्पाइसजेट के विमान द्वारा हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला गगल एयरपोर्ट पहुंचे । एयरपोर्ट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार और कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने राज्यपाल का स्वागत किया । इसके बाद राज्यपाल व विपिन परमार नूरपुर के लिए रवाना हो गए । विधायक पवन काजल ने बताया कि राज्यपाल नूरपुर, डलहौजी ,चंबा आदि के प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे और आपदा से हुई संपत्ति का नुकसान का जायजा लेंगे । इस अवसर पर कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह राज्यपाल के स्वागत पर उपस्थित थे।

# बीसीए विभाग के छात्रों ने बास्केटबाल वॉलीबाल व बैडमिंटन में दर्ज की जीत



द्रोणाचार्य महाविद्यालय रैत में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी।

**अनंत ज्ञान, रैत**

द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रैत में राष्ट्रीय खेल दिवस पर रोटरैक्ट क्लब द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी गई। यह कार्यक्रम 29 से 31 अगस्त को होना था, लेकिन भारी वर्षा के कारण 13 सितंबर को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक गंधर्व सिंह पठानिया रहे। इनके साथ बीएड विभागाध्यक्ष सुमित शर्मा एवं कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष राजेश राणा मंच पर उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण के बाद वॉलीबाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन और रस्साकशी प्रतियोगिताएं हुईं। बीसीए विभाग के छात्रों ने बास्केटबाल, वॉलीबाल और बैडमिंटन में शानदार जीत दर्ज की। कंप्यूटर विज्ञान विभाग ने रस्साकशी में बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी ताकत दिखाई।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को खेलों से चरित्र निर्माण और अनुशासन सीखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करने और आभार प्रकट करने के साथ हुआ। सहायक आचार्य अतुल राणा और रजत ने खेल समन्वयक की भूमिका निभाई।

# केंद्र की सहायता का सदुपयोग करने में प्रदेश सरकार विफल: काजल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत हेतु 1500 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की घोषणा के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। शनिवार को जारी प्रेस बयान में काजल ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार प्रदेश को आर्थिक सहायता और विशेष पैकेज उपलब्ध करा रही है, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार उस धनराशि का सही उपयोग करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार राहत व पुनर्वास कार्यों की बजाय इन फंड्स को वेतनमान और अन्य गैर-जरूरी खर्चों में झोंक रही है। काजल ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस की कई सरकारें केंद्र में रहीं, लेकिन किसी ने भी आपदा के समय हिमाचल को इतनी उदारता से मदद नहीं दी जितनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी है। मोदी ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि हिमाचल की पीड़ा, उनकी अपनी पीड़ा है। पवन काजल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के इस योगदान को हिमाचल की जनता तक पहुंचाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि राहत और पुनर्वास कार्य पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश की जनता मोदी के इस निर्णय को कभी नहीं भूलेगी।

# इलेक्ट्रोहोम्योपैथी कैंप में 50 से अधिक मरीजों को जांच के बाद बांटी फ्री दवा



इलेक्ट्रोहोम्योपैथी की ओर से आयोजित चिकित्सा शिविर में 50 से अधिक मरीजों की जांच की गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

बगली स्थित सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी की ओर से आयोजित एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर में 50 से अधिक मरीजों की जांच की गई। इसमें स्थानीय ग्राम पंचायत मनेड के प्रधान मलकीत सिंह और उनके स्टाफ की तरफ़ से भरपूर सहयोग मिला।

गौरतलब है कि संस्थान में पढ़ रहे छात्रों को प्रैक्टिस के दौरान चिकित्सकीय शिविरों के माध्यम से व्यवहारिक जानकारी दी जाती है। संस्थान के निदेशक डॉ सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस माह विभिन्न पंचायतों में सात शिविर लगाए जाएंगे और रोगियों को मुफ्त उपचार उपलब्ध करवाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संजीव शर्मा मौजूद रहे और उन्होंने रोगियों का निरीक्षण किया। सर्वोदय अस्पताल के प्रबंधक हरीश कुमार ने बेहतरीन व्यवस्था करके सभी मरीजों व उनके परिजनों का स्वागत करते हुए कहा कि अस्पताल में मरीजों को आवश्यक दवाओं पर विशेष छूट दी जाएगी।

# अवस्थी महाविद्यालय का द्वितीय सेमेस्टर में परिणाम 100 प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, योल।** द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में अवस्थी शिक्षा महाविद्यालय योल ने इस वर्ष 100% परिणाम प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। सभी विद्यार्थियों के सफल होने से संस्थान में उत्सव का माहौल है। चेयरपर्सन कृष्णा अवस्थी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता मेहनत, समर्पण और सहयोग का परिणाम है। मैनेजिंग डायरेक्टर



अमित भारद्वाज ने भी इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी लगातार मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यह परिणाम हमारी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता का प्रमाण है। प्राचार्य डॉ. सुमित चौहान व संस्थान के सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता पर बधाई दी और भविष्य में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की शुभकामनाएं दीं।

## पीएमश्री स्कूलों को सीबीएसई में स्थानांतरित करने का मामला

# सीएम सुक्खू से मिला बोर्ड कर्मचारी संघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

पीएमश्री योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के 200 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड में स्थानांतरित करने के मामले के खिलाफ लामबंद हुए स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने संघ को आश्वस्त किया है कि वह खुद इस मामले को स्टडी करेंगे, उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने संघ को आश्वासन दिया है कि इस मामले को वह खुद देखेंगे। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी इसके विरोध में उतर आया है और सरकार से जल्द इस पर पुनर्विचार करने की मांग की है। संघ का मानना है कि इस योजना के तहत स्कूलों की सीबीएसई से संबद्धता अनिवार्य नहीं है, राज्य बोर्ड भी इसके तहत कार्यान्वित हो सकता है, बावजूद इसके सरकार की इस तरह की सोच बोर्ड हित में कतई नही है। गौरतलब है कि बीते दिनों इसी मुद्दे को लेकर संघ ने बोर्ड अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा को एक ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि वे उनकी आवाज को सरकार के साथ उठाएं व इन स्कूलों के होने वाले परिवर्तन को रोकें।

# टांडा में एम्स स्तर की सुविधाओं पर फोक्स: बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज में एम्स स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, इस दिशा में सरकार ने सार्थक प्रयास आरंभ किए हैं। उन्होंने कहा कि टांडा मेडिकल कालेज में ओपन हार्ट सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट के ऑपरेशन सफलतापूर्वक करने के उपरांत अब रोबोटिक सर्जरी की सुविधा भी आरंभ हो गई है इससे कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर, मंडी के कुछ क्षेत्रों के लोगों को उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अगले एक वर्ष में कांगड़ा जिला के डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा को हिमाचल प्रदेश के उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज में नए विभाग खोले जाएंगे और लोगों की सुविधा के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जाएंगे। टांडा मेडिकल कालेज में सर्जरी और डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए वेटिंग पीरियड को समाप्त करने पर विशेष कदम उठाए जा रहे हैं।

# दादा-दादी व नाना-नानी के बिना जीवन की कल्पना अधूरी: राजीव



स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल ज्वाली में ग्रैंडपेरेटेंस डे पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान। ज्वाली**

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्वाली में ग्रैंडपेरेटेंस डे पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा नर्सरी के बच्चों के दादा-दादी तथा नाना-आने को आमंत्रित किया गया। प्रोग्राम का प्रारंभ सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलित तथा तिलक लगाकर किया गया।

इसके बाद स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल द्वारा वेलकम स्पीच दी गई। जिसमें उन्होंने दादा-दादी तथा नाना नानी की महिमा पर प्रकाश डाला । उन्होंने बताया कि दादा दादी, नाना नानी के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। यह आयोजन स्कूल की सृजनात्मक और संवेदनशीलता को दर्शाने वाला अवसर बन गया। नर्सरी कक्षा के बच्चों के डांस परफॉर्मेंस में सभी का मन मोह लिया। इस प्रोग्राम में दादा-दादी तथा नाना नानी की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उनकी खेल प्रतियोगिता के बाद उन्हें गिफ्ट दिए गए तथा केक काट कर ग्रुप फोटो की गई।

प्रोग्राम के अंत में सभी ने मिलकर मनोरंजन के साथ डांस किया तथा ग्रुप फोटो ली। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निर्याल, अध्यक्ष डॉ राजेंद्र तथा एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी मेंबर्स ने इस उपलक्ष पर मुबारकबाद दी।

**अनदेखी** अब समुदाय अपने हकों की आवाज करेगा बुलंद, 20 को निकलेगी सामाजिक न्याय यात्रा

# ढाई दशक से ओबीसी की मांगें नजरअंदाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ढाई दशक से ओबीसी की मांगें लंबित पड़ी हैं, या यूं कहें कि मांगों को नजरअंदाज किया गया है। अब समुदाय एकजुट होकर अपने हकों की आवाज बुलंद करने जा रहा है, जिसके लिए बकायदा ओबीसी संघर्ष समिति का गठन किया गया है और समिति के बैनर तले 20 सितंबर को कांगड़ा से धर्मशाला तक सामाजिक न्याय यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के लिए प्रदेश भर का ओबीसी समुदाय एकजुट होकर आगे आएगा।

पिछले 25 वर्षों से उपेक्षित ओबीसी समुदाय अब एकजुट होकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने जा रहा है। यह कहना गलत न होगा कि सरकार को चेताने के लिए ओबीसी समुदाय की ओर से सामाजिक न्याय यात्रा आयोजित की जा रही है, इसके बावजूद मांगें नजरअंदाज हुई तो समुदाय उग्र आंदोलन छेड़ने की भी बात कह रहा है। साथ ही पहले ही संघर्ष समिति राज्यपाल को 20 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंप चुकी है और अब 20 सितंबर को डीसी के माध्यम से प्रदेश के सीएम को भी ज्ञापन के माध्यम भेजकर मांगों बारे अवगत करवाएगा।

### नहीं मिला आरक्षण, अब नॉट फाउंड सुटेबल: सौरभ

**ओबीसी** संघर्ष समिति के अध्यक्ष सौरभ कौंडल ने कहा कि 93वें संविधान संशोधन को प्रदेश में अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी समुदाय के बच्चों को 27 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है, जो



आज तक नहीं मिल पाया है। मंडल कमीशन की रिपोर्ट में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण का प्रावधान था, वो भी नहीं मिल पाया है। केंद्रीय विवि और विश्वविद्यालयों में ओबीसी छात्रावासों का निर्माण किया जाए। सरकारी रोजगार के लिए जो इंटरव्यू प्रक्रिया रहती है, उसमें ओबीसी के कैंडीडेट को नॉट फाउंड सुटेबल लिखकर बाहर किया जा रहा है, ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जाति आधारित जनगणना की जाए, जिससे कि समुदाय को अपनी आबादी का सही आंकड़ा मिल सके। कर्मचारी चयन आयोग और विधानसभा में भी ओबीसी को प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए।

### पार्टी से आगे नहीं बढ़े मंत्री, विधायक: राम लाल



**ओबीसी** संघर्ष समिति के महासचिव राम लाल चौधरी ने कहा कि ओबीसी समुदाय से संबंधित मंत्री व विधायक, भाजपा व कांग्रेस सरकारों में रहे, लेकिन वे पार्टी से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने कहा कि सरकार ओबीसी के आंदोलन को अनदेखा न करें, अन्यथा ओबीसी समुदाय शिमला कूच से भी गुरेज नहीं करेगा।

### कानूनी लड़ाई भी लड़नी चाहिए: आरएस राणा

**गोरखा** समुदाय से संबंधित आरएस राणा ने कहा कि नेताओं ने आज तक ओबीसी समुदाय की मांगों को अनदेखा किया है, इसके लिए हमें कानूनी लड़ाई भी लड़नी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि ओबीसी सर्टिफिकेट के नवीनीकरण में केवल आय प्रमाण पत्र लेने की व्यवस्था होनी चाहिए। ओबीसी को संविधान ने जो आरक्षण दिया है, वो उन्हें मिलना चाहिए।



### समुदाय का हर वर्ग लेगा हिस्सा: दीपक चौधरी



**चौधरी** फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक चौधरी ने कहा कि ओबीसी समुदाय अपने हकों के लिए 20 सितंबर को पैदल यात्रा निकाल रहा है, जिसमें हिमाचल सहित प्रदेश के बाहर रहे ओबीसी समुदाय के युवा व लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। लंबे समय से मांगें लंबित हैं, जिन्हें अब पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

# पंजाहड़ा के गनोह में स्थापित होगा बिजली का सब-स्टेशन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** जिला कांगड़ा की विधानसभा क्षेत्र नूरपुर की पंचायत पंजाहड़ा के गनोह में एक नई और अत्याधुनिक 33/11 केवी 2एम3.15 बिजली सब-स्टेशन की स्थापना होने जा रही है जो क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों को निर्बाध बिजली आपूर्ति करेगा। इस सबस्टेशन से स्थानीय क्षेत्रों में बिजली वितरण प्रणाली को मजबूती मिलेगी। अत्याधुनिक 33/11 केवी 2म3. 15 एमबीए विद्युत सबस्टेशन की कुल क्षमता 6. 30 एमबीए होगी जिसमें 11 केवी के 4 फीडर जिनकी कुल लंबाई तकरीबन 36 किलोमीटर रहेगी ने बिजली सबस्टेशन के बनने से न केवल बिजली की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि इन क्षेत्रों के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। यह सब-स्टेशन विशेष रुप में बढ़ती जनसंख्या बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए स्थापित किया जा रहा है। जिससे आने वाले वर्षों में किसी भी तरह की बिजली समस्या का समाधान सुनिश्चित होगा। इसके अतिरिक्त इस सबस्टेशन के माध्यम से कम वोल्टेज की समस्या भी हल हो जाएगी। यह विशेष कदम क्षेत्र वासियों की बिजली की समस्या को कम करेगा । विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सब-स्टेशन को चार बौड़, रैहन, भरमाड़ और राजा का बाग सब-स्टेशन से जोड़ा गया है अगर इन सब स्टेशनों में विद्युत सप्लाई बाधित होगी तो पंजाहड़ा के सब स्टेशन से विद्युत की आर्पूति की जानी भी सुनिश्चित की गई है। बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता विकास ठाकुर ने बताया कि नूरपुर की विभिन्न पंचायतों के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### रामलाल का घर बारिश के पानी से खतरे में

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की दाड़ी बाड़ी पंचायत में रामलाल का मकान बारिश के पानी से खतरे में है। सड़क से बहकर आने वाला पानी मकान के कमरों तक पहुंच रहा है, जिससे परिवार दहशत में है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से उचित निकासी व्यवस्था की गुहार लगाई है। लोक निर्माण विभाग झंडूता के सहायक अभियंता नितिश कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद के कारण वहां कार्य नहीं हो पा रहा है। विभाग ने जेसीबी भेजी थी, लेकिन स्थानीय विवाद के चलते कर्मचारियों को काम करने नहीं दिया गया।

### मां नेरसा देवी मंदिर में सायर मेला कल से

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** मां नेरसा देवी मंदिर में 15 से 17 सितंबर तक तीन दिवसीय सायर मेले का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित इस मेले का शुभारंभ उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) झंडूता अर्शिया शर्मा करेंगे। मेले का समापन समारोह 17 सितंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) झंडूता संजीव पुरी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मंदिर कमेटी मां नेरसा देवीके प्रधान हंसराज शर्मा ने बताया कि मेले में जागरण के साथ-साथ तीनों दिन लंगर की व्यवस्था भी होगी । श्रद्धालुओं और स्थानीय जनता से मेले में भाग लेकर मां नेरसा देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई है।

### भटेड़ के ऋतिश का वित्त एवं लेखा सेवा में चयन



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** निचली भटेड़ पंचायत के गांव बघड़ निवासी हेड कांस्टेबल ऋतिश ठाकुर (24 वर्ष) का हाल ही में हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा में चयन हुआ है। यह उपलब्धि जिला बिलासपुर और प्रदेश के लिए गौरव का विषय बनी है। ऋतिश सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार से हैं। अल्प सेवाकाल में ही उन्होंने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2025 में रांची में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में ऑफिस ऑटोमेशन इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें डीजीपी डिस्क और साइबर इन्वेस्टिगेटर बैज भी मिल चुका है। ऋतिश का कहना है कि उनकी सफलता का श्रेय वे परिवार और वरिष्ठ अधिकारियों की प्रेरणा को देते हैं। प्रदेश की जनता ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### झंडूता कॉलेज में पीटीए की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में आज अध्यापक-अभिभावक संघ (पीटीए) की वार्षिक आम सभा आयोजित की गई, जिसमें सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक महाविद्यालय के परीक्षा भवन में सुबह 11 बजे हुई। सर्वसम्मति से चुनी गई कार्यकारिणी में माला देवी अध्यक्ष, राकेश कुमार उपाध्यक्ष, प्रो. सुरेश महासचिव, मुल्क राज संयुक्त सचिव और राकेश कुमार कोषाध्यक्ष बने। सुनील कुमार नड्डा को मुख्य सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। अभिभावकों में से वंदना देवी, जगदीश सिंह और लता कुमारी सदस्य बने, जबकि महाविद्यालय की ओर से प्रो. सतीश कुमार चंदेल, डॉ. बिहारी लाल, प्रो. अर्चना शर्मा, प्रो. कमलेश कुमारी और प्रो. सपना कुमारी सदस्य बनाए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय ठाकुर ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पीटीए अध्यापकों व अभिभावकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने और कॉलेज के विकासात्मक कार्यों में सहयोग का माध्यम है।

### स्वारघाट बस स्टैंड पर जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** विधानसभा श्री नयना देवी की कुटेहला पंचायत के स्वारघाट बस स्टैंड पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांचा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था द्वारा किया गया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के साथ जरूरी टेस्ट, दवाइयां भी निशुल्क बांटी गईं और आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और धन्यवाद व्यक्त किया कि इस प्रकार की योजनाओं से उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाना है व संस्था भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित अंतराल पर आयोजित करती रहेगी, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर पंचायत प्रधान बालकृष्ण ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों से लोगों को नजदीक में ही मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिल जाती हैं।

### पहली नौसेना एनसीसी इकाई का ऐतिहासिक अभियान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में पहली बार नौसेना एनसीसी इकाई द्वारा 'शौतुद्री वंदन' सेलिंग अभियान का आयोजन होने जा रहा है। इकाई के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ 15 सितंबर को बिलासपुर से होगा, जबकि 16 सितंबर को डीसी बिलासपुर फ्लैग ऑफ करेंगे। यह 12 दिवसीय अभियान सतलुज नदी के किनारे विभिन्न पड़ावों–बिलासपुर, जकातखाना, नकराणा और रायपुर मैदान–से होता हुआ 25 सितंबर को बिलासपुर में सम्पन्न होगा। इसमें 70 कैडेट्स और 15 प्रशिक्षक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ से भाग लेंगे। कमांडर सज्जन कुमार ने बताया कि कैडेट्स नौकायन के साथ-साथ घाटों की सफाई, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण व डिजिटल इंडिया जैसे सामाजिक अभियानों पर रैलियां करेंगे। इस दौरान वे भाखड़ा और कोल डैम पावर हाउस का दौरा भी करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, साहस और टीम भावना का विकास करना है। अभियान दल में चिकित्सा दल, बचाव दल और तीन सुरक्षा नौकाएं भी शामिल होंगी।



### जिला स्तरीय प्री-आरडी कैंप 17 सितंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में जिला स्तरीय प्री आरडी कैंप का आयोजन 17 सितंबर को किया जाएगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने इस संबंध में सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के अवसर का स्वयंसेवियों को भरपूर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर अजीत कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय निदेशक चंडीगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश विवि से प्राप्त निर्देशानुसार जिला स्तरीय प्रीआरडी कैंप का आयोजन राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 17 सितंबर को किया जाएगा। इस संबंध में जिला बिलासपुर के सभी महाविद्यालयों को इसकी सूचना प्रेषित की गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद स्वयंसेवियों का चयन राज्य स्तरीय प्रीआरडी कैंप के लिए किया जाएगा।

# कम संसाधनों में बड़ी उपलब्धि

## साई खारसी पंचायत भवन का जीर्णोद्धार, जिले की अन्य पंचायतों के लिए बना प्रेरणा स्रोत

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो



पंचायत भवन, जिसमें एक ही छत के नीचे कई कार्य करवाए जा सकेंगे।

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र श्री नयना देवी जी के अंतर्गत आने वाली साई खारसी पंचायत ने अपने पंचायत भवन के जीर्णोद्धार के माध्यम से स्थानीय प्रशासन में एक नई मिसाल कायम की है। सीमित बजट में भवन का अंदर और बाहर पूरी तरह नवीनीकरण कर इसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है, जो न केवल इस पंचायत, बल्कि पूरे जिले की पंचायतों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि हिमाचल सरकार का सहयोग मिले और पंचायत प्रतिनिधियों में एकजुटता व जुनून हो तो छोटे बजट में भी बड़े बदलाव संभव हैं।

साई खारसी पंचायत, जो वर्ष 1980 में रानी कोटा पंचायत से अलग होकर 1990 में अपना पंचायत भवन निर्मित किया। पिछले 25 वर्षों से अपने पंचायत भवन की जर्जर स्थिति से जूझ रही थी। प्रधान सुश्री जागृति देवी के नेतृत्व में उपप्रधान श्यामलाल, वार्ड सदस्य लालचंद, प्रीता देवी, चंपा देवी, वीना देवी, हेमा देवी, श्याम और बाबूराम के सहयोग से इस जीर्णोद्धार कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।



जागृति देवी युवा प्रधान

इस परियोजना पर कुल 7 लाख 80 हजार रुपए व्यय किए गए। प्रधान जागृति देवी ने बताया कि अब भवन में कार्यालय के साथ एक बड़ा मीटिंग हॉल और कॉमन सर्विस रूम परिसर के अंदर बनाया है, जिसमें जल्द लोक मित्र केंद्र भी शुरू किया जाएगा।

इससे पंचायत वासियों को सरकारी कार्यों के लिए दूर-दराज भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। लोक मित्र केंद्र के माध्यम से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व रिकॉर्ड, बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, शैक्षणिक पंजीकरण, परीक्षा फार्म और ऑनलाइन नौकरी के आवेदन जैसी लगभग सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

उन्होंने बताया कि इस निर्माण के लिए पंचायतीराज विभाग से 5 लाख रुपए, डीसी बिलासपुर से 2 लाख रुपए तथा सांसद स्थानीय निधि योजना और आजीविका सहायता कार्यक्रम से 3 लाख रुपए अतिरिक्त प्राप्त हुए, जिसमें भवन और परिसर का जीर्णोद्धार संभव हुआ। युवा पंचायत प्रधान ने युवाओं के लिए रीडिंग रूम व लाइब्रेरी की भी व्यवस्था की है। अल्ट्राटेक के सहयोग से यहां कई किताबें उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा भवन में किचन तथा पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं। यह नवीनीकृत भवन प्रशासनिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के साथ-साथ बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा व सामुदायिक गतिविधियों के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगा।

प्रधान जागृति देवी ने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह का आभार जताते हुए बताया कि विभाग की ओर से समय-समय पर फंड उपलब्ध कराए गए, जिसके कारण आज पंचायत भवन और परिसर का स्वरूप बदल चुका है।

# बिलासपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के सकारात्मक परिणाम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**जन्म के समय लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार, राष्ट्रीय स्तर के आंकड़ों से बेहतर प्रदर्शन**

डीसी राहुल कुमार ने बताया कि बिलासपुर जिले में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अब ठोस नतीजे देखने को मिल रहे हैं। सात वर्षों की सतत मेहनत, जन-जागरूकता गतिविधियों और विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप जिला में जन्म के समय लिंगानुपात और बालिकाओं के लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में जिला का जन्म के समय लिंगानुपात 968 था, जो वर्ष 2022 में नीचे गिरकर 885 हो गया था, लेकिन विभिन्न विभागीय समन्वित प्रयासों से वर्ष 2024-25 में बढ़कर 987 तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि जब जिले में जन्म के समय लिंगानुपात में गिरावट दर्ज होने लगी, तब प्रशासन ने विशेष रणनीति अपनाते हुए उन पंचायतों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाए, जहां यह अनुपात चिंताजनक था।

उन्होंने कहा कि इस दौरान बेटी जन्मोत्सव, माता-शिशु बैठकें, पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम, करियर काउंसिलिंग, एक्सपोजर विज़िट, स्वास्थ्य जांच और 'एक बूटा बेटी के नाम' जैसी गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा वर्कर्स की सक्रिय भागीदारी से आज बिलासपुर जिले के लिंगानुपात आंकड़े राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर हुए हैं। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंगानुपात 929 और प्रदेश स्तर पर 968 है, जबकि बिलासपुर ने 987 का औसत दर्ज किया है। 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग में बालिकाओं का लिंगानुपात भी वर्ष 2023-24 में 952 से बढ़कर 2024-25 में 960 तक पहुंच चुका है, जो राष्ट्रीय औसत 919 और प्रदेश औसत 972 के करीब है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उपलब्धि महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सभी संबंधित विभागों और समाज के समन्वित प्रयासों से ही संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान ने समाज में बेटियों के महत्व को लेकर सकारात्मक सोच विकसित की है। आने वाले समय में भी इसी तरह के समन्वित प्रयासों से बिलासपुर जिले में और बेहतर नतीजे सामने आएंगे।

# विजयदशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य आयोजन, प्रदेश में 200 कार्यक्रम होंगे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विजयदशमी उत्सव और संघ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष 2 अक्तूबर को भव्य आयोजन करने जा रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। हिमाचल प्रदेश में इस अवसर पर लगभग 200 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संघ की परंपरा के अनुसार विजयदशमी उत्सव केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक पर्व ही नहीं है, बल्कि संगठन की शक्ति और अनुशासन का भी प्रतीक है। इस बार विशेष रूप से नए स्वयंसेवकों को जोड़ने और समाज के हर वर्ग तक संगठन का संदेश पहुंचाने पर बल दिया जा रहा है।

तैयारियों के अंतर्गत सभी स्वयंसेवकों के लिए गणवेश सिलवाने और उपलब्ध कराने का कार्य शुरू हो गया है। वहीं, नए स्वयंसेवकों के लिए संघ परिचय वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वे संगठन की कार्यप्रणाली और मूल विचारधारा से अवगत हो सकें। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रमों में सांस्कृतिक आकर्षण बढ़ाने के लिए घोष (बैंड वादन) की विशेष तैयारी भी चल रही है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक नगर खंड में विजयदशमी और स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में अनुशासनबद्ध पथ संचलन, घोष वादन, शाखा प्रदर्शन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। स्थानीय कार्यकर्ताओं और समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों को भी इन आयोजनों में आमंत्रित किया जाएगा। बिलासपुर जिले में भी तैयारियां जोरों पर हैं। जिले के घुमारवीं, झंडूता, श्री नयना देवी और स्वारघाट नगर खंडों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में पथ संचलन, घोष वादन, शाखा प्रदर्शन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

स्वयंसेवक नियमित अभ्यास कर रहे हैं और समाज के प्रबुद्धजनों को भी इन आयोजनों में आमंत्रित किया जा रहा है। गांव और कस्बों में शाखा स्तर पर अभ्यास, घोष दल की नियमित रिहर्सल और गणवेश वितरण की गतिविधियां जारी हैं। संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस वर्ष का विजयदशमी उत्सव विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह समाज को एकजुट करने और राष्ट्रहित में नई ऊर्जा जगाने का अवसर बनेगा।

# आईटीआई घुमारवीं को मिलेगा अपना भवन, धनराशि स्वीकृत : धर्माणी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री राजेश धर्माणी।

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) घुमारवीं को आने वाले समय में अपना भवन मिलेगा। उन्होंने कहा कि आईटीआई के भवन निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने प्रारंभिक तौर पर 6 करोड़ रुपए की धनराशि भवन निर्माण एजेंसी हिमुडा को उपलब्ध करवा दी गई है तथा शेष धनराशि भी चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस भवन निर्माण पर लगभग 15 करोड़ रुपए व्यय किये जाएंगे। राजेश धर्माणी आज लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह घुमारवीं में जन समस्याएं सुन रहे थे।

उन्होंने कहा कि घुमारवीं आईटीआई को अपना भवन उपलब्ध हो जाने पर प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि भराड़ी आईटीआई भवन निर्माण के लिए भी जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन उपलब्ध हो जाने पर भराड़ी आईटीआई के लिए भी समुचित धनराशि उपलब्ध करवाकर भव्य भवन निर्माण किया जाएगा, ताकि हमारे युवाओं को घर के समीप ही बेहतर तकनीकी प्रशिक्षण की सुविधा सुनिश्चित हो सके।

इस मौके पर उन्होंने जन समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार की विभिन्न सेवाओं को कुशलता, पारदर्शिता और सीधे लोगों तक पहुंचाने के लिए डिजिटल तकनीक का व्यापक इस्तेमाल सुनिश्चित बनाया है। उन्होंने कहा कि आज राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों की 315 सेवाएं हिमाचल ऑनलाइन सेवा (ई-डिस्ट्रिक्ट) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं, ताकि लोग घर बैठे सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकें।

नागरिक शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री सेवा संकल्प (एमएमएसएस) हेल्पलाइन 1100 एक प्रभावी मंच के रूप में कार्य कर रही है। इससे न केवल आम लोगों के धन व समय की बचत भी हो रही है बल्कि लोगों को विभिन्न सरकारी सेवाओं का समयबद्ध लाभ भी सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने अब तक के सेवाकाल में विभिन्न विभागों की सेवाओं का डिजिटलीकरण भी किया है ताकि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के यह कदम नागरिकों को समयबद्ध और प्रभावी सेवा उपलब्ध करवाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## भारतीय जवान किसान पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ करेगी आवाज बुलंद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय जवान किसान पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं प्रदेशाध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि देश व प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी विभागों में आम आदमी को सम्मानपूर्वक व्यवहार नहीं मिलता और अधिकारी जनता की समस्याओं को अनदेखा करते हैं। पत्रों पर जानकारी देने के बजाए टालमटोल की जाती है और वरिष्ठ नागरिकों तक को सम्मान नहीं मिलता।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में नशा, ठेकेदारी प्रथा और प्रशासनिक घमंड ने जनजीवन को प्रभावित किया है। कुछ कर्मचारी अतीत भूलकर अभद्रता करते हैं, जो शर्मनाक है। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि सोशल मीडिया के दौर में कोई भी फुटेज वायरल होकर अधिकारियों की छवि बिगाड़ सकता है। पार्टी ने समाज में बदलाव लाने का संकल्प लिया है और जनता से समर्थन की अपील की है 'जागो और जगाओ, देश बचाओ।'

# बैहनाजट्टां पंचायत में आतंक का पर्याय बने आवारा कुत्ते

अनंत ज्ञान, झंडूता

बिलासपुर जिले के झंडूता विकास खंड की बैहनाजट्टां पंचायत में आवारा कुत्ते आतंक का पर्याय बन गए हैं। झुंडों में शिकार करने वाले जंगली कुत्तों की तरह इस पंचायत में आवारा कुत्ते आए दिन बकरियों और छोटे मवेशियों पर हमला कर रहे हैं। अब तक वे लगभग आधा दर्जन बकरियों को मौत के घाट उतारने के साथ ही कई मवेशियों को घायल भी कर चुके हैं। इससे ग्रामीण अपने पालतू मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

लोगों के अनुसार वे कई बार ऑनलाइन कंपलेंट भी कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बैहनाजट्टां निवासी रणजीत जमवाल, अशोक जमवाल, राजेंद्र, बिट्टू, ओमप्रकाश, सुभाष, ज्ञानचंद, रमेश चंद, कश्मीर सिंह, उपेंद्र शर्मा व अमरनाथ शर्मा आदि के अनुसार पंचायत क्षेत्र में पिछले काफी समय से आवारा कुत्तों की वजह से दहशत का माहौल है। इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। झुंडों में रहने वाले ये कुत्ते बकरियों और छोटे मवेशियों को निशाना बना रहे हैं। अब तक वे 5-6 बकरियों को मौत के घाट उतार चुके हैं। इसके अलावा वे कई बकरियों और गाय-भैंस के बछड़ों को नोचकर घायल भी कर चुके हैं। गत शुक्रवार को ऐसे ही एक झुंड में शामिल कुत्तों ने रणजीत की बकरी को लहूलुहान कर दिया। उसे कुत्तों के चंगुल से छुड़ाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

बुरी तरह से घायल हुई बकरी का बाद में इलाज करवाया गया। उन्हें डर है कि यदि कुत्तों का आतंक इसी तरह जारी रहा तो आने वाले समय में वे बच्चों और अन्य लोगों पर भी हमला कर सकते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से उन्हें आवारा कुत्तों के खौफ से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।


# 'बंदोबस्त योजना' लाए सरकारें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**पर्यावरणविद् प्रकाश चंद शर्मा ने सरकार को दिया अनोखा सुझाव**

**आपदा पीड़ितों को नया जीवन देने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर होगा साबित**

हिमाचल प्रदेश की हालिया आपदा ने सैकड़ों परिवारों को उजाड़ दिया है। पहाड़ खिसक गए, खेत बह गए और लोगों की पुश्तैनी जमीन मलबे में तब्दील हो गई। ऐसे कठिन समय में पर्यावरणविद् प्रकाश चंद शर्मा ने राज्य और केंद्र सरकार को एक अनूठा सुझाव दिया है, जो आपदा पीड़ितों को नया जीवन देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो सकता है।



शर्मा का कहना है कि सरकार को 'बंदोबस्त योजना' लानी चाहिए। इसके तहत आपदा में खराब हो चुकी जमीन को वन विभाग के खाते में डाला जाए और बदले में वन विभाग की सुरक्षित, बिना पेड़ों वाली जमीन आपदा प्रभावितों के नाम की जाए। इस बट्टा-सट्टा से वन विभाग की कुल जमीन जस की तस रहेगी और प्रभावित परिवारों को घर बनाने के लिए नई जमीन मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि इस आपदा में सबसे ज्यादा नुकसान ईस्ट फेंसिंग पहाड़ों पर हुआ है, लेकिन इन पहाड़ों की खासियत यह है कि यहां पेड़ अपने आप उग आते हैं।

वहीं, वेस्ट फेसिंग पहाड़ घर बनाने के लिए सबसे उपयुक्त माने जाते हैं और अधिकतर पेड़ रहित भी होते हैं। यदि आपदा पीड़ितों को वेस्ट फेसिंग पहाड़ों पर जमीन दी जाए तो उन्हें सुरक्षित आशियाना मिलेगा और ईस्ट फेंसिंग पहाड़ों पर और अधिक जंगल तैयार हो जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी लगातार केंद्र सरकार से यह मांग उठा रहे हैं कि आपदा राहत केवल मुआवजे तक सीमित न रहे बल्कि स्थायी समाधान के लिए ठोस नीति बने। शर्मा का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री की इस पहल को केंद्र का समर्थन मिलता है तो हिमाचल आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण का एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

पर्यावरणविद् ने जनता से भी अपील की है कि वे इस मुहिम को समर्थन दें और सोशल मीडिया से लेकर सरकार व प्रशासन तक अपनी आवाज़ पहुंचाएं। उनका मानना है कि यदि यह योजना लागू हो जाती है तो यह न केवल आपदा पीड़ितों को राहत देगी, बल्कि हिमाचल के पर्यावरण को और अधिक सशक्त बनाएगी।

# जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 16 सितंबर से चलेगा जन अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**मोटापा घटाने और संतुलित आहार को बढ़ावा देने पर रहेगा फोकस : डीसी राहुल कुमार**

बिलासपुर जिले में पोषण अभियान के अंतर्गत 16 सितंबर से 16 अक्तूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। यह जन आंदोलन विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पोषण माह की थीम 'मोटापा घटाने और संतुलित आहार को बढ़ावा देने' पर केंद्रित रहेगी। इसके तहत चीनी, नमक और तेल का सीमित सेवन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा, साथ ही, कुपोषण और अतिपोषण जैसी समस्याओं के बारे में भी लोगों को अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक बचपन की देखभाल एवं शिक्षा 'पोषण भी, पढ़ाई भी' विशेष अभियान के रूप में मनाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा, साथ ही सिंगल-यूज़ प्लास्टिक कम करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा और पोषण वाटिकाओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए पोषण चौपाल, पिता-केंद्रित कार्यशालाएं तथा पुरुष अभिभावकों की प्रेरणादायक कहानियों को मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी पोषण माह 2025 को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नुक्कड़ नाटक, रेडियो जिंगल, स्क्रीन पर जनसंदेश, तथा स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों और संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें और एक सुपोषित जिला बनाने में सहयोग दें।

**पहल** जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल के नेतृत्व में साहित्यकारों और कलाकारों का बढ़ा जुड़ाव

# साहित्य, संस्कृति और कला के क्षेत्र में अद्वितीय प्रगति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग का बिलासपुर कार्यालय इन दिनों साहित्य, संस्कृति और कला के क्षेत्र में अद्वितीय प्रगति कर रहा है। जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल के नेतृत्व में विभाग ने न केवल अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, बल्कि स्थानीय साहित्यकारों, कलाकारों और युवा प्रतिभाओं को जोड़कर एक नई सांस्कृतिक लहर भी पैदा की है।



नीलम चंदेल
जिला भाषा अधिकारी

नीलम चंदेल का मानना है कि 'भाषा और संस्कृति किसी भी समाज की आत्मा होती है। यदि हम अपनी लोक परंपराओं और साहित्यिक धरोहर को जीवित रखेंगे, तभी हमारी पहचान सुरक्षित रहेगी।' इसी सोच के साथ विभाग लगातार ऐसे आयोजन कर रहा है, जिनसे स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिल सके और उनकी पहचान राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे।

**विविध गतिविधियां और आयोजन :** भाषा विभाग ने हाल के वर्षों में कई साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इनमें कवि सम्मेलन, संगोष्ठियां, नाट्य प्रस्तुतियां और लोकसंगीत कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहे। इन आयोजनों में न केवल वरिष्ठ साहित्यकारों और कलाकारों को आमंत्रित किया गया बल्कि नए लेखकों और उभरती प्रतिभाओं को भी अवसर दिया गया।

विभाग ने विद्यालय स्तर पर भी विशेष गतिविधियां शुरू की हैं। डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट, निबंध प्रतियोगिताएं और लोकगीत प्रस्तुतियों जैसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों में भाषा और संस्कृति के प्रति लगाव बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

### कलाकारों से सीधा जुड़ाव

**विभाग** ने चित्रकला, हस्तशिल्प और लोकनाट्य से जुड़े कलाकारों को भी मंच प्रदान किया है। विशेष कार्यशालाओं और प्रदर्शिनियों के माध्यम से कलाकारों को न केवल प्रोत्साहन मिला, बल्कि उन्हें अपने हुनर को बेचने और आगे बढ़ाने का अवसर भी मिला।

### भविष्य की क्या है योजना ?

**विभाग** आने वाले समय में 'एक जिला, एक संस्कृति' अभियान के तहत बिलासपुर की सांस्कृतिक धरोहर को और अधिक प्रचारित करने की योजना बना रहा है। इसके तहत न केवल स्थानीय परंपराओं को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी बिलासपुर की पहचान मजबूत होगी।

**प्रकाशन और दस्तावेजीकरण :** भाषा विभाग ने बिलासपुर की स्थानीय बोली, गीतों और लोककथाओं को संरक्षित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विभाग समय-समय पर स्मारिकाएं और साहित्यिक संकलन प्रकाशित कर रहा है, जिनमें जिले के लेखकों की रचनाओं को स्थान दिया जाता है।

**एक सांस्कृतिक परिवार का निर्माण :** नीलम चंदेल के नेतृत्व में विभाग ने बिलासपुर के साहित्यकारों और कलाकारों को एक परिवार की तरह जोड़ दिया है। नियमित बैठकों, मेल-मिलाप और साझा आयोजनों से अब हर वर्ग का कलाकार खुद को विभाग से जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है। स्थानीय साहित्यकारों का कहना है कि विभाग की यह पहल उनके लिए संजीवनी साबित हो रही है। जहां पहले साहित्यिक गतिविधियां सीमित दायरे में सिमटकर रह जाती थीं, वहीं अब इन्हें जिला स्तर पर व्यापक पहचान मिलने लगी है।

# कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर भगेड़ में बना सर्विस रोड ध्वस्त, नहीं ले रहा कोई सुध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**भारी बारिश से नुकसान के 8 दिन के बाद भी नहीं हुआ मरम्मत का कार्य शुरू**

कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर भगेड़ में बना सर्विस रोड पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण पूरी तरह बहकर ध्वस्त हो गया है। यह सड़क बिलासपुर से फोरलेन तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग है, लेकिन प्रशासन की खामोशी और उदासीनता ने स्थानीय जनता को दुर्घटना की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। इस सड़क के पूरी तरह बंद होने के कारण स्थानीय लोग मजबूरी में गलत दिशा से वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं।

भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष एवं औहर के पूर्व प्रधान देश राज शर्मा ने कड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि यह प्रशासन की घोर लापरवाही है कि ऐसी गंभीर स्थिति के बावजूद आज तक कोई मरम्मत कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क पिछले 8 दिनों से बंद पड़ी है। बावजूद इसके इसे खोलने और ठीक करने की प्रशासन ने कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा कि गलत दिशा में वाहन चलने से यहां पर कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने बताया कि यह सड़क औहर की पुरानी सड़क थी तथा पलथीं के पास जाकर फोरलेन में मिलती है।

इस व्यस्त सड़क को इतना लंबा अर्सा बीत जाने के बावजूद भी प्रशासनिक स्तर पर इसे ठीक करवाने की जहमत नहीं उठाई गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जन सुरक्षा से किया जा रहा खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए। अन्यथा स्थानीय लोगों को सड़कों पर उतरकर आवाज उठाने पर विवश होना पड़ेगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### योगासन प्रतियोगिता के लिए चंबा के खिलाड़ी रवाना

**डीके शर्मा, अनंत ज्ञान।** चंबा। चंबा योगा एसोसिएशन के 30 होनहार खिलाड़ी शनिवार को जोश और उमंग के साथ कांगड़ा रवाना हुए। यह दल राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रतियोगिता का आयोजन हिमाचल योगा एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है, जो 13 और 14 सितंबर को कांगड़ा जिला मुख्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में संपन्न होगी। चंबा योगा एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी संतोष कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चंबा जिले के 30 प्रतिभागी विभिन्न वर्गों में भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों को रवाना करते समय एसोसिएशन के अध्यक्ष चैत्र सेन और उपाध्यक्ष विपिन वोहरा ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और कहा कि यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर है। राज्य स्तरीय इस आयोजन में 700 से अधिक प्रतिभागी अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खास बात यह है कि प्रतियोगिता में 8 साल से लेकर 65 साल तक के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी योग प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता कर्नाटक में होगी, जबकि जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता झारखंड में आयोजित की जाएगी।

### मैहला में भूस्खलन से यातायात प्रभावित

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवाला।** मैहला में शुक्रवार देर रात हुए भारी भूस्खलन से राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए बंद हो गया, जिससे यातायात दोनों तरफ से बाधित रहा। इस दौरान गाडियों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार सुबह लोक निर्माण विभाग की मशीनरी मौके पर पहुंची और अवरुद्ध पड़े रास्ते का काम शुरू किया गया।



### विधायक डीएस ठाकुर ने किया गुनियाला का दौरा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने शनिवार को ग्राम पंचायत ओसल के खोड़गोठ में बादल फटने से गुनियाला क्षेत्र में हुए भारी नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी व्यथा सुनी और संवेदनाएं प्रकट कीं। भारी बारिश और बादल फटने की इस प्राकृतिक आपदा से गुनियाला में भारी तबाही हुई है, जिससे ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गुनियाला के पीड़ितों को हरसंभव सहायता और राहत प्रदान की जाएगी ताकि उनका जीवन जल्द सामान्य हो सके।

### गुईला में आपदा प्रभावितों से मिले विधायक हंसराज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. हंसराज ने ग्राम पंचायत गुईला के अनियंडा, इलवास, बैड़ा, सतलोग और मनसा गांव का दौरा कर आपदा प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब प्रकृति अपना कहर बरपाती है, तब पीड़ित जनमानस की सबसे बड़ी आस सरकार की राहत और सहयोग पर ही टिकी रहती है। विधायक ने बताया कि इन गांवों में हालात बेहद गंभीर हैं। कई परिवारों के घरों में मलबा भर गया है, जबकि डंगे टूट जाने से अनेक मकान असुरक्षित हो गए हैं। मजबूरन लोग अपने घर छोड़कर टेंटों और रिश्तेदारों के घरों में शरण लेने पर विवश हैं। डॉ. हंसराज ने चिंता जताई कि यहां न तो मीडिया की पहुंच है और न ही नेटवर्क की सुविधा, जिसके कारण प्रभावित परिवारों की वास्तविक स्थिति सरकार तक नहीं पहुंच पा रही। उन्होंने कहा कि जब सामान्य दिनों में भी सरकारी प्रतिनिधि इन क्षेत्रों में नहीं पहुंचते, तो आपदा जैसी विपरीत परिस्थितियों में उनसे क्या अपेक्षा की जाए। विधायक ने बताया कि वे लगातार स्थानीय परिवारों के संपर्क में हैं और भाजपा मंडल के माध्यम से यथासंभव राहत उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित परिवारों की पीड़ा अपनी आंखों से देखने के बाद उन्होंने कहा कि उनका हृदय व्यथित हो उठा है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इन परिवारों को प्राथमिकता से आवास उपलब्ध कराने के लिए वे वचनबद्ध हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया कि वह शीघ्र किसी मंत्री को चुराह भेजें, ताकि हालात का प्रत्यक्ष आकलन हो सके और पीड़ित जनता को सरकार की ओर से समुचित सहयोग प्राप्त हो सके।

# बड़े वाहनों के लिए पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे खुला

## एनएचएआई अधिकारियों ने की बस में सफर कर सड़क की जांच

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

भरमौर। पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे शनिवार को बड़े वाहनों के लिए भरमौर तक खुल गया है। शनिवार को सुबह ही एनएचएआई के अधिशाषी अभियंता वह दूसरे अधिकारियों ने स्वयं बस में बैठकर भरमौर तक सफर किया, ताकि कहीं किसी जगह कोई दिक्कत हो उसे भी जल्द ही ठीक किया जा सके। इसके बाद निगम की सभी बसें भरमौर पहुंच गई हैं। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण लैंड स्लाइड के चलते सड़क कई जगह पूरी तरह से टूट गई थी। इसके बाद विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद इस सड़क को रिकार्ड समय में बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया है। इससे पहले की क्यास लगाए जा रहे थे कि चंबा से भरमौर तक बड़े वाहनों को पहुंचने के लिए कम से कम एक महीने से ज्यादा का समय लगेगा, लेकिन विभाग ने दो हफ्तों के भीतर ही युद्ध स्तर पर कार्य करके इस सड़क को बड़े वाहनों के लिए खोल दिया है।

### क्या कहते हैं अधिशाषी अभियंता

**अभी** भी कई जगह हल्का-हल्का लैंडस्लाइड हो रहा है। विभाग ने जगह-जगह मशीनरी खड़ी की है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में सड़क को तुरंत बहाल किया जा सके। अधिशाषी अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण मीत शर्मा ने कहा है कि शनिवार को बस के लिए सड़क चंबा से भरमौर तक पूरी तरह बहाल कर दी गई है। गौरतलब है अभी तक भी भरमौर में सैकड़ों वाहन मणिमहेश यात्रियों के फंसे हुए हैं जिन्हें वापस ले जाना वालों की काफी लंबी लाइनें लग रही हैं। 26 अगस्त को यह सड़क सभी प्रकार के वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद होगई थी। उधर, प्रशासन द्वारा संपर्क मार्गों को खोलने के लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

### महालू नाले पर हल्के वाहनों की आवाजाही शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** 13 सितंबर से महालू नाले पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अथक प्रयासों से हल्के वाहनों के लिए यातायात बहाल कर दिया गया है। इससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को बड़ी राहत मिली है।

अधिकारियों के अनुसार, भारी वाहनों के लिए मार्ग को भी शीघ्र ही चालू कर दिया जाएगा। वर्तमान में बीआरओ अपनी पूरी क्षमता और संसाधनों के साथ धरवास नाले पर क्षतिग्रस्त बैली ब्रिज की मरम्मत और बहाली कार्य में जुटा हुआ है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बीआरओ के इस त्वरित प्रयास से क्षेत्र में आवागमन की मुश्किलें काफी हद तक कम हो गई हैं। साथ ही, ब्रिज बहाल होने के बाद पांगी घाटी का संपर्क और सुचारु हो जाएगा। यह खबर न सिर्फ बीआरओ की कार्यकुशलता को दर्शाती है, बल्कि पांगी घाटी के लोगों के लिए नई उम्मीद भी लेकर आई है।

# विधायक नीरज नैय्यर ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**



दौरे के दौरान लोगों से बातचीत करते विधायक नीरज नैय्यर।

विधायक नीरज नैय्यर ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगला, टापूंन, कुपाहडा, खज्जियार, रठियार, बकतपुर, बसौधन और कोलका में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं तथा हरसंभव सहायता व सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और राहत एवं पुनर्वास कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहें हैं।

विधायक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण, सड़क, पेयजल, विद्युत व संचार सेवाओं की बहाली तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारु बनाए रखने हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन को लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता से पूरा करने और प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए।

**बोले-राहत व पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर जारी**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों की हर समस्या को गंभीरता से ले रही है और चंबा विधानसभा क्षेत्र में भी राहत व पुनर्वास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। गौरतलब है कि विधायक नैय्यर लगातार विधानसभा क्षेत्र चंबा के तहत सभी आपदा प्रभावित पंचायतों में स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का जायेजा ले रहे हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक योजनाएं भी तैयार की जा रही हैं, ताकि ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए स्थायी समाधान मिल सके।

# मनीष सरीन की पहल लाई रंग, बनीखेत में मल्टी-लेयर पार्किंग पर सरकार हरकत में

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



**डलहौजी।** विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मनीष सरीन द्वारा बनीखेत नगर में मल्टी-लेयर पार्किंग सुविधा के निर्माण को लेकर उठाई गई मांग पर सरकार ने संज्ञान लिया है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि मनीष सरीन द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन की प्रति संलग्न की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के प्रधान अभियंता (पीडब्ल्यूडी), निगम विहार शिमला को इस पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि बनीखेत चम्बा जिले का प्रमुख पर्यटन ट्रांजिट प्वाइंट है और डलहौजी जाने वाले अधिकांश पर्यटक इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। पर्यटक सीज़न में यहाँ भारी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है। वर्तमान में बनीखेत बाज़ार में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। मनीष सरीन ने अपने पत्र में सुझाव दिया था कि पीडब्ल्यूडी के परित्यक्त भूमि क्षेत्र, जो पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बनीखेत और ग्राम पंचायत पुखरी प्रवेश द्वार के बीच स्थित है, को इस मल्टी-लेयर पार्किंग सुविधा के लिए उपयुक्त स्थान के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

प्रस्तावित सुविधा में 100 से 150 वाहनों के खड़े होने की क्षमता, दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए अलग सेक्शन, ईवी चार्जिंग स्टेशन, सीसीटीवी निगरानी, वर्षा जल संचयन और अग्नि सुरक्षा प्रणाली जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी।

सरकार द्वारा मामले पर त्वरित संज्ञान लिए जाने से स्थानीय लोगों और व्यापारियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही बनीखेत को एक आधुनिक पार्किंग सुविधा का लाभ मिलेगा।

# 30 साल बाद चंबा ने झेली आपदा, राजनीति से ऊपर उठकर राहत कार्यों पर जोर: नैय्यर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने शनिवार को पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि इस वर्ष श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान चंबा ने 30 वर्षों बाद एक ऐसी आपदा का सामना किया, जिसे ऐतिहासिक कहा जा सकता है। वर्ष 1995 के बाद पहली बार जिले को इतनी बड़ी चुनौती झेलनी पड़ी है। इस बार हुई बरसात कई साल की तुलना में कहीं अधिक रिकॉर्ड की गई। हालात इतने गंभीर थे कि कई जगह ऑप्टिक फाइबर लाइनों को नुकसान पहुँचा और पूरे क्षेत्र का मोबाइल नेटवर्क लगभग 72 घंटे तक ठप रहा।

विधायक ने बताया कि उस समय विधानसभा सत्र चल रहा था, जहां उन्होंने यह मुद्दा सदन में उठाया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इसे गंभीरता से सुना और सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। इसके बाद बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी पैदल प्रभावित इलाकों तक पहुंचे, उनके साथ ही पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह और अंततः मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी चंबा पहुंचे।

नीरज नैय्यर ने कहा कि इस कठिन घड़ी में सरकार ने प्रदेशवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का संकल्प दिखाया। उन्होंने विशेष तौर पर स्थानीय लोगों और चंबा की जनता का धन्यवाद किया, जिन्होंने आपदा के समय श्री मणिमहेश यात्रा पर आए श्रद्धालुओं को अपने घरों में ठहराया, भोजन और सेवा प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह मानवीयता का ऐसा उदाहरण है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। जैसे-जैसे रास्ते बहाल हो रहे हैं, लोग अब अपने वाहन भी भरमौर से वापस ला पा रहे हैं।

विधायक नैय्यर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह आपदा राजनीति का विषय नहीं होनी चाहिए। यह समय एक-दूसरे पर आरोप लगाने का नहीं, बल्कि मिलकर पीड़ितों की मदद करने का है। अस्पताल शिफ्टिंग को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह तभी संभव होगा जब दूसरे चरण का कार्य पूरा होगा।

# चुराह में आपदा प्रभावितों मिले यशवंत खन्ना ने लोगों का दर्द बांटा

**अनंत ज्ञान, चुराह**



चुराह में आपदा प्रभावित गांवों का दौरा करते यशवंत खन्ना।

चुराह विधानसभा क्षेत्र के 2022 के कांग्रेस प्रत्याशी यशवंत खन्ना इन दिनों लगातार आपदा प्रभावित गांवों का दौरा कर रहे हैं। सलोह, ढाड, देहरा, पटोलू, घियुणी, खणोट, भांडी सहित कई इलाकों में हुई भारी तबाही से स्थानीय लोगों के जीवन पर गहरा संकट छा गया है। कई परिवारों के आशियाने उजड़ गए हैं और लोग कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

यशवंत खन्ना ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख-सुख साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन से निरंतर संपर्क बनाकर राहत और पुनर्वास कार्यों को गति देने की मांग की गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पीड़ितों की हरसंभव मदद करेंगे और राहत व पुनर्वास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे। खन्ना ने कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि इस संकट की घड़ी में हम सब मिलकर पीड़ितों के साथ खड़े रहें। मैं स्वयं पूरी ताकत से प्रभावित परिवारों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहूँगा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी यशवंत खन्ना के दौरे को सराहा और कहा कि इस तरह का सहयोग उनके मनोबल को मजबूत करता है।

# धर्मपुर के रौह सापड़ी में भारी भूस्खलन, कई घरों को खतरा

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



भूस्खलन क्षेत्र का दौरा करते हुए रजत ठाकुर व कविता शेखर।

सरसकान पंचायत के रौह सापड़ी गांव में शनिवार रात भारी भूस्खलन से कई घर खतरे की जद में आ गए। प्रभावित परिवारों ने पूरी रात दूसरे घरों में शरण लेकर बिताई। अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, देर शाम हुए भूस्खलन से गांव के बीचों-बीच दरारें पड़ गईं। देखते ही देखते मिट्टी व मलबा कई घरों तक जा पहुंचा। कुछ घरों की दीवारों में भी दरारें आ गई हैं। लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर जान बचाई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल, भाजपा नेता रजत ठाकुर और विधायक की पत्नी कविता शेखर मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार भी दल-बल सहित मौके पर मौजूद रहे।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के कारण पहाड़ी लगातार खिसक रही है। प्रशासन से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की गुहार लगाई जा रही है। एसडीएम ने राजस्व विभाग को नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

# सुक्खू सरकार में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में आगे बढ़ रहा हिमाचल: जीवन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

सीएम सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर आ गया है। वहीं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी राज्य जल्द ही पहला पायदान हासिल करेगा। कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने जोगिंद्रनगर में पत्रकारवार्ता में बताया कि जोगिंद्रनगर के बाल स्कूल, कन्या स्कूल, हराबाग और गुम्मा के शिक्षण संस्थानों को सीबीएसई का दर्जा दिलाने के लिए काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि पांडों, मकोड़ा, दुहग और नागन गांवों के लोग लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या से परेशान थे, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को दूर करने के लिए एक करोड़ की लागत से 63 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिससे अब लो वोल्टेज की समस्या खत्म हो जाएगी। ठाकुर ने बताया कि आपदा में क्षतिग्रस्त घरों के लिए देश में जहां अधिकतम डेढ़ लाख रुपए दिए जाते हैं, वहीं हिमाचल में यह राशि 7 लाख कर दी गई है। जोगिंद्रनगर में 15 प्रभावितों को इसका लाभ मिला है। इसके अलावा, सामान के नुकसान पर मिलने वाली 15 हजार की राशि को बढ़ाकर 70 हजार रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय संकट के बावजूद, सरकार आपदा के समय लोगों की मदद के लिए आगे आई है। हालांकि, वन भूमि पर घर बनाने का मामला केंद्र सरकार के अधीन है।

उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर अस्पताल में मरीजों को सीटी स्कैन की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने विपक्ष को स्वास्थ्य सुविधाओं पर राजनीति न करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि बड़ोंन पुल से कुंनकतर तक 30 किलोमीटर के दायरे में कोई पुल नहीं था, जिससे बरसात के मौसम में लोगों को परेशानी होती थी। अब भरमेरा पुल के लिए 12.30 करोड़ का एस्टीमेट मंजूर किया गया है और 4 करोड़ की राशि भी स्वीकृत हो गई है। इसका लाभ जल्द ही लोगों को मिलेगा। इस मौके पर बीडीसी उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, महिला नेत्री अंजना ठाकुर, प्रधान सपना देवी, बीडीसी जोगिंदर सिंह, रोटेरियन रामलाल वालिया और पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद प्यार चंद भी मौजूद थे।

# बस अड्डा सुंदरनगर में घूम रहे बेसहारा पशु

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** बेसहारा पशुओं की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है, जिससे पिछले कई वर्षों से जहां किसान वर्ग को फसल नुकसान झेलना पड़ रहा है, वहीं अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सुंदरनगर बस अड्डा में बेसहारा पशुओं के झुंड अकसर मंडराते देखे जा सकते हैं जो यात्रियों इत्यादि के लिए खतरे की घंटी बजाते रहते हैं। ऐसे ही दृश्य बस अड्डा सुंदरनगर में देखने को मिलते ही रहते हैं। यहां बेसहारा पशु अड्डा प्रभारी आदि एचआरटीसी कार्यालय के निकट मस्ती में घूमते विचरते देखे गए हैं, जिनसे डरकर यात्री भाग खड़े होते हैं और उनका सामान बस अड्डे में ही पड़ा रह जाता है। ऐसे में सामान चोरी होना स्वाभाविक सी बात है।

लोगों का कहना है कि पहले कई बार बेसहारा पशु नियंत्रण नीति को लेकर सरकार से मांग उठाई जा चुकी है, मगर अभी तक इस दिशा में किसी भी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है। लोगों ने सीएम सुक्खू से मांग की है कि वह बेसहारा पशुओं के लिए शीघ्र ही कारगर ढंग की नियंत्रण नीति बनाए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 15,747 मामलों का निपटारा, 17.11 करोड़ का हुआ समझौता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज सिविल एवं सत्र न्यायालय मंडी में किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने जिला न्यायालय मंडी का दौरा किया और लोक अदालत की कार्यवाही का निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण मंडी की ओर से आयोजित इस लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन और लंबित मामलों सहित कुल 27,680 मामलों को सूचीबद्ध किया गया, जिनमें से 15,747 मामलों का निपटारा आपसी सहमति और सुलह के आधार पर किया गया।

**न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने जिला न्यायालय मंडी का दौरा कर किया लोक अदालत की कार्यवाही का निरीक्षण**

इन मामलों के निपटारे से लगभग 17.11 करोड़ रुपये की राशि का समझौता हुआ। इस लोक अदालत में बैंक वसूली, वाहनों के चालान, मोटर दुर्घटना दावा याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, राजस्व, फौजदारी और दीवानी सहित विभिन्न श्रेणियों के मामले रखे गए। इसमें अकेले मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित 14,817 मामलों का निपटारा किया गया। इसी प्रकार चेक बाउंस से जुड़े 366 मामलों का निपटारा कर 9.91 करोड़ रुपए की राशि का समझौता हुआ।

न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने कहा कि लोक अदालत न्याय तक पहुंच को सरल और सुलभ बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से पक्षकार अपने विवादों का शीघ्र समाधान कर सकते हैं, साथ ही समय और धन की बचत भी होती है। उन्होंने जिला न्यायाधीश मंडी और अन्य न्यायिक अधिकारियों को लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों को निपटाने के लिए प्रेरित किया। लोक अदालत के दौरान उपस्थित पक्षकारों ने भी संतोष व्यक्त किया और कहा कि इस व्यवस्था से उन्हें त्वरित राहत प्राप्त हुई है।

# कोट गांव में भूस्खलन से गोशाला ढही, दो मवेशियों की दबकर मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**प्रशासन ने प्रभावित परिवार को दी फौरी राहत**

बलद्वाड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोट के गांव कोट में बीती रात भारी वर्षा के कारण भूस्खलन हो गया। भूस्खलन का मलबा वेद प्रकाश चंद पुत्र शेर सिंह के मकान के पास गिरने से उनका घर तथा समीपवर्ती प्रेम सिंह का मकान खतरे की जद में आ गए। मलबे का बड़ा हिस्सा विनोद कुमार पुत्र सोहन सिंह की गोशाला पर जा गिरा, जिससे गोशाला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गोशाला के अंदर बंधी दो भैंस और एक भैंस का बच्चा दब गए। मलबा अधिक होने के कारण लोग भैंसों को नहीं निकाल पाए जबकि भैंस के बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से गोशाला का मलबा हटाया गया। इसी दौरान मृत मवेशियों को भी बाहर निकाला गया। प्रशासन की तरफ से मौके पर एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, तहसीलदार बल्द्वाडा प्रवीन शर्मा, नायब तहसीलदार रिखी राम, एरिया कानूनगो कमलेश कुमार और हल्का पटवारी सचिन मौके पर पहुंचे और पीड़ित बेदप्रकाश को चार तिरपाल और विनोद कुमार को दस हजार रुपए फौरी राहत के तौर पर दिए गए।

### विधायक ने किया दौरा

**घटना** की जानकारी मिलते ही सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर कोट गांव पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को बीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी और भूस्खलन बाली जगह पर डंगा लगाने के लिए दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत विधायक ने हटली क्षेत्र के समैला, कटोह-नवानी, भटेडा और चौकी गांवों का दौरा किया और भारी बारिश के कारण विभिन स्थानों पर हुए नुकसान का जायजा लिया।

**मानसून** बारिश से सड़कें और बाजार बने तालाब, राहगीर परेशान

# जोगिंद्रनगर शहर में जल निकासी व्यवस्था फेल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



शनिवार की दोपहर आई तेज बारिश ने एक बार फिर जोगिंद्रनगर शहर की जलनिकासी व्यवस्था की बड़ी खामियां उजागर कर दीं। पठानकोट चौक और बस अड्डे के बाहर की सड़क बारिश शुरू होते ही पानी में डूब गई। महज आधे घंटे की मूसलधार बारिश में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों को जबरदस्त परेशानी झेलनी पड़ी।

बारिश का पानी दुकानों के सामने तक पहुंच गया, जिस कारण कई दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के बाहर खड़े होकर पानी उतरने का इंतजार करते रहे। जगह-जगह राहगीर पानी में फिसलते-संभलते दिखे। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि यह कोई पहली बार नहीं है, हर बरसात में हालात ऐसे ही हो जाते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से नालियों की सफाई और बेहतर जलनिकासी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।

बारिश के दौरान यातायात व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित रही। जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। पीड़ितों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मानसून के शेष दिनों को ध्यान में रखते हुए तुरंत प्रभाव से जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि हर बार बारिश में शहर तालाब न बने।

### सरकाघाट में भारी बारिश; कई घरों के डंगे गिरे, मकानों में आई दरारें

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत फतेहपुर में 12 सितंबर की रात हुई भारी बारिश ने जमकर तबाही मचाई। पंचायत प्रधान नरेंद्र गौतम ने बताया कि यह बारिश इतनी भयानक थी कि कई घरों के डंगे टूट गए और कुछ रिहायशी मकानों में दरारें आ गई हैं, जिससे लोगों का जीवन संकट में आ गया है।

प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि खेम राज पुत्र दिले राम निवासी कनेर वाले के आंगन का डंगा क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रताप सिंह पुत्र शेरा निवासी नगला के दो डंगे गिर गए हैं। जूंगा देवी पत्नी बृज लाल का घर का बरामदा भी टूट गया है। कश्मीर सिंह, रत्न चंद, अमी चंद, ईश्वर दास और अशोक कुमार जैसे कई ग्रामीणों के घरों के डंगे पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं। इसके अलावा, फतेहपुर से कनेर के लिए बनाई गई लिंक सड़क का डंगा भी बुरी तरह से टूट गया है। गोपाल पुत्र श्रवण कुमार निवासी लुणाधा वाले के रिहायशी मकान में दरारें आ गई हैं, जिससे उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं, विद्या सागर पुत्र कांशी राम शर्मा के घर में भी दरारें आई हैं। प्रधान नरेंद्र गौतम ने अपने वार्ड सदस्यों के साथ सभी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

# जोगिंद्रनगर के विकास में जीवन ठाकुर का अहम योगदान: विनोद धरवाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के व्यापार मंडल के एसोसिएट सदस्य विनोद धरवाल ने क्षेत्र के विकास में जीवन ठाकुर के अथक प्रयासों की सराहना की है। धरवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि ठाकुर ने जोगिंद्रनगर में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी फायदा हुआ है।

धरवाल ने बताया कि जीवन ठाकुर के प्रयासों से जोगिंद्रनगर अस्पताल में न सिर्फ डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है, बल्कि अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन लगाने की भी मंजूरी मिल गई है। यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इससे गंभीर बीमारियों का निदान और इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो पाएगा। यह सुविधा मिलने से अब मरीजों को महंगे इलाज के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।

शिक्षा के क्षेत्र में भी जीवन ठाकुर का योगदान सराहनीय रहा है। उनके प्रयासों से जोगिंद्रनगर के चार सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न लागू करने की मंजूरी मिली है, जिससे छात्रों को आधुनिक और बेहतर शिक्षा मिल सकेगीं इसके अलावा, जोगिंद्रनगर में डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की भी स्वीकृति मिल गई है, जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी।

हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने में भी जीवन ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। धरवाल ने बताया कि जीवन ठाकुर के प्रयासों से मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। डॉक्टरों को बेहतर सुविधाएं देने और उन्हें जोगिंद्रनगर में रुकने के लिए प्रेरित करने के मकसद से जीवन ठाकुर ने डॉक्टरों के आवास के लिए भी मंजूरी प्राप्त की है। इससे डॉक्टरों को रहने की बेहतर सुविधा मिलेगी, जिससे वे अस्पताल में अपनी सेवाएं बेहतर ढंग से दे पाएंगे। धरवाल ने जीवन ठाकुर के इन सभी प्रयासों के लिए उनका धन्यवाद किया और कहा कि उनके प्रयास जोगिंद्रनगर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।

“खुश लोग अपनी आंतरिक दुनिया का निर्माण करते हैं, दुखी लोग अपनी बाहरी दुनिया को दोष देते हैं। -दलाई लामा

## संपादकीय

# हिंदी को तुच्छ न समझें

हर वर्ष 14 सितंबर को पूरे भारत में हिंदी दिवस बड़े उत्साह से मनाया जाता है। सरकारी और निजी संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित होते हैं। हिंदी के महत्व पर भाषण दिए जाते हैं और इसे राष्ट्रभाषा, मातृभाषा या संपर्क भाषा के रूप में गौरवपूर्ण स्थान प्रदान किया जाता है, लेकिन यह विचार करने योग्य बात है कि क्या इस दिन को मनाने का वास्तविक औचित्य केवल एक दिन की औपचारिकता भर है या फिर यह हमें अपनी भाषा, संस्कृति और अस्मिता के प्रति पुन: विचार करने का अवसर देता है। जब तक हम हिंदी को दैनिक जीवन में आत्मसात नहीं करते, तब तक हिंदी दिवस की धूमधाम केवल दिखावा बनकर रह जाएगी। विडंबना यह है कि हम वर्ष में एक दिन हिंदी को अपनी मातृभाषा कहकर गौरव का अनुभव करते हैं और उसकी प्रशंसा में कसीदे पढ़ते हैं, लेकिन अगले ही दिन उसे भुला देते हैं और अंग्रेजी की ओर लौट जाते हैं। आज के समय में अंग्रेजी को 'स्टेटस सिंबल' मानने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विशेषकर शहरी समाज में अंग्रेजी बोलना एक सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया है। लोग यह मानने लगे हैं कि हिंदी में बातचीत करना पिछड़ेपन की निशानी है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति और क्या हो सकती है कि हम अपनी ही भाषा में बात करने में हिचक महसूस करते हैं और उसे अपनी तौहीन समझने लगे हैं। स्कूलों, दफ्तरों, होटल-रेस्तरां, चिकित्सा संस्थानों और यहां तक कि अपने ही घरों में हिंदी की उपेक्षा होती जा रही है। अंग्रेजी को ज्ञान और अवसर की भाषा के रूप में देखने का नजरिया हिंदी को लगातार हाशिए पर धकेल रहा है। यह सच है कि अंग्रेजी एक वैश्विक भाषा है और आज के समय में अंतरराष्ट्रीय संवाद, तकनीकी विकास और उच्च शिक्षा में इसकी महत्ता को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि हम अपनी मातृभाषा को त्याग दें।

हिंदी केवल एक भाषा नहीं है, यह हमारे विचारों की अभिव्यक्ति, हमारी संस्कृति की पहचान और हमारी अस्मिता की संवाहिका है। यह भाषा हमारी सोच को आकार देती है, हमारी परंपराओं को जीवित रखती है और पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे मूल्यों और भावनाओं को आगे बढ़ाती है। जिस देश में करोड़ों लोग हिंदी बोलते, समझते और महसूस करते हैं, उस देश में हिंदी को हाशिए पर डालना सांस्कृतिक क्षरण का संकेत है। हमें समझना होगा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता, भावनात्मक जुड़ाव और सांस्कृतिक निरंतरता का एक महत्वपूर्ण आधार भी है। यदि हम अपनी भाषा को खो देंगे तो अपनी जड़ों से भी कटते चले जाएंगे। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि भाषा के प्रति उपेक्षा की शुरुआत कहीं न कहीं हमारे शैक्षिक तंत्र से होती है। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में बच्चों को आरंभ से ही इस मानसिकता में ढाला जाता है कि अंग्रेजी बोलना ही सफलता की कुंजी है। हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को पिछड़ा और अयोग्य समझा जाता है। प्रशासनिक परीक्षाओं से लेकर निजी नौकरी तक, हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व है। हिंदी को माध्यम बनाने वालों को दोयम दर्जे का माना जाता है। यह मानसिकता बदलना अत्यंत आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि ज्ञान किसी भी भाषा में अर्जित किया जा सकता है। विचारों की गहराई और अभिव्यक्ति की स्पष्टता भाषा की सीमा में नहीं बंधी होती। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हमें जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास करने होंगे। सबसे पहले तो हमें हिंदी के प्रति हीन भावना को त्यागना होगा। यदि हम स्वयं अपनी भाषा को सम्मान नहीं देंगे तो दूसरों से यह अपेक्षा करना व्यर्थ है। अपने बच्चों से घर में हिंदी में संवाद करें, हिंदी पुस्तकों को पढ़ने की आदत डालें और तकनीक के युग में हिंदी को डिजिटल माध्यमों से जोड़ें। आज हिंदी में उच्च गुणवत्ता की साहित्यिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और व्यावसायिक सामग्री उपलब्ध है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों को चाहिए कि वे हिंदी में शिक्षण सामग्री तैयार करें, ताकि छात्रों को अपनी मातृभाषा में ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिल सके। सरकार को चाहिए कि वह हिंदी को तकनीक, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन और न्याय प्रणाली में सशक्त रूप से लागू करे।

मीडिया और मनोरंजन जगत की भूमिका भी यहां बेहद महत्वपूर्ण है। फिल्मों, धारावाहिकों, समाचार चैनलों और डिजिटल मंचों पर हिंदी की सशक्त उपस्थिति जरूरी है। यदि जनसंचार के ये माध्यम हिंदी को लोकप्रिय और रोचक स्वरूप में प्रस्तुत करेंगे तो निश्चित रूप से नई पीढ़ी हिंदी से जुड़ाव महसूस करेगी। यह आवश्यक नहीं कि हम केवल हिंदी बोलें और अंग्रेजी का विरोध करें। दोनों भाषाओं का अपना स्थान और महत्व है, लेकिन यह ध्यान रखना आवश्यक है कि हम अंग्रेजी सीखें, लेकिन हिंदी को भूले नहीं। जहां हिंदी जरूरी हो वहां हिंदी और जहां अंग्रेजी आवश्यक हो] वहां अंग्रेजी का प्रयोग करें, लेकिन अपनी मातृभाषा को कभी तुच्छ न समझें। हिंदी में बोलना, लिखना और पढ़ना गर्व की बात होनी चाहिए, शर्म की नहीं। हिंदी दिवस तभी सार्थक होगा जब हम इसे केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि इसे एक दैनिक व्यवहार और जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर और क्रिकेट कोच



रॉबिन सिंह
जन्म : 14 सितंबर, 1963

रवींद्र रामनारायण 'रॉबिन' सिंह एक भारतीय पूर्व क्रिकेटर और क्रिकेट कोच हैं। उन्होंने 1989 से 2001 के बीच एक ऑलराउंडर के रूप में एक टेस्ट और 136 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया । उन्होंने 2010 से इंडियन प्रीमियर लीग की मुंबई इंडियंस और 2013 से कैरेबियन प्रीमियर लीग के बारबाडोस ट्राइडेंट्स को कोचिंग दी है। उन्होंने आईपीएल के उद्घाटन वर्ष में डेक्कन चार्जर्स को भी कोचिंग दी है। एक खिलाड़ी के रूप में, वह अपने शांत स्वभाव और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने भारतीय क्रिकेट को विश्व स्तरीय क्षेत्ररक्षण दिलाया। वह उस टीम का हिस्सा थे, जो 2000 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता रही थी। सिंह ने 11 मार्च 1989 को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए पदार्पण किया। वह 2001 तक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक नियमित खिलाड़ी बने रहे। उन्हें उस समय का सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्षेत्ररक्षक माना जाता था। उन्हें समापन ओवरों में उनकी बल्लेबाजी के लिए भी जाना जाता था। ■



कविता

## हिंदी का गुणगान

डॉ. राजीव डोगरा, जनयानकड़ (कांगड़ा)

*हिंदी का मैं गान करता हूं,*
*हिंदी का मैं सम्मान करता हूं।*
*कभी मीरा को सुनता हूं,*
*कभी कबीर को सुनाता हूं।*
*कभी जायसी के रहस्य में खो जाता हूं,*
*कभी केशव के काव्य प्रेत से टकराता हूं।*
*कभी नानक की गुरुबानी बोलता हूं,*
*कभी चंदबरदाई की वीरगाथा गाता हूं।*
*कभी तुलसीदास की तरह,*
*राम नाम का गुणगान करता हूं।*
*कभी सूरदास की तरह,*
*कृष्ण की हठकेलियां सुनाता हूं।*
*कवि हूं हर हाव में, हर भाव में,*
*हिंदी का गुणगान करता हूं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वैश्विक पटल पर भारत का गौरव बढ़ाती 'हिंदी'






ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल, मंडी (हिप्र)

किसी भी राष्ट्र व समाज की उपलब्धि धन से नहीं आंकी जाती, बल्कि उस राष्ट्र व समाज की संस्कृति व भाषा ही उसकी श्रेष्ठता को स्वयं विश्व मंच पर सिद्ध कर देती है। हमारा भारत देश प्राचीन काल से ही ऐसी संस्कृति व भाषा का धनी रहा है। पूरे विश्व को 'वसुधैव कटुम्बकं' के संकल्प से जय जगत के उद्घोष के साथ, नमस्ते व स्वागतम् तथा विश्व का कल्याण हो, जैसे हिंदी शब्दों से सुशोभित संस्कृति रही है। हिंदी मात्र भाषा नहीं है, हमारी मातृभाषा है। विश्व गुरु कहलाया जाने वाला भारत आज एक बार फिर अपनी संस्कृति व भाषा से विश्व को प्रत्येक स्थिति में प्रतिनिधित्व देने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

वैश्विक स्तर पर भारत में प्राचीन काल से ही विलक्षण बौद्धिक क्षमताओं का अस्तित्व रहा है। इन क्षमताओं को हिंदी व संस्कृत भाषा से पूरे विश्व में भारत ने पहुंचाया था। कहा जाता है न कि अपने विचारों को दूसरे व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लिखित या मौखिक रूप में जिस माध्यम का उपयोग किया जाता है, वह एक भाषा ही होती है। यही भाषा विचार प्रकटीकरण में अपनी प्रखर भूमिका अभिनीत करती है। चाहे विषय लिखने का हो या चाहे फिर मौखिक ही क्यों न हो। ऐसी ही अद्भुत भाषा है हमारी 'हिंदी' हमारे भारत की 'राजभाषा' का दर्जा प्राप्त भाषा है हिंदी।' हिंदी एक भाषा ही नहीं, बल्कि इसे बोलने व समझने वालों के लिए यह एक धारणा है, एक विचारधारा है व एक संपूर्ण साहित्य है। भले प्रत्येक भाषा का अपना महत्व होता है, लेकिन हिंदी भारत वासियों के दिलोजान में समा चुकी है। हिंदी भारतीय समाज के साथ-साथ विश्व की ओर बढ़ रही है। भाषा कभी भी विवाद का नहीं, बल्कि संवाद का माध्यम होता है। हिंदी भाषा आज जन-जन की संपर्क भाषा बन चुकी है। धीरे-धीरे इसका प्रचार प्रसार विश्व की ओर होता साफ देखा जा रहा है, फिर चाहे वह बात राजनीतिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक क्षेत्र की हो या चाहे आध्यात्मिक क्षेत्र या व्यवसायिक क्षेत्र ही क्यों न हो।

भारत में बिना हिंदी भाषा के प्रयोग के बिना प्रचार-प्रसार असंभव सा प्रतीत होता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक मंचो से हिंदी भाषा के माध्यम से अपना संबोधन देते हैं, यही से हिंदी की महत्वता विश्व पहचानता है। आज हिंदी भाषा समाज के एक बड़े वर्ग को रोजगार प्रदान कर रही है, चाहे वह मीडिया का क्षेत्र हो, विषय अध्ययन हो, विषय लेखन हो या अनुवादित क्षेत्र ही क्यों न हो, दिन-प्रतिदिन हिंदी भाषा का अच्छा ज्ञान रखने वाले लोगों को रोजगार के अनेक साधन हिंदी भाषा मुहैया करवा रही है। आधुनिक युग में बोला जाता है कि जो अंग्रेजी नहीं जानता, वह कुछ नहीं कर सकता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज का युवा हिंदी भाषा का गहरा अध्ययन कर रहा है तथा इसे अपने जीवन का हिस्सा बना रहा है। आज वैश्विक पटल पर गूगल, अमेजॉन, युट्यूब, ईमेल जैसे सोशल मंचों पर हिंदी की मांग बढ़ती जा रही है। अनेक देशों के लोग जो भारत पहुंचते हैं, उनमें हिंदी बोलने व समझने की होड़ लगी रहती है।

आज विश्व के करीब 175 देशों में हिंदी भाषा की पढ़ाई होती है। विश्व भर में फैले भारतीयों के आलावा नेपाल, म्यांमार, मॉरिशस, त्रिनिदाद, फिजी, गयाना, सूरीनाम, न्युज़ीलेंड और संयुक्त अरब अमीरात आदि देशों में हिंदी भाषी लोगों की एक बड़ी संख्या मौजूद है जहां हिंदी का प्रयोग बढ़े स्तर पर किया जाता है। इसके इलावा विश्व हिंदी दिवस हर साल मनाया जाता है, जो हिंदी के वैश्विक प्रसार और सांस्कृतिक एकता के महत्व पर जोर देता है। आज हिंदी का अच्छा ज्ञान रखने वाले युवा अनेक प्रकार के राजकीय व राष्ट्रीय सम्मेलनों में बतौर प्रवक्ता भाग ले रहे हैं, जिससे उनके व्यक्तितत्व व चरित्र में निखार आ रहा है, यानि हिंदी अपने आप में ही कुछ न होते हुए भी सर्व व्याप्क है। हिंदी की महत्वता को केवल एक सच्चा हिंदी भाषी ही समझ सकता है, जिसकी व्यवहारिक भाषा ही हिंदी है, जिसका हिंदी के साथ ही प्रारंभ है तथा हिंदी के साथ ही अंत है।

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। अब बात आधुनिकता की करें तो बदलते समय व वातावरण के साथ आधुनिकतवादी लोग हिंदी से विमुख होते जा रहे हैं। आज के समाज में लोग अंग्रेजी को ही भाषा मानते हैं और जिसे अंग्रेजी के दो शब्द बोलने न आए, उसे तुच्छ समछा जाने लगता है। क्या यह सही है किसी व्यक्ति के ज्ञान का आधार भाषा हो, किसी व्यक्ति की उसकी भाषा से ही तुलना की जाए। वर्तमान समय की वास्तविकता तो यह है कि लोग अपने बच्चों को बड़े-बड़े अंग्रेजी स्कूलों में अंग्रेज बनाने के लिए भेजते है, लेकिन न वह बच्चा अंग्रेजी की दो लाइनें सीख पाता है और न ही मातृभाषा हिंदी। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तब मिलता है जब इनको उन्नासी, नवासी,उन्नहत्र, उनासठ ( 79, 89, 69, 59 ) जैसे अंकों का ही पता नहीं चलता कि किस अंक को क्या बोलते हैं। ऐसे ही वे कथित अंग्रेज छोटी इ और बड़ी ई तथा उ व ऊ में ही फर्क समझ नहीं पाते, सोचते हैं कि हिंदी क्या पढ़ें, यह तो एक साधारण भाषा है। इसका अध्ययन तो हम कैसे करेंगे, लेकिन इन्हें ऐसा मालूम नहीं है कि हिंदी भाषा अंग्रेजी भाषा से भी कठिन भाषा है।

हिंदी भाषा को सभी को अपनाना होगा, अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब जैसे अंग्रेजी बोलना सीखाया जाता है, वैसे ही हिंदी बोलना सीखाया जाएगा। यह अत्यंत दु:ख की बात है कि आए दिन देशभर में कई प्रकार की भाषाओं के विवाद खड़े किए जाते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि सारी भारतीय भाषाएं एक-दूसरे के समर्थन में खड़ी हों। भाषा के माध्यम से देश को तोड़ने के नहीं, देश को जोड़ने के प्रयास किए जाएं। हिंदी साहित्य में कबीरदास, प्रेमचंद, सूरदास, तुलसीदास व महादेवी वर्मा जैसे अनेक ऐसे हिंदी साहित्यकार हुए जिन्होंने अपने हिंदी भाषा के गहरे ज्ञान से हिंदी को एक नई दिशा प्रदान की थी, जिसे आज आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रहरी लेखक इसे आगे लेकर बढ़ रहे हैं। हिंदी राष्ट्र के गौरव का प्रतीक है। यह कोई क्षेत्रीय या साधारण एक भाषा नहीं है, बल्कि एक विकसित व समृद्ध भाषा है, जिसका अपना व्यापक शब्द भंडार है। हिंदी भाषा व्यक्ति को एक नई पहचान देती है।

भारत में सरकारों ने हिंदी के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया है। विश्व पटल पर हिंदी को व्यापकता प्रदान करने की दृष्टि से कई विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। सबसे विशेष 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' में भी प्राथमिक शिक्षा के लिए हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं की विशेष संस्तुति, चिकित्सा की पढ़ाई, भारतीय प्रशासनिक सेवा, प्रादेशिक प्रशासनिक सेवा तथा कुछेक नए क्षेत्रों में हिंदी की मान्यता से हिंदी सशक्त बनेगी। आज की तारीख में चुनौतियों से जूझती हिंदी जिस गति से आगे बढ़ रही है, वह आश्वस्त करती है कि आने वाले समय में हिंदी को 'विश्व-भाषा' बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# हिंदी दिवस : भाषा, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का उत्सव



डॉ. राकेश कुमार शर्मा
सहायक आचार्य, इतिहास
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी



हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भारतीयता, संस्कृति और आत्मगौरव का पर्व है। यह दिन हमें हमारी मातृभाषा हिंदी के महत्व, उसकी ऐतिहासिक यात्रा, वर्तमान भूमिका और भविष्य की दिशा का स्मरण कराता है। हिंदी न केवल करोड़ों भारतीयों की भावनाओं की भाषा है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता का एक मजबूत आधार भी है।

हर वर्ष 14 सितंबर को भारत में हिंदी दिवस मनाया जाता है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में 1953 से यह दिवस मनाया जा रहा है। हिंदी दिवस का उद्देश्य केवल हिंदी का प्रचार-प्रसार करना ही नहीं, बल्कि जनमानस में हिंदी के प्रति गौरव और आत्मीयता की भावना को भी जगाना है। भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है, जहां सैकड़ों भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। इस भाषाई विविधता में एकता स्थापित करने का कार्य हिंदी ने बखूबी निभाया है।

हिंदी केवल उत्तर भारत की नहीं, बल्कि पूरे भारत को जोड़ने वाली संपर्क भाषा बन चुकी है। यह भाषा सामान्य जनजीवन से लेकर प्रशासन, शिक्षा, मीडिया और तकनीकी क्षेत्रों में अपनी गहरी पकड़ बना चुकी है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी ने राष्ट्रीय चेतना को जगाने का कार्य किया। महात्मा गांधी ने हिंदी को जनमानस की भाषा कहा था। पंडित नेहरू, सरदार पटेल और सुभाषचंद्र बोस जैसे नेताओं ने हिंदी को राष्ट्र निर्माण का माध्यम माना।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी हिंदी ने देश के प्रशासन और समाज को एक सूत्र में बांधने में अहम भूमिका निभाई। आज के डिजिटल युग में हिंदी की प्रासंगिकता और भी अधिक बढ़ गई है। सोशल मीडिया, यूट्यूब, ब्लॉग, समाचार पोर्टल्स और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। गूगल, फेसबुक, अमेजन, यूट्यूब जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी कंटेंट की मांग लगातार बढ़ रही है। हिंदी इंटरनेट की सबसे तेजी से बढ़ने वाली भाषाओं में से एक है।

बॉलीवुड, टीवी धारावाहिक, वेब सीरीज और संगीत ने हिंदी को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बना दिया है। हिंदी न केवल भारत में बल्कि विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों के बीच सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन चुकी है। शिक्षा के क्षेत्र में भी हिंदी की भूमिका सशक्त होती जा रही है। एनईपी 2020 (नई शिक्षा नीति) में मातृभाषा में शिक्षा पर बल देने से हिंदी का उपयोग प्राथमिक और उच्च शिक्षा में भी बढ़ेगा, साथ ही हिंदी ने रोजगार, अनुवाद, पत्रकारिता, लेखन, भाषण कला, टेलीविजन और फिल्म उद्योग में नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। हिंदी का साहित्यिक पक्ष भी अत्यंत समृद्ध है। रामचरितमानस, प्रेमचंद की कहानियां, महादेवी वर्मा की कविताएं, दिनकर की राष्ट्रभक्ति और कबीर-रहीम का लोकचिंतन, ये सभी हिंदी के विविध और गहन स्वरूप को प्रकट करते हैं। हिंदी ने हमारे नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक विचारों और लोकजीवन को भाषा दी है।

हालांकि, आधुनिक समय में एक वर्ग ऐसा भी है, जो हिंदी की उपेक्षा करता है और अंग्रेजी को ही प्रतिष्ठा का प्रतीक मानता है। हमें समझना होगा कि अंग्रेज़ी सीखना बुरा नहीं, लेकिन हिंदी को कमतर आंकना आत्महीनता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**भारत** की संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है। यहां की विविधता में एकता, सहिष्णुता, आध्यात्मिकता और पारिवारिक मूल्य इसकी पहचान हैं। भारत में अनेक धर्म, भाषाएं, रीति-रिवाज और परंपराएं, एक साथ फलती-फूलती हैं। योग, आयुर्वेद, संगीत, नृत्य, वास्तुकला और त्योहार भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर हैं। अतिथि देवो भव:, वसुधैव कुटुम्बकम् जैसे सिद्धांत भारत के मूल चिंतन को दर्शाते हैं। यहां की संस्कृति में हर क्षेत्र, हर जाति और हर विचारधारा का सम्मान निहित है। यह संस्कृति केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि वर्तमान की प्रेरणा और भविष्य की दिशा है। भारतीय संस्कृति ने विश्व को शांति, प्रेम और मानवता का मार्ग दिखाया है।

**-अरुण शर्मा, धर्मशाला**

# सिकुड़ते जंगल पर्यावरण के लिए घातक, बचाना जरूरी



रामलाल पाठक
स्वतंत्र लेखक



वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण पूरे विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना है। जमीन, जल एवं वायुमंडल में प्रदूषण फैल जाने से सृष्टि के सभी प्राणधारी अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत हैं। धरती का तापमान बढ़ जाने से हजारों साल पुराने हिमखंड पिघल रहे हैं। बिगड़ते पर्यवरण संतुलन के कारण असंख्य प्राकृतिक जलस्रोत लुप्त हो रहे हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यवरण गड़बड़ाने का सबसे बड़ा कारण प्राकृतिक से अनावश्यक छेड़छाड़ है। दिनोंदिन बढ़ते प्रदूषण व सिकुड़ते जंगलों के कारण पृथ्वी पर अनहोनी घटनाएं हो रही हैं। जगह-जगह बादल फट रहे हैं तथा बड़ी मात्रा में भूस्खलन हो रहा है।

पहाड़ खिसकने से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। सैकड़ों जिंदगियां सदा-सदा के लिए धरती में समा गई है। हजारों लोगों की जिंदगी भर की कमाई मिट्टी में मिल गई है। मौसम का ज्यादातर प्रभाव जंगलों पर ही निर्भर करता है। जंगलों से वातावरण में नरमी बनी रहती है तथा तापमान सामान्य रहता है। इससे शुष्क मौसम में होने वाली बीमारियों से भी राहत मिलती है। बारिश के लिए जंगलों की अहम भूमिका रहती है। जंगली जानवरों व पक्षियों का जीवन पूरी तरह जंगलों पर ही निर्भर है। यही नहीं जंगलों में औषधीय जड़ी-बूटियां भी पैदा होती है। प्राय: गर्मियों के मौसम में जंगलों का आग से भारी नुकसान होता है। इसके साथ ही बन काटुए जंगलों के अस्तित्व को ही मिटाने पर तुले हैं। हर वर्ष गर्मियों के मौसम शुरू होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ने लगती हैं। आग से इतना अधिक नुकसान होता है कि उसकी भरपाई नहीं हो पाती है। हालांकि सरकार का वन विभाग हर वर्ष जंगलों को अग्निकांड की घटनाओं की रोकथाम के लिए अनेक प्रभावशाली योजनाएं बनाता है तथा इसके लिए सरकार की ओर से पर्याप्त बजट भी उपलब्ध होता है, फिर भी ऐसी घटनाएं बेरोक-टोक घटती रही हैं। आग के धुएं से पर्यावरण के साथ ही वायुमंडल भी प्रदूषित हो रहा है।

पर्यावरण संरक्षण की दुहाई देने वाले जितनी सुर्खियां बटोर रहे हैं। जमीनी स्तर पर वैसी स्थिति नहीं है। आज के युग में सबसे बड़ी चिंता पर्यवरण को संतुलित करने की है। इसके लिए जन सहयोग की भागीदारी नितांत आवश्यक है। पेड़ लगाने की दुहाई तो सब देते फिर रहे हैं। हर वर्ष बरसात के दिनों में बड़े पैमाने पर पेड़ लगाए जाते हैं। सरकार लाखों रुपए खर्च करके हर साल वन महोत्सव मनाती है। इसके अलावा अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं भी बड़ी धूमधाम से वन महोत्सव मनाती हैं। यह भी दुहाई दी जाती है कि हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ लगाए, लेकिन अगले वर्ष कितने पेड़ जिंदा रहते हैं। इसकी किसी के पास कोई हिसाब नहीं होता और न ही किसी को इसकी चिंता है।

विभिन्न कारणों से सिकुड़ते जंगल भविष्य की तबाही के संकेत दे रहे हैं। तेज धूप के साथ ही वातावरण शुष्क हो रहा है। बड़े पेड़ों सहित झाड़ियों की सूखी पत्तियां व घास-फूस जमीन में जहां-तहां बिखर जाता है। छोटी सी चिंगारी से आग धधक जाती है। सूखी पत्तियों व घास में लगने वाली आग आस-पास के रिहायसी मकानों तक को अपनी चपेट में लेकर सब-कुछ तबाह कर देती है। समय रहते यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो नुकसान लाखों-करोड़ों में पहुंच जाता है। जंगलों में पेड़ों की कमी के कारण खूंखार जंगली जानवर आवादी वाले क्षेत्रों की ओर पहुंच कर जानी नुकसान भी करने लगे हैं। जंगली जानवरों व पक्षियों का बेधड़क शिकार हो रहा है। वन काटुओं की कुल्हाड़ी भी पर्यावरण से छेड़छाड़ के लिए अहम भूमिका निभा रही है।

सिकुड़ते जंगलों में पेड़ों की कमी के चलते जंगली जानवरों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। जंगलों तक आग फैलने से करोड़ों की वन संपदा नष्ट होने के साथ ही बड़ी संख्या में बेजुबान वन्य पाणी भी झुलस जाते हैं। आग लगने की ज्यादातर घटनाएं मानवीय भूल से ही घटित होती हैं। कई बार तो आग दो-तीन या इससे अधिक समय तक धधकती रहती है। गर्मियों का मौसम शुरू होते ही विभन्न श्रेणी के मादा जंगली जानवर बच्चे तथा मादा पक्षी अंडे देती हैं। जानवरों के छोटे बच्चे अपना बचाव करने के लिए भाग भी नहीं सकते तथा पंख न निकलने के कारण पक्षियों के बच्चे उड़ नहीं सकते, ऐसी स्थिति में बड़ी बेरहमी से उनके प्राण निकलते हैं। इस प्रकार की घटनाओं से जंगली जानवरों व पक्षियों की कई दुर्लभ प्रजातियां ही लुप्त होने के कगार पर हैं। इससे पर्यवरण पर विपरीत असर पड़ रहा है। जंगलों के साथ ही जिन किसानों की मालकियत भूमि है, वे अपनी जमीन में घास-फूस व अनावश्यक झाड़ियों की कांट-छांट करने के बाद उनको जलाते हैं।

कई बार आग इतनी धधक जाती कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। धूम्रपान करने वाले बिना बुझाए सिगरेट या बीड़ी चलते-फिरते हर कहीं फेंक देते हैं, जो बाद में सुलग जाती है तथा इससे बहुत बड़ा नुकसान हो जाता है, जिसकी भरपाई नामुमकिन है। पशु पालक गर्मियों के दिनों में अपनी घासनियों में इसलिए आग लगाते हैं, ताकि घास काटते समय उनके हाथों में कांटे न चुभ सकें। जहां चीड़ आदि पतियां सूख कर गिरती हैं, वहां यदि आग पहुंच जाती है तो उसे बुझाना आसान नहीं है। हवा के रुख के साथ ही जंगल में लगी आग की लपटें बड़े-बड़े पेड़ों तक को झुलसा देती हैं। इनमें से कुछ पेड़ तो बिलकुल ही सूख जाते हैं, जो मामूली सी हवा चलने से गिर जाते हैं। इसलिए पेड़ लगाने के साथ ही उनकी हिफाजत भी जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत में क्या संभव है नेपाल जैसा जन विद्रोह?



केशव शर्मा
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं, बिलासपुर।



भारत के विपक्षी नेताओं के बयानों ने हाल ही में राजनीतिक बहस को एक नई दिशा दी है। जब वे नेपाल के जन विद्रोह का उदाहरण देते हैं और भारत में भी ऐसी संभावना की बात करते हैं, तो यह सवाल स्वत: उठता है कि क्या यह तुलना वाजिब है और क्या भारत में वास्तव में नेपाल जैसा जन विद्रोह हो सकता है?

नेपाल का विद्रोह एक राजशाही शासन के विरुद्ध था, जहां जनता को लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित रखा गया था। वहां जनता के पास विकल्प सीमित थे, इसलिए विद्रोह अनिवार्य प्रतीत हुआ, लेकिन भारत की तस्वीर इससे अलग है। यहां लोकतंत्र की गहरी जड़ें हैं मतदान का अधिकार, संसद की कार्यवाही, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता।

यह सब हमारे लोकतंत्र को वह ताकत देता है, जिसकी तुलना नेपाल की तत्कालीन परिस्थितियों से करना उचित नहीं होगा। जैसा कि एक कवि ने कहा है कि 'जनता की आवाज अगर दबा दी जाए, तो चिंगारी कभी अंगार बन जाती है।' विपक्ष की यह भूमिका है कि वह जनता की पीड़ा को न केवल उठाए, बल्कि समाधान की दिशा में भी रचनात्मक दबाव बनाए।

अगर विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहता है और सरकार भी संवेदनशीलता खो देती है, तो जनता आंदोलनों का सहारा लेती है। किसान आंदोलन, छात्र आंदोलनों और सामाजिक न्याय की लड़ाइयां, इसका प्रमाण हैं, लेकिन यह आंदोलन लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर हुए, विद्रोह के रूप में नहीं।

आज की चुनौतियां, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, असमानता और भ्रष्टाचार को देखते हुए असंतोष का स्वर गहराना स्वाभाविक है, लेकिन भारत का लोकतंत्र अब तक इस असंतोष को विद्रोह बनने से रोकता आया है। 'जब टूट जाता है सब्र का प्याला,तो सड़कों पर लहर बन जाती है सवाल, पर लोकतंत्र में उम्मीद की किरण,चुनावों से बदलती रहती है इसकी चाल।' इसलिए भारत के विपक्षी नेताओं का यह कहना कि नेपाल जैसा विद्रोह भारत में भी हो सकता है, न केवल अतिशयोक्ति है, बल्कि लोकतंत्र की शक्ति को कम आंकना भी है। जनता यहां हर पांच साल बाद सत्ता को दंडित या पुरस्कृत करने की क्षमता रखती है। यही तो भारत के लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

लोकतंत्र में असंतोष और विरोध स्वाभाविक हैं, लेकिन विद्रोह की राह भारतीय जनमानस की सोच नहीं। हां, यदि शासन संवेदनहीन हो और विपक्ष निष्क्रिय, तो बड़े आंदोलन की संभावना बनी रहती है, पर उसे नेपाल जैसे विद्रोह से जोड़ना भारतीय लोकतंत्र के साथ न्याय नहीं होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश से भरजवाणू-साई मार्ग क्षतिग्रस्त

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर को नाचन क्षेत्र से जोड़ने वाला ऐतिहासिक भरजवाणू-साई मार्ग लगातार हो रही बरसात से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। यह मार्ग पुराने मंडी-शिमला मार्ग का हिस्सा भी है, लेकिन ठीक से रखरखाव न होने के कारण जगह-जगह से धंस गया है। गड्ढों ने इसे वाहन चालकों के लिए खतरनाक बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर बेतरतीब तरीके से रोड़े और टूटे-फूटे मकानों का मलबा डालने से स्थिति और बिगड़ गई है। संकरी सड़क पर खतरनाक अवरोध वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि शीघ्र तकनीकी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से सड़क की मरम्मत कर इसे सुरक्षित बनाया जाए।

### एसडीआरएफ राशि जारी होने का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा एसडीआरएफ की 198 करोड़ रुपए की अग्रिम राशि जारी होने के कदम का स्वागत करते हुए हिमाचल प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र की स्थिति शीघ्र सामान्य होने की आशा जताई है। अजय ठाकुर ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा 1500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता तथा हवाई सर्वेक्षण द्वारा उनकी संवेदनशीलता तथा हिमाचल वासियों के लिए स्नेह प्रकट होता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए सात मंत्रियों के दौरे से सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में तेजी आएगी और आम जनमानस का जो जीवन बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ है, वह स्थिति सामान्य हो सकेगी। अजय ने केसीसी घोटाले की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस का पूरा इतिहास भ्रष्टाचार की गंदगी से सना हुआ है, ऐसे में अन्य विभागों की जांच कराई जाए तो भ्रष्टाचार के अन्य मामले सामने आएंगे। भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### द्रमण स्कूल के नौनिहालों ने सीखा योग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला द्रमण में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत डॉ. रविताान्या शर्मा के निर्देशानुसार एक दिवसीय शिविर का अयोजन किया गया। इस शिविर में आयुर्वेदिक हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर महादेव के योग प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योगासन और शारीरिक क्रियाएं करवाई। बच्चों को योग और और व्यायाम के महत्त्व को समझाया गया कि किस प्रकार इस तनाव भरे तथा प्रदूषण युक्त वातावरण में शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। इस अवसर पर सीएचओ किरण ठाकुर, फीमेल हेल्थ वर्कर हिमाचली देवी अध्यापक वर्ग एवं अन्य संबंधित स्टाफ में नरेंद्र कुमार, दीपा कुमारी, भानु चौधरी और वंती देवी उपस्थित रहे।

### रसायन विज्ञान में करें गहराई से अध्ययन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एमएलएसएम कॉलेज में शनिवार को रसायन विभाग के एमएससी विद्यार्थियों के लिए परिचय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान में गहराई से अध्ययन करने की सलाह दी और नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना सेठी ने विभाग के विकास और उपलब्धियां से परिचित कराया। डॉ. वंदना सेठी ने विभाग में उपलब्ध बुनियादी ढांचे, पाठ्यक्रम और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। मंच का संचालन डॉ. नेहा सेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रजनी, डॉ. सोनिका, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. प्रतिभा, मैडम भावना और गैर शिक्षण कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### विधायक का आंदोलन भटकाने वाला: आर्य

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा धर्मपुर मंडल के प्रवक्ता राजीव आर्य ने धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर द्वारा जारी तथाकथित अनशन को असमय और भटकाने वाला आंदोलन करार दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से आम जनता लगातार अपनी समस्याएं उठा रही थी और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के हस्तक्षेप के बाद सभी संबंधित पक्षों में यह सहमति बनी थी कि बिचौलिया कंपनी सूर्य कंस्ट्रक्शन को हटाकर गाबर कंस्ट्रक्शन को कार्य सौंपा जाएगा। गाबर कंपनी ने बरसात समाप्त होने तक समय मांगा था, ताकि कार्य सुचारू रूप से शुरू हो सके। राजीव आर्य ने कहा कि अब जबकि विधायक की अपनी गाड़ी कीचड़ भरी सड़क में फंस गई और कंपनी अधिकारियों को बुलाने पर थोड़ी देरी हो गई तो उनके अहंकार को ठेस पहुंची और रात 10 बजे अचानक धरने पर बैठने का निर्णय ले लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि तीन साल से जनता चीखती-चिल्लाती रही, अनगिनत बैठकें हुईं, परंतु कभी विधायक ने इस प्रकार का रुख नहीं अपनाया।

### एफपीओ धर्मपुर के उत्पाद आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शिमला में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया। इस सम्मेलन में एफपीओ धर्मपुर को भी भाग लेने का अवसर मिला। एफपीओ सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यह अवसर दो हजार शेयरधारकों के लिए गर्व का विषय है। सम्मेलन में एफपीओ धर्मपुर द्वारा सकोह स्थित लीला मैमोरियल महिला प्रोसेसिंग यूनिट के एक दर्जन से अधिक किस्म के अचार, पपीते के पेड़े, कोदरे के लड्डू और बर्फी प्रदर्शित किए गए, जो मुख्य आकर्षण बने। घरवासड़ा स्थित श्री अन्न महिला ऐग्रो प्रोसेसिंग यूनिट के जैविक हल्दी पाउडर और शुगर कंट्रोल आटे की भी खूब मांग रही। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों और एफपीओ उत्पादों के लिए अलग ब्रांड और मजबूत मार्केटिंग व्यवस्था तैयार की जा रही है, ताकि सदस्यों की आय बढ़ाई जा सके।

### नारा लेखन में अनन्या ठाकुर ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय जोगिंदनगर में 13 सितंबर को हिंदी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. निशा वैद्य मुख्य अतिथि रहीं। हिंदी विभाग द्वारा भाषण, काव्य पाठ और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण और काव्य पाठ दोनों में मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में अनन्या ठाकुर प्रथम रही। कार्यक्रम में 200 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन आकांक्षा, मोनिका, तान्या और सुरभि ने किया। विद्यार्थियों ने लोक नृत्य, एकल नृत्य और दोहा गायन जैसी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. बिमला शर्मा के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर सहायक आचार्य विधु भारद्वाज, मंजू बाला, नवीन निश्चल, डॉ. श्रवण, डॉ. विशाल, डॉ. दीप्ति शर्मा, नवीन, डॉ. पवन, डॉ. पूनम, कौमुदी शर्मा, मोहिनी देवी, ममता देवी, ज्योति प्रकाश, नेहा शर्मा, धीरज, शिवानी व अनुपम सहित महाविद्यालय के लगभग सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को किया साझा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शनिवार को मंडी जिला के संत निरंकारी सत्संग भवन बल्द्वाड़ा में हरियाणा से पंकज पोपली की अध्यक्षता में क्षेत्रीय स्तर का संत निरंकारी अंग्रेजी माध्यम समागम आयोजित किया गया। समागम में दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिकूल मौसम की परवाह किए बिना समागम में शामिल हुए और संत निरंकारी मिशन की वर्तमान प्रमुख सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के विचारों और शिक्षाओं को सांझा किया। पूज्य संत पंकज पोपली ने मिशन का संदेश दिया कि 'आत्म-साक्षात्कार ही ईश्वर-साक्षात्कार है अर्थात अपने वास्तविक स्वरूप को समझना ईश्वर-साक्षात्कार के समान है उन्होंने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ब्रह्मज्ञान देकर मानव को मानवता के साथ प्यार और सद्भावना सिखा रही है। डॉ. आर.के. अभिलाषी, जोनल इंचार्ज, जोन मंडी ने भी उपस्थित श्रद्धालुओं पर सद्गुरु का आशीर्वाद बरसाया। समागम के दौरान प्रकाशन, प्याऊ व लंगर की सेवाओं को संत निरंकारी सेवादल ने बखूबी निभाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक भगत राम और रविंद्र, संयोजक कृष्ण कुमार और प्रेम दास, मुखी महात्मा लाल सिंह, भागीरथ, गरीब दास, प्रवीण आचार्य, संचालक महाजन सिंह, कृष्ण, डिंपल, अमर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### महादेव में गंदगी की भरमार, बीमारियों का खतरा

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में जगह-जगह कई प्रकार की गंदगी फैलने से दूषित वातावरण बन गया है। ग्राम पंचायत महादेव में के सार्वजनिक स्थलों में बास मारते कूड़े-कचरे के फैलने से घनी आबादी में इसलिए भी जहर घुल रहा है क्योंकि अब तो सड़क मार्ग पर ही तरह-तरह का कूड़ा कर्कट डाल दिया जा रहा है जिससे दिनों दिन स्थिती खराब होती जा रही है। ग्राम पंचायत के तालाबों सहित झाड़ियां, नालियां, सरकारी क्षेत्र के परिसर धनोटू सब्जी मंडी आदि के परिसर एवं सड़क मार्ग दुर्गंध मारते प्लास्टिक कचरे तथा अन्य गंदगी से अटे पड़े हैं। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत महादेव स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त पंचायत रही है मगर इसे देखकर लगता है कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 से जुड़ा यह विशाल ग्रामीण क्षेत्र जिससे शहरी क्षेत्र सुंदरनगर सहित कई इलाके जुड़े हैं। लोगों ने डीसी से मांग उठाई है कि शीघ्र ही प्रदूषण के लिए जमा हो रहे इस जखीरे के नियंत्रण के लिए सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं।

# कटौला बाजार पर मंडराया खतरा

## जमीन धंसी तो 34 दुकानों व 3 घरों को होगा नुकसान, लोनिवि की लापरवाही पर लोगों में आक्रोश

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



बारिश के कारण कटौला बाजार में हो रहे धंसाव से मंडराया खतरा।

**मंडी।** जिला में भारी बारिश के चलते सराज, करसोग, धर्मपुर, नाचन, सदर मंडी, एनएच-21 मंडी-मनाली में भारी तबाही हुई है। आपदा के इस शोर में द्रंग विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख केंद्र कटौला बाजार के धंसाव के खतरे को अनदेखा किया जा रहा है। जबकि हाल ही में हुए भू-धंसाव की वजह से कटौला बाजार में ग्रामीण बैंक के सामने से लेकर नेगी के ढाबे तक करीब चौतीस दुकानों और करीब तीन घरों के वजूद पर खतरा मंडरा रहा है।

मंडी-कुल्लू वाया कटौला सड़क के किनारे स्थित इस बाजार के साथ ही इस महत्वपूर्ण सड़क को भी खतरा हो सकता है, क्योंकि इस बाजार के साथ सटी यह सड़क तभी तक सुरक्षित है जब तक कटौला मार्केट सुरक्षित है। यह सड़क वैकल्पिक रूप से मंडी-कुल्लू की लाइफ लाइन है। मगर लोक निर्माण विभाग पूरी तरह से आंखें मूंदे हुए है। कटौला बाजार के लोगों की हालत ये है कि आगे कुआं तो पीछे खाई है। यहां पर करीब दस दुकानों और तीन घरों के पिछवाड़े नींव तक भूमि का कटाव हो गया है और लगभग सौ फुट की सीधी ढांक बन गई है। जबकि सामने लोक निर्माण विभाग की ड्रेन जिसमें कटौला अस्पताल से लेकर लोगों के घरों और दुकानों तथा बाजार का पानी आता है, जो अपने साथ रेत-बजरी बहाकर लाता है और सब खतरे में पड़ी इन दुकानों के सामने जमा हो जाता है, जिसकी वजह से यहां पर पानी का बहाव रुक जाता है। जिसका रिसाव खतरे की जद में आई दुकानों और मकानों के नीचे से हो रहा है।

स्थानीय निवासी, परस राम, परम देव, विनोद कुमार, गेहर, मोती राम आदि ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की यह ड्रेन पूरी तरह से टूटी-फूटी है, जिसकी वजह से सड़क में भी गड्ढे पड़ गए हैं, बार-बार लोक निर्माण विभाग के समक्ष फोन पर शिकायत करने पर एक बार भी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि विभागीय लापरवाही के चलते उन्हें दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। उधर, द्रंग के पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने स्थानीय दुकानदारों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया।

**पूर्व विधायक और पंचायत ने समाधान की उठाई मांग**

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि कटौला की इस समस्या को गंभीरता से लिया जाए। जिला मुख्यालय से बड़े अधिकारी ग्राउंड जीरो पर जाकर जायजा लें और इस बाजार को बचाने का प्रयास किया जाए, वहीं पर स्थानीय पंचायत के उप प्रधान शिवचंद ने बताया कि ड्रेन की इस समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग को अवगत करवा कर इसकी मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत की ओर से भी इस बारे प्रस्ताव जिला प्रशासन का भेजा जाएगा।

## विधायक का आमरण अनशन छठे दिन भी जारी, कई संगठनों का मिला समर्थन



**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर की ओर से अवाह देवी चौक पर किया जा रहा अनशन समर्थकों के क्रमिक आंदोलन के साथ छठे दिन भी जारी रहा। परंतु अभी तक केंद्रीय एजेंसी पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

जानकारी के अनुसार रविवार को केंद्रीय भूतल परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा हिमाचल प्रदेश के मंडी दौरे पर रविवार को पहुंच रहे हैं। समर्थकों व आम लोगों ने राज्य मंत्री से मांग कि है कि वे पहले धर्मपुर के अवाह देवी चौक पर सत्याग्रह आंदोलन का दौरा करें और चल रहे आंदोलन को खत्म करवा कर राष्ट्रीय राजमार्ग तीन पर चल रही अनियमितताओं को दूर करके लोगों को राहत पहुंचाएं। आंदोलन को तेज करने के लिए वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद इकाई सरकाघाट के अध्यक्ष प्रकाश चंद चौहान ने अपने दल के साथ अपना समर्थन पत्र भी विधायक को सौंपा, दिव्यांग कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हरिदास प्रजापति ने भी अपने दल के साथ आंदोलन को समर्थन जारी रखने की बात कही। सीएमओ मंडी डॉक्टर ने सत्याग्रह स्थल पर पहुंच कर विधायक से उनके स्वास्थ्य के संदर्भ में बात की। कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया, कांग्रेस पार्टी के राज्य महासचिव शशि शर्मा, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, नशा निवारण बोर्ड के संयोजक नरेश ने भी स्थल पर पहुंचकर विधायक से बातचीत की। प्रशासन पिछले 6 दिनों से पूरे प्रकरण पर नजर रखे हुए हैं।

## एसपीएस की लक्षिता वर्मा ने 12वीं के परिणाम में झटका 9वां स्थान



12वीं कक्षा के संशोधित परीक्षा परिणाम में 9वां स्थान प्राप्त करने के उपरांत खुशी मनाते हुए।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल कक्षा 12वीं (सत्र 2024-25) की मेधावी छात्रा लक्षिता वर्मा ने संशोधित बोर्ड परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए पूरे बोर्ड में 9वां स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि विद्यालय के गौरव को और ऊंचाइयों तक ले गई है।

लक्षिता अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के लिए जानी जाती हैं। उनके पिता राज कुमार वर्मा, जो व्याख्याता रसायन विज्ञान रावमपा जमनी और माता रचना (स्नातक, लोक प्रशासन) ने सदैव उन्हें उच्च शिक्षा और कड़ी मेहनत का महत्व समझाया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेमचंद ठाकुर, प्राचार्य नरेंद्र कुमार गौतम, चेयरमैन सुरेंद्र राणा और स्कूल सुप्रिटेंडेंट नेक राम ने लक्षिता को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता मेहनत, पारिवारिक सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि लक्षिता भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और समाज का नाम रोशन करेंगी। इस सफलता में लक्षिता के विषय अध्यापकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लक्षिता का सपना एक डॉक्टर बनने का है। विद्यालय परिवार, प्राचार्य, सुप्रिटेंडेंट, शिक्षकगण और समस्त छात्र-छात्राओं ने लक्षिता वर्मा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वह आगे भी अपनी मेहनत और लगन से सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी।

## पंकज का एचपीएफएएस में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सकलाना गांव के होनहार युवक पंकज ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा में सेक्शन ऑफिसर पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पंकज ठाकुर के पिता भाग सिंह ब्रांच पोस्ट मास्टर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, वहीं उनकी माता सरोज ठाकुर एक गृहिणी होते हुए वर्तमान में ग्राम पंचायत सकलाना में वार्ड सदस्य के रूप में लोगों की सेवा कर रही हैं। पंकज ठाकुर की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक पाठशाला सकलाना से हुई। इसके बाद उन्होंने 12वीं की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्योह से पूरी की और फिर कंप्यूटर साइंस में बी.टेक एलआर ग्रुप सोलन से की। वर्ष 2019 में पंकज ने न्यायिक विभाग धर्मपुर में नौकरी शुरू की और आज कड़ी मेहनत व लगन से हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा में चयनित होकर गांव व क्षेत्र का नाम ऊंचा किया है। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत सकलाना में हर्ष की लहर दौड़ गई। पंचायत प्रधान सुरेंद्र ठाकुर, उपप्रधान रवि कुमार, पूर्व प्रधान बलवंत सिंह, पूर्व उपप्रधान ओम चंद,सदस्य मंजू देवी, नीतू देवी, सुमना देवी, सरोज देवी, चमन लाल हिमालियन, नरेंद्र सिंह, अमर सिंह, परमा राम, बिहारी लाल, प्रदीप कुमार, लेख राज, जय सिंह, सुरेंद्र कुमार, अजीत सिंह, कल्याण सिंह, संत राम सकलानी, चेत राम, जगदीश चंद, सोहन सिंह, राजेश कुमार, केहर सिंह, सुनील कुमार सहित अनेक ग्रामीणों ने पंकज ठाकुर और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी।

## केंद्र से पहुंचे 7 मंत्री, पर प्रदेश का एक भी मंत्री फील्ड में नहीं : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि आपदा की इस घड़ी में प्रधानमंत्री हिमाचल का दौरा कर चुके हैं। केंद्र से 7 मंत्री हिमाचल के लोगों का दु:ख दर्द बांटने पहुंचे हैं लेकिन प्रदेश सरकार का एक भी मंत्री फील्ड में नहीं है। मुख्यमंत्री के पास ही जनता का दर्द सुनने का समय नहीं है। जब भी कहीं प्राकृतिक आपदा से नुकसान होता है तो मुख्यमंत्री दिल्ली भाग जाते हैं। चंबा में इतनी बड़ी आपदा आई, तो मुख्यमंत्री अपने नेता राहुल गांधी के साथ चुनाव प्रचार के लिए बिहार भाग गए। क्या यही करने के लिए जनता ने उन्हें चुना है।

शनिवार को चंबा जिला का चार दिवसीय दौरा करने के बाद मंडी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने ये आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एक असंवेदनशील इंसान हैं। जनता तकलीफ में है, उससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। इन्हें तो इनके गांधी परिवार के नेता नाराज न हो उसकी चिंता सताती है। उन्होंने कहा कि हम पहले दिन से ही जनता के बीच में हैं और कुछ देने की हालत में नहीं हैं लेकिन जनता के हर दुखदर्द में साथ खड़े हैं। हमारी पार्टी राहत लेकर जनता के बीच जा रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी कोई एक बोरी राशन दिखा दे जो इन्होंने पीड़ितों को दिया हो।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने दौरे के बाद 7 मंत्री हिमाचल में धरातल पर नुकसान का जायजा लेने और पीड़ित लोगों की मदद करने को उतारे लेकिन उनके मंत्री शिमला सचिवालय से बाहर नहीं निकल पाए। जयराम ठाकुर ने दरंग विधानसभा के औट, पलसेहड़, स्वाखरी, टिक्कर, कथयारी, राहला और कटौला पंचायतों के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उनके साथ दरंग भाजपा नेता ज्योति कपूर, मेहर चंद भारती और भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा भी साथ थे।

### अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक में शिक्षक दिवस का आयोजन

## कुलपति ने गुरु-शिष्य परंपरा पर डाली रोशनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते विश्वविद्यालय कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी।

अभिलाषी विश्वविद्यालय मंडी ने अपने शिक्षकों के अमूल्य योगदान का सम्मान करते हुए शिक्षक दिवस को भव्यता के साथ मनाया। इस समारोह का उद्देश्य शिक्षा और प्रेरणा के माध्यम से राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना था।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी व नगर परिषद् नेरचौक की अध्यक्षा डॉ. नर्वदा उपस्थित रहे। जिन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए उनके अथक समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए शिक्षक बिरादरी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने मजबूत और प्रगतिशील समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने भी शिक्षक-छात्र संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने साथ ही साथ गुरु से प्रेरित होकर विश्व ख्याति प्राप्त करने वाली महत्वपूर्ण हस्तियों में प्रख्यात भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णनन, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, चंद्रगुप्त मौर्या व भारतीय गणितज्ञ डॉ. श्रीनिवास रामानुजन को भी याद किया। कार्यक्रम का समापन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने अपने शिक्षकों को समर्पित गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए, और सबसे रचनात्मक और हार्दिक तरीके से अपना आभार व्यक्त किया, वहीं इस मौके पर विवि के प्रतिकुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी ने भी विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी।

इस कार्यक्रम में अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, सभी विभागों के डीन, डायरेक्टर, स्टाफ व छात्र मौजूद रहे।

## अदालत में दशकों से हिंदी में वकालत

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

हिंदी दिवस विशेष

**मंडी।** सुंदरनगर उपमंडल में गांव खिलड़ा के निवासी एडवोकेट नरेंद्र कुमार शर्मा गत अढ़ाई दशकों से भी ज्यादा समय से जिला न्यायालय मंडी व उप मंडलीय न्यायालय सुंदर नगर दोनों जगह हिंदी भाषा में ही अपनी वकालत जारी रखे हुए हैं। 'अनंत ज्ञान' को नरेंद्र शर्मा ने बताया कि हिंदी में ही वकालत करने की प्रेरणा तात्कालिक न्यायाधीश दुर्गा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में कुछ परेशानियां आईं लेकिन संवैधानिक नियमों का हवाला देकर हिंदी में ही वकालत जारी रखी। वर्ष 2013 में इस हिंदी भाषा से प्रेम के चलते इन्हें हिमाचल एक्सीलेंस अवॉर्ड भी मिला है।

एडवोकेट शर्मा ने बताया कि भारतीय संविधान की धारा 343 में देवनागरी लिपि में हिंदी भाषा को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर धारा 351 में विशेष दर्जा देकर प्रोत्साहन देने का काम संविधान सभा ने किया है। वर्तमान प्रधानमंत्री द्वारा विदेशों में हिंदी भाषा में भाषण देने पर इस विशेष बल मिला है। अंग्रेजी शासन काल के दौरान पंजाब सरकार द्वारा 18 जनवरी 1906 को जारी अधिसूचना में हिंदी भाषी क्षेत्रों के न्यायालय में जिला स्तर पर भाषा हिंदी रखी गई थी। इसके अलावा भी भारतीय संविधान के अनुसार हिंदी भाषी राज्यों यूपी, बिहार, एमपी व राजस्थान की सरकारों ने भी अपने अपने प्रदेश में हाई कोर्ट में हिंदी को मान्य करवाया है। हालांकि हिमाचल की हिंदी भाषी राज्य ही है लेकिन हाई कोर्ट में ऐसा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है। नरेंद्र ने सुंदरनगर में एक निजी कॉलेज से स्नातक उपाधि के पश्चात उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर से एलएलबी पास कर 1999 वकालत शुरू की। उन्हें इस बात का रंज है कि हिमाचल में हिंदी को न्यायालय को मान्यता नहीं है।

### उच्च न्यायालय भी रहा पक्षधर

**हिमाचल** सरकार द्वारा भी संविधान की धारा 345 के तहत 4 दिसंबर 1976 को जारी अधिसूचना में जिला स्तरीय न्यायालयों की भाषा के लिए हिंदी को मान्यता दी गई है। सीपीसी की धारा 137 और 10 अप्रैल 2000 के अधिसूचना में सीआरपीसी की धारा 272 में हिंदी को मान्य करके हिमाचल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एमआर वर्मा द्वारा अपील नंबर 452/1999 दिनांक 10 अगस्त 2000 के निर्णय में जिला स्तरीय न्यायालयों की भाषा हिंदी को वैध ठहराया है।

## परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 के अंतर्गत रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 14 सितंबर को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एनडीए एवं एनए (द्वितीय) तथा सीडीएस (द्वितीय) परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास पूर्ण शांति व्यवस्था बनाए रखना अनिवार्य होगा। सदर मंडी में यह परीक्षा वल्लभ महाविद्यालय मंडी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) मंडी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (कन्या) मंडी तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में आयोजित की जाएगी। उपमंडल दंडाधिकारी मंडी (एसडीएम ) रूपिंदर कौर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक या राजनीतिक आयोजन, लाउडस्पीकर के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## समाजसेवी व उपप्रधान जय सिंह ने पधर अस्पताल को दिए 2 टेबल व 2 अलमीरा



नागरिक अस्पताल पधर को समान भेंट करते हुए समाजसेवी जय सिंह राणा।

**अनंत ज्ञान, पधर**

द्रंग विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी व कजौटधार पंचायत के उप प्रधान जय सिंह राणा ने नागरिक अस्पताल पधर को अपनी और से दो टेबल और दो अलमीरा भेंट किए।

वहीं उन्होंने इससे पहले अस्पताल में एक व्हीलचेयर व एक स्ट्रेचर भी भेंट किया है, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वही जय सिंह राणा ने कहा कि अगर अस्पताल में किसी तरह के सामान की जरूरत होगी तो वे वो भी भेंट करेंगे। जय सिंह राणा एक सामाजिक कार्यकर्ता है और वे दिन रात लोगों की समस्याओं को समझते हुए लोगों की सेवा में है। वही जय सिंह राणा क्षेत्र के मंदिरों में भी बर्तन भेंट करेंगे। जय सिंह राणा एक गरीब परिवार से पले बढ़े है और गरीबों का दुख दर्द समझते है, जिस कारण अब उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता बन कर समाज की सेवा करने की ठानी है।

जय सिंह राणा की पत्नी उसी पंचायत की प्रधान है जिस पंचायत में वे उपप्रधान हैं, वहीं बीएमओ पधर डॉक्टर संजय गुप्ता ने जय सिंह राणा का धन्यवाद किया है व कहा है कि इस तरह से अन्य लोगों को भी सामाजिक कार्य में भाग लेना चाहिए।

**सख्ती** देवस्थलों की मर्यादा बनाए रखने को लेकर सर्व देवता सेवा समिति की बैठक संपन्न

## देवताओं की मर्यादा भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए देवता कमेटी के अध्यक्ष शिव पाल शर्मा ।

देव सदन मंडी में सर्व देवता सेवा समिति की कार्यकारिणी की बैठक समिति के अध्यक्ष शिव पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रमुख देवी-देवताओं के गुर, पुजारी और कारदारों ने भाग लिया। हाल ही में आई त्रासदी को लेकर सभी देवताओं से प्रार्थना कर उनके विचार जानने का अनुरोध किया गया था। उपस्थित गुरों ने बताया कि सभी देवता अपने स्थानों पर एकांत चाहते हैं, लेकिन अब तीर्थ स्थलों को पिकनिक स्थलों में बदला जा रहा है, जहां शराब की बोतलें, कपड़े और अन्य अपवित्र वस्तुएं तक पाई गई हैं।

देवताओं की वाणी के अनुसार, श्रद्धालु अब मर्यादा भूलकर मनमर्जी कर रहे हैं। कारदारों ने सुझाव दिया कि मंदिरों से सड़कें कम से कम तीन किलोमीटर दूर हों और मंदिरों के आसपास कोई पर्यटन स्थल या विश्राम गृह न बने। यह भी कहा गया कि हिमाचल, उत्तराखंड और विदेशों में हो रही त्रासदी प्राकृतिक प्रकोप है, जिससे निपटने के लिए मनुष्यों को मर्यादा में रहकर आचरण करना होगा। बैठक में यह भी प्रस्ताव आया कि मंडी में भूतनाथ मंदिर के गर्भगृह के बाहर एक ऐसा स्थान बनाया जाए, जहां सभी देवताओं के गुर बैठकर निर्णय ले सकें।

अध्यक्ष ने कहा कि इस पर सभी समितियां अपने-अपने देवताओं से अनुमति लेंगी, फिर प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि जो भी व्यक्ति देव परंपरा को भंग करेगा, चाहे वह किसी भी पद पर हो, उसे तुरंत बर्खास्त किया जाए और चरित्रवान व्यक्ति को नियुक्त किया जाए। शिकारी जोगनी, तुंगेश्वरी (स्नोर), देवी फूंगनी (चौहार), फूटा खल की नौनी जोगनी जैसे स्थानों पर आम लोगों का जाना वर्जित है, ये निरोल की भगवतियां हैं और यहां केवल देवकार्य होता है। सरकार से अनुरोध किया गया कि सड़कों आदि का निर्माण मंदिरों से तीन

**तीर्थ स्थलों से तीन किमी दूर हो विकास कार्य**

किलोमीटर की दूरी पर हो, ताकि देव परंपरा और स्वच्छता बनी रहे। बैठक में तीर्थ राज, राजू राम, मोहन लाल, उपप्रधान सुरेंद्र भगोरिया, सचिव हेम राज, भीम देव, संयुक्त सचिव हुक्म चंद, संगठन सचिव रेवती राम, सलाहकार मनोज कुमार, प्रेस सचिव एवं कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, अमर सिंह, गिरधारी, डिक पॉल शर्मा, इंदर सिंह, कश्मीर सिंह, झाबे राम आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अंकित राज्य स्तरीय शिविर के लिए चयनित

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के लिए गर्व का विषय है कि कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के समर्पित स्वयंसेवी अंकित कुमार का चयन प्री -रिपब्लिक डे परेड 2026 के लिए होने वाले राज्य स्तरीय चयन शिविर के लिए हुआ है। एनएसएस स्वयंसेवियों के लिए यह शिविर एक अहम अवसर है, जहां विद्यार्थी अपनी नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करते हैं। इस शिविर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवियों का चयन आगे होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के लिए किया जाता है। अंकित ने कॉलेज में विभिन्न गतिविधियों जैसे जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण कार्यक्रम और सामाजिक जन-जनाग्रहण पहलों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। उनकी सतत लगन, नेतृत्व क्षमता व अनुशासन ने उन्हें इस उपलब्धि तक पहुंचाया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलविंदर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम, प्रो. कविता कोशल, डॉ. राम कुमार नेगी आदि ने बधाई दी।

### चिंतपूर्णी में लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मेट्रोपोलिस द्वारा चिंतपूर्णी के नए बस स्टैंड स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में टीएसबी, एचबी और कोलेस्ट्रॉल के टेस्ट निशुल्क किए गए, जबकि अन्य टेस्टों पर 20 फीसदी छूट दी गई। राजीव ठाकुर ने बताया कि इस तरह के कैंप आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें और अपने स्वास्थ्य की जांच करा सकें।

### कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव 17 नवंबर को

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** दी धलवाड़ी कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रबंधक कमेटी का चुनाव 17 नवंबर को होगा। नामांकन की प्रक्रिया 27 अक्तूबर से शुरू होगी और 31 अक्तूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। सभा सचिव कैलाश देव ने बताया कि ऋणी सदस्यों को 16 अक्तूबर तक अपनी देय राशि जमा करवानी होगी, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके।

### चिंतपूर्णी में भागवत सप्ताह 15 सितंबर से

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान महायज्ञ विश्व कल्याण पितरों की तृप्ति के लिए एलजेएन धर्मशाला में 15 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है आचार्य डॉ. रामकुमार कौल अपने प्रवचनों से अमृत की वर्षा करेंगे। मुख्य यजमान वशिष्ठ परिवार दिल्ली होंगे। 21 सितंबर को पूर्ण आहुतियों के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# पंचायत चुनावों की शुरू हुई हलचल

## पंचायतीराज चुनावों की दस्तक से गांवों में सियासी तापमान चरम पर

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** उपमंडल बंगाणा की तनोह/लठियानी/ढयुंगली (कोडरा), पंचायतीराज चुनावों की आहट ने गांवों की फिजाओं में एक अलग ही सियासी सरगर्मी घोल दी है। चौपालों से लेकर चाय की दुकानों तक, खेत-खलिहानों से लेकर घर की दहलीजों तक अब हर ओर केवल एक ही चर्चा है इस बार किसका सिक्का चलेगा? हालांकि, चुनावी रोस्टर का औपचारिक ऐलान अभी बाकी है, लेकिन संभावित आरक्षण व्यवस्था को लेकर गांवों में कयासों का दौर पूरे उफान पर है। किस सीट पर आरक्षण लगेगा, किस वर्ग को मौका मिलेगा और कौन-कौन मैदान में उतरने को तैयार हैं। इन तमाम सवालों पर गांवों में चर्चा की गर्मी शरद ऋतु की ठंडक को भी मात दे रही है।

- चुनावी रोस्टर का औपचारिक ऐलान होना अभी बाकी
- चुनावों की आहट ने गांवों की फिजाओं में एक अलग ही सियासी सरगर्मी घोल दी है

### जिला परिषद व पंचायत चुनाव, युवा शक्ति मैदान में

**वार्ड** पांच मुछाल्ली से जिला परिषद सदस्य की सीट को लेकर भी राजनीतिक पारा चरम सीमा पर चढ़ा हुआ है, अगर यह सीट एससी के लिए आरक्षित होती है, तो कई नई और संभावित दावेदारियों का जन्म हो सकता है। वहीं, यदि यह पुरुष ओपन रही, तो इस वार्ड से भी कई युवा चेहरे अपने भाग्य को आजमाने की तैयारी में हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति से लैस इन युवाओं की एंट्री चुनाव को और भी रोमांचक और प्रतिस्पर्धी बना सकती है। पंचायत समिति सदस्य व वार्ड पंच तक के लिए भी युवाओं का जोश देखते ही बनता है। पहले जहां पंचायत चुनाव अनुभव व उम्र के तराजू पर होते थे, अब नई पीढ़ी अपने विजन और साहस से मैदान में उतरने को आतुर है। हालांकि, रोस्टर की औपचारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन राजनीतिक गोटियां पहले ही बिछनी शुरू हो चुकी हैं। कौन किस खेमे में जाएगा? किन चेहरों को समर्थन मिलेगा और किनका खेल शुरुआती दौर में ही खत्म हो जाएगा। इन सवालों के जवाब आने वाले दिनों में सामने आएंगे।

### रोस्टर की घोषणा बन सकती है सियासी भूकंप की वजह

**सभी** का ध्यान अब चुनाव आयोग द्वारा घोषित की जाने वाली आरक्षण सूची पर टिकी है। एक बार जैसे ही रोस्टर सामने आएगा, सियासी समीकरणों में बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है। कई अनुभवी और युवा चेहरों की दावेदारों की किस्मत चमक सकती है, तो कुछ को मैदान से बाहर बैठना पड़ सकता है। यह तय है कि पंचायतीराज चुनाव 2025 सिर्फ एक प्रशासनिक कवायद नहीं रहेंगे, बल्कि यह चुनाव गांव-गांव में लोकतंत्र की गूंज व जनता की ताकत का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आएंगे। विचार करें, चर्चा करें, और निर्णय करें और इस महापर्व में सभी लोग अपने मत का प्रयोग अवश्य करें, क्योंकि अब वक्त आ गया है, जब गांव की किस्मत उसकी जनता तय करेगी और विकास का एक नया अध्याय भी हर गांव गांव में शुरू होगा।

### प्रधान पद : एक कुर्सी, हजार नजरें

**ग्राम** पंचायतों के सबसे अहम पद प्रधान को लेकर विशेष चर्चाएं हो रही हैं, अगर सीट ओपन रहती है, तो कौन दावेदार होगा? अगर महिला ओपन होती है, तो किन चेहरों की किस्मत चमकेगी? और अगर सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हुई, तो कौन मैदान में अपनी सियासी ताकत दिखाएगा? तनोह, लठियानी और ढयुंगली (कोडरा) पंचायतों की मौजूदा स्थिति देखें तो ये सभी पुरुष ओपन सीटें हैं। आश्चर्य की बात यह है कि पिछली बार तनोह पंचायत में ओपन सीट होने के बावजूद एक महिला(शकुंतला शर्मा) उम्मीदवार ने महिला शक्ति की ताकत से सभी पुरुषों को पछाड़ते हुए जीत का परचम लहराया। यह जीत केवल व्यक्तिगत नहीं थी, बल्कि सामाजिक चेतना व महिला सशक्तिकरण का भी संदेश समाज को दिया।

# राजन शर्मा बने लेक्चरर संघ के मुख्य मीडिया सचिव, ऊना में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रांतीय प्रेस एवं संगठन सचिव राजन शर्मा को हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के मुख्य सरक्षक लोकेंद्र नेगी प्रदेश प्रधान अजय नेगी व टीम ने लेक्चरर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी में बतौर चीफ मीडिया सचिव नियुक्त किए जाने पर ऊना जिले के विभिन्न लेक्चरर यूनिटों ने राजन शर्मा को बधाई दी है।



ऊना जिला लेक्चरर संघ के वरिष्ठ नेताओं विकास रतन, विक्रम ठाकुर, मुकेश सलारिया एवं अन्य दर्जनों नेताओं ने बताया कि लेक्चरर संघ के प्रदेश के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने सदैव लेक्चरर संघ की मांगों को पूरे प्रदेश स्तर पर सशक्त ढंग से उठाया है, जो अपने आप में बहुत अनुकरनीय है। नवनिर्वाचित के मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया कि लेक्चरर संघ ने जो दायित्व उन्हें पुन: सौंपा है, वह उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए लेक्चरर संघ के मुख्य संरक्षक लोकेंद्र नेगी, प्रदेश प्रधान अजय नेगी, महासचिव इंदर सिंह ठाकुर, चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, कार्यकारी अध्यक्ष दीप सिंह खन्ना एवं संघ के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

राजन शर्मा ने बताया कि पहले वह वर्षों यूनिट प्रधान, जिला स्तर पर वर्षों प्रेस सचिव रहे और काफी देर बार प्रदेश में अनेक महत्वपूर्ण पदों के साथ-साथ बतौर प्रेस सचिव भी कार्य किया और बुद्धिजीवियों के संगठन में बतौर मुख्य मीडिया सचिव नियुक्त होने पर राजन शर्मा ने प्रदेश कार्यकारिणी का आभार जताया है और प्रदेश के सभी पदाधिकारी वर्ग को बधाई दी है। राजन शर्मा ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी के प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ की प्रदेश की नई कार्यकारी ने लेक्चररों से संबंधित लंबित पड़े मामलों का चार्ट तैयार कर लिया है और जल्द बारी-बारी इनको हल करवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा और काफी समय से लंबित मांगों को भी सरकार के समक्ष प्रस्तुत करके उनका हल करवाया जाएगा। राजन शर्मा ने बताया कि इस समय प्रदेश आपदा की स्थिति से भी गुजर रहा है।

# बंगाणा कॉलेज में प्रतिभा खोज-दर्पण का शुभारंभ

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



प्रतिभा खोज-दर्पण 2025 प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी और अध्यापक।

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में शनिवार को दो दिवसीय कार्यक्रम प्रतिभा खोज-दर्पण 2025 का भव्य आयोजन आरंभ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक प्रो. अनु लखनपाल ने की, जबकि मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन वैदेही शर्मा और तनु ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें वाद-विवाद, भाषण तथा प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वैदेही शर्मा (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान तनु ठाकुर (बीए द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान दीक्षा शर्मा (बीसीए पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किरण कनेत (बीए प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान रिया शर्मा (बीएससी द्वितीय वर्ष) और तृतीय स्थान कल्पना (बीसीए फाइनल) ने हासिल किया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. रमेश ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई प्रतिभा और हुनर होता है, जिसे पहचान व मंच की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आगामी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर कॉलेज की उपप्राचार्य रेखा शर्मा, प्रो. अणु लखनपाल, प्रो. किरण कुमारी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. रीना देवी, प्रो. सिकंदर नेगी, डॉ. कुलदीप सिंह, प्रो. अरविंद रत्न, प्रो. रंजना, प्रो. प्रशांत, प्रो. राजिंदर सिंह, आरती सहित अन्य अध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने व उन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड चेयरमैन डॉ. राजेश से भेंट करेगा लेक्चरर संघ

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मीडिया सचिव राजन शर्मा ने यहां जारी एक प्रेस बयान में बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व में जल्द शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर राजेश शर्मा से भेंट करेगा।

मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया कि लेक्चरर संघ की लंबित पड़ी मांगों के बारे में जो शिक्षा बोर्ड से संबंधित हैं शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन को अवगत कराया जाएगा। संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी मुख्यसंरक्षक लोकेंद्र नेगी, महासचिव इंदर सिंह ठाकुर, चेयरमैन सुरिंदर पुंडीर वर्किंग प्रेसीडेंट दीप सिंह खना के चीफ मेंडर राजेश सैनी वेस्ट उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, मुख्य सलाहकार चंद्रदेव ठाकुर, वित्त सचिव सुरजीत सिसोदिया मुख्य वेब सचिव भूपेश नेगी, विजय आर्य, उपाध्यक्ष विकास रतन, वरुण लखनपाल ने बताया कि शिक्षक वर्ग का काफी समय से परीक्षा मेहनताना लबिंत पड़ा हुआ है।

उसका भुगतान जल्द किया जाए। लेक्चरर संघ के प्रदेश मुख्य मीडिया प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि एनसीईआरटी एवं रेफरेंस बुक आदि मुख्य मुद्दों पर भी शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा एवं अन्य उच्च अधिकारियों से व्यापक चर्चा की जाएगी और बोर्ड से संबंधित लेक्चरर वर्ग के लंबित पड़े मामलों को भी सुलझाया जाएगा। संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी इंद्र ठाकुर और मुख्य मीडिया प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि पहले जल्द राज्य कार्य समिति की बैठक होगी। उसमें एजेंडा तैयार किया जाएगा और उसके बाद आगामी कार्रवाई अमल अमल में लाई जाएगी।


स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विकास खंड अंब की वित्तीय सखी ममता रानी के साथ।

# महिलाओं को सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

विकासखंड अंब की वित्तीय सखी ममता रानी ने ग्राम पंचायत घघरेट के स्वयं सहायता समूह के साथ चर्चा की और महिलाओं को सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया और बैंकों से ऋण लेने के बारे में बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। स्वयं सहायता समूहों को सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है, जैसे कि प्रारंभिक सहायता राशि, अतिरिक्त सहायता, बचत और ऋण सुविधा और स्वरोजगार के अवसर। इस तरह की पहल से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकती हैं।

# आपदा प्रबंधन में सुक्खू सरकार विफल : राणा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा के नेता व सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने आपदा प्रबंधन को लेकर सरकार को घेरा है। ऊना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 2023 में भी बारिश से भारी नुकसान हुआ था और तब भी करोड़ों रुपए की सहायता केंद्र ने की थी। उस राशि की बंदरबांट की गई।

राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र में भी कई अपात्र लोगों को पैसे बांटे गए। इसके प्रमाण उनके पास हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री वित्तीय समस्या का रोना रो रहे हैं और दूसरी ओर सरकार में गैर जरुरी ऐसी नियुक्तियां करके मित्रों पर खजाना लुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले मिले धन का यू सी केंद्र को भेजकर अगली सहायता ली जाती है, जो मिला है उसके लिए वर्तमान सरकार केंद्र का आभार तक नहीं कर पाई। सरकार बुरी तरह विफल हो चुकी है और आने वाले समय में लाखों बेरोजगार युवा इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। केंद्र व स्थानीय सांसद आपदा को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

# मुबारिकपुर व बड़ूही में आईटीएमएस कैमरों से वाहन चालकों पर रहेगी नजर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



ऊना जिले में ट्रैफिक प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में मुबारिकपुर स्थित लिप गार्ड कंपनी के समीप तथा बड़ूही में पेट्रोल पंप (अंब-ऊना रोड) के पास नए आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) कैमरे स्थापित कर दिए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, इन कैमरों की स्थापना से यातायात व्यवस्था पर निगरानी रखना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना आसान होगा। कैमरे अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं, जिनकी मदद से ओवरस्पीडिंग, रेड लाइट जंप, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाना जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। आईटीएमएस कैमरे न केवल यातायात नियम तोड़ने वालों की पहचान करेंगे, बल्कि दुर्घटनाओं की स्थिति में सटीक जानकारी उपलब्ध करवाने में भी सहायक सिद्ध होंगे। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि कैमरों की स्थापना से सड़क हादसों में कमी आने की संभावना है और यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा मिलेगा। थाना प्रभारी अंब अनिल उपाध्याय ने कहा कि आईटीएमएस कैमरे सड़क सुरक्षा की दिशा में बड़ा बदलाव लाएंगे। इन कैमरों से नियम तोड़ने वालों पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें।

# पीएम के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी ऊना भाजपा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा जिला ऊना भारतवर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तौर पर मनाने जा रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि जनकल्याणकारी कार्यक्रम जनता की सेवा ही संगठन का मूलमंत्र है।

शनिवार को यहां प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिला ऊना अध्यक्ष शाम मिन्हास, जिला महामंत्री पहु लाल भारद्वाज, लखबीर सिंह ने बताया कि ऊना जिला इकाई द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से लेकर महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती (2 अक्तूबर) तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिले भर में विभिन्न सेवा व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला महामंत्री लखबीर सिंह लख्खी होंगे। इसमें अलग-अलग जनकल्याणकारी कार्यक्रम सभी विधानसभाओं में आयोजित होंगे। नेताओं ने बताया कि इस अवसर पर स्थानीय विधायकगण, पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, सभी भाजपा के मोर्चों तथा मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे

### भाजपा संगठन का मूलमंत्र ही 'सेवा ही संगठन'

**जिला** महामंत्री पहु लाल भारद्वाज ने कहा कि सेवा पखवाड़ा सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भाजपा की कार्य संस्कृति का हिस्सा है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद और सहयोग लेकर जाएं। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता भी इन कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले। भाजपा ऊना ने स्पष्ट किया कि सेवा पखवाड़ा केवल 15 दिनों का अभियान नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगी। संगठन ने संकल्प लिया है कि सेवा कार्यों के माध्यम से भाजपा जनता के बीच अपनी पहचान को और मजबूत करेगी तथा समाज के हर वर्ग के कल्याण में भागीदार बनेगी।

### हरोली अस्पताल ऊना में रक्तदान शिविर 17 को

जिला ऊना के हरौली अस्पताल ऊना में रक्तदान शिविर 17 सितंबर को लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम के सह संयोजक जिला महामंत्री लखबीर सिंह रहेंगे। इसमें भाजपा कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेंगे। शिविर में एकत्रित रक्त को जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए अस्पताल को सौंपा जाएगा।

प्रबुद्धजनों से संवाद समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के साथ जुड़ना और मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाना इस कार्यक्रम के सहसंयोजक भाजपा जिला ऊना उपाध्यक्ष रविंद्र होंगे तथा कार्यक्रम का आयोजन 19 सितंबर को चिंतपूर्णी विधानसभा में होगा। नशा मुक्त भारत फिट इंडिया के अनुरुप गगरेट विधानसभा में 5000 की मैराथन दौड़ का आयोजन 21 सितंबर को किया जाएगा। इसमें सह संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव शर्मा होंगे।

### 29 को प्रदर्शनी

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित व मोदी सरकार की उपलब्धियों पर एक प्रदर्शनी एमसी पार्क ऊना में 29 सितंबर को प्रदर्शित की जाएगी। इस कार्यक्रम के सह संयोजक दविंदर कौशल ऊना मंडल अध्यक्ष होंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सेवा, ईमानदारी और समर्पण की राजनीति दी है। उनका जीवन ही प्रेरणा है। सेवा पखवाड़ा के माध्यम से हम सब कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक सेवा और सहयोग का संदेश पहुंचा रहे हैं।

# भाषण प्रतियोगिता में रबीना प्रथम व कशिश रही द्वितीय

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. लीना शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका डॉ. प्रियंका के नेतृत्व में हुआ। इसमें तीन प्रमुख प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, दोहा गायन और कविता वाचन। लगभग 47 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

निर्णायक मंडल में प्रो. नेहा जसवाल, प्रो. श्रेया भारद्वाज और प्रो. अर्श सिंह राणा ने अपनी भूमिका निभाई। परिणामों में भाषण प्रतियोगिता में रबीना बेगम ने प्रथम, कशिश ने द्वितीय और सादिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। दोहा गायन प्रतियोगिता में कनिष शर्मा प्रथम, प्रिया द्वितीय और रेणुका तृतीय रहीं।

कविता वाचन में पलक प्रथम, शशि वाला द्वितीय और दीपिका तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्या डॉ. लीना शर्मा ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को हिंदी को सम्मान और गर्व की भाषा के रूप में अपनाने का आह्वान किया।

**पत्रकार वार्ता** बल्क ड्रग एसोसिएशन ने पर्यावरण स्वीकृति देने के लिए जताया आभार

# 20000 रोजगार के अवसर किए जा रहे पैदा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**


केंद्र से पर्यावरणीय मंजूरी मिलने पर खुशी का इजहार करते हरोली ब्लॉक इंडस्ट्री एसोसिएशन के सदस्य।

हरोली में बल्क ड्रग पार्क परियोजना को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दी गई पर्यावरण स्वीकृति पर हरोली ब्लॉक इडस्ट्री एसोसिएशन द्वारा केंद्र सरकार व राज्य सरकार का धन्यवाद किया।

शनिवार को सर्विस बिल्डिंग टाहलीवाल में पत्रकार वार्ता की गई। इसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कौशल द्वारा की गई। कौशल ने कहा कि ड्रग पार्क की स्वीकृति प्रतिष्ठित परियोजना के व्यावहारिक कार्यान्वयन व विकास के लिए एक उल्लेखनीय मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से हिमाचल प्रदेश फार्मास्युटिकल क्षेत्र के विकास की अपार संभावनाएं हैं। कौशल ने बताया की ड्रग पार्क से करीब 20000 रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। इसमें राज्य के राजस्व में वृद्धि व औद्योगिक विकास में बढ़ावा होगा। क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान रहेगा।

उन्होंने कहा कि कुछ तथाकथित डिजिटल कार्यकर्ताओं द्वारा झूठे व मनगढ़ंत दुष्प्रचार भी किया गया जो कि दुखद है, जो धोखाधड़ी से मीडिया में अपनी उपस्थिति बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने का एक बहुत बड़ा अवसर है। फार्मास्युटिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की इस परियोजना की क्षमता, जो वर्तमान में महत्वपूर्ण कच्चे माल के लिए चीन से आयात पर निर्भर है, उसको कम करके नहीं आंका जा सकता है। स्थानीय विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देकर, ड्रग पार्क न केवल क्षेत्र के लिए, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक पहल बनने के लिए तैयार है। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, दीपक पूरी, आरसी तनेजा, अश्वनी शर्मा, अंशुल वाटला, राकेश धीर, राजेश धीर, संदीप मनन, केवल सिंह, रजिंद्र कपिल, केके शर्मा, सतप्रकाश सैनी, महेश कुमार, रमन दीप नागपाल सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसके युवा कार्यकर्ता : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने यूथ कांग्रेस की बैठक में लिया हिस्सा।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के जोगी पंगा स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित यूथ कांग्रेस की बैठक में शिरकत की। बैठक में बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय युवा मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसके युवा कार्यकर्ता हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सिर्फ राजनीति करने के लिए राजनीति न करें, बल्कि समाज में बदलाव लाने व लोगों की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से राजनीति में सक्रिय हों। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी, अगर जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेगी, तो आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश की राजनीति नई दिशा लेगी। उन्होंने यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। विवेक शर्मा ने युवाओं से कहा कि वे गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनें और उन्हें पार्टी तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जनता के साथ लगातार संपर्क बनाए रखना ही असली राजनीति है। विधायक ने बैठक में राज्य सरकार की योजनाओं पर भी चर्चा की और कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा युवाओं और गरीब तबके के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। मौजूदा समय में युवा रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं से आपदा के समय बाढ़ ग्रस्त परिवार झुझ रहे हैं, ऐसे में यूथ कांग्रेस का दायित्व है कि इन मुद्दों को मुखरता से सरकार के सामने उठाया जाए।

विवेक शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि राजनीति सेवा का माध्यम है, सत्ता का साधन नहीं। उन्होंने युवाओं को नसीहत दी कि वे ईमानदारी और निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने में लगें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी और कांग्रेस संगठन को नए उत्साह और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाना होगा।

## विपक्ष केवल आंकड़ों और कागजों में कर रहा राजनीति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश इस समय भीषण प्राकृतिक आपदा के संकट से जूझ रहा है। लगातार बारिश और भूस्खलन ने कई जिलों में भारी तबाही मचाई है। घर टूट गए, खेत बह गए और सैकड़ों परिवार बेघर हो गए। इसी आपदा की घड़ी में राजनीति भी गरमा गई है। विवेक शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधायक राजेंद्र राणा पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में मुख्यमंत्री सुक्खू आपदा पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़े हैं और हर प्रभावित परिवार को सात लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है, ऐसे समय में राजनीतिक बयानबाजी करना सरासर अनुचित है। विवेक शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से 1500 करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज की घोषणा स्वागत योग्य है, लेकिन यह धन किस खाते में आएगा और इसे किस प्रकार पीड़ित परिवारों तक पहुंचाया जाएगा, इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष केवल आंकड़ों और कागजों में राजनीति कर रहा है, जबकि कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू जमीनी स्तर पर पीड़ित परिवारों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से भाजपा सांसदों पर निशाना साधा और कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र में हुए नुकसान पर सांसद उल्टे-सीधे बयान देकर न केवल राजनीति कर रहे हैं, बल्कि आपदा पीड़ितों के घावों पर नमक छिड़कने का काम भी कर रहे हैं।

# मनाली-केलांग के बीच 21 दिन बाद बस सेवा शुरू

## आपदा के करीब 3 सप्ताह बाद मनाली से केलांग की तरफ रवाना हुई निगम की बस, लोगों ने ली राहत की सांस

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**केलांग।** अटल टनल रोहतांग होकर केलांग-मनाली के बीच आखिर 21 दिनों के बाद एक बार फिर बस सेवा शनिवार से शुरू हो गई है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली-लेह मार्ग में अगस्त माह में बार-बार भूस्खलन के कारण काफी दिनों तक यातायात पूरी तरह से बंद रहा। इस दौरान मनाली से लेकर केलांग व केलांग से लेकर मनाली तक जगह-जगह कई दिनों तक सैकड़ों वाहन फंसे रहे। इस कारण वाहन चालकों सहित अन्य लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, मनाली-केलांग रूट पर भी बस सेवाएं बंद रही। हालांकि, बीआरओ की कड़ी मेहनत के बाद अभी कुछ दिन पहले सड़क मार्ग बहाल कर दिया गया। इसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हुई। इसी बीच अब शनिवार से मनाली-केलांग के बीच 21 दिन बाद एक बार फिर से बस सेवा शुरू हो गई है। हिमाचल पथ परिवहन निगम केलांग डिपो ने ठीक 21 दिन बाद इस मार्ग पर बसें दौड़ाई हैं। बस सेवा बहाल होने से लाहौल-कुल्लू के लोगों को सुविधा मिलेगी। लोगों को टैक्सियों के महंगे सफर से भी निजात मिलेगी। 21 दिनों तक इस मनाली-केलांग रूट पर निगम की बस सेवा पूर्ण रूप से बंद रहने से जनजातीय क्षेत्र लाहौल घाटी के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लिहाजा, अब 21 दिनों बाद बस सेवा शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।



मनाली-केलांग रूट पर 21 दिनों बाद गुजरती निगम की बस, बार-बार भूस्खलन के कारण काफी दिनों तक यातायात पूरी तरह से बंद रहा।

### बारिश व भूस्खलन के कारण कुल्लू व लाहौल स्पीति जिले में कई सड़क मार्ग अवरुद्ध

**इस** बार कुल्लू सहित लाहौल-स्पीति जिले में बारिश व भूस्खलन के कारण भारी नुकसान हुआ है। इस कारण जगह-जगह सड़कें अवरुद्ध होने से सबसे अधिक दिक्कतें लोगों को झेलनी पड़ रही हैं। आपदा के दौरान कई दिनों तक मनाली-लेह सड़क मार्ग बाधित रहा। इस दौरान हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की ओर से मनाली व केलांग रूट पर भी बसों की आवाजाही बंद ही रखनी पड़ी, अब 21 दिनों के बाद मनाली-केलांग बस सेवा शुरू हो गई है।

**शनिवार** से अटल टनल होकर हिमाचल पथ परिवहन निगम केलांग डिपो द्वारा एक बार फिर से आपदा के 21 दिन बाद केलांग-मनाली के बीच बस सेवा शुरू कर दी है। केलांग से मनाली सुबह 10 बजकर 15 मिनट और मनाली से केलांग सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर बस चलेगी। कुल्लू-मनाली के बीच सड़क की हालत सुधरने के बाद जल्द लंबी दूरी की बसों को भी शुरू किया जाएगा।

**अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

# पीएम मोदी के मार्गदर्शन में शीघ्र सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध : शांतनु

**अनंत ज्ञान, बंजार**

केंद्रीय राज्य मंत्री (पोर्ट्स, शिपिंग एवं जलमार्ग मंत्रालय), भारत सरकार शांतनु ठाकुर ने शनिवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित स्थानों का दौरा किया। उन्होंने वन विभाग के विश्रामगृह शाईरोपा में प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुशैनी, तीर्थन व सैंज में हालातों का जायजा लिया।

राज्य मंत्री ने बताया कि बंजार विधानसभा के दौरे के दौरान उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन किया। इस दौरान, आपदा पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल बाढ़ के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस कठिन समय में हिमाचल वासियों का धैर्य प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में, हम जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि 20 जून से 12 सितंबर तक हिमाचल में 386 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 451 लोग घायल हुए हैं। 41 लोग अभी भी लापता हैं। इस दौरान 168 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। राज्य में 538 पक्के, 834 कच्चे मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। 1878 पक्के और 4005 कच्चे मकानों को आंशिक तौर पर नुकसान हुआ है। यह हिमाचल प्रदेश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। इसकी कभी पूर्ति नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश का दौरा किया था और उन्होंने प्रदेश के आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात भी की थी। प्रधानमंत्री मोदी जनता का दर्द जानते और समझते हैं इसलिए उन्होंने तुरंत हिमाचल को 1500 करोड रुपए की राहत दी और प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार को उचित आदेश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार से 11 वर्षों में एसडीआरएफ फंड में कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों में 947.408 की तुलना में 3190.39 करोड़ की राशि दी है। वहीं, मोदी सरकार ने एनडीआरएफ फंड में कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों में 553.285 करोड़ की तुलना में 2,684.88 करोड़ हिमाचल को देने का काम किया है।



केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु बंजार में आपदा प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

# कुल्लू दशहरा के लिए दुकानें और मार्केट आवंटन का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला राजस्व अधिकारी व अध्यक्ष प्लॉट आवंटन समिति गणेश ठाकुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव का आयोजन आगामी 2 अक्तूबर से 8 अक्तूबर तक किया जा रहा है। इस अवसर पर ढालपुर मैदान में विभिन्न प्रकार की दुकानें, प्रदर्शनियां और वाणिज्यिक गतिविधियां के प्लाट आवंटन नीलामी समिति द्वारा किए जाने हैं। आवंटन प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन ने तिथि व कार्यक्रम जारी किया है।

इच्छुक व्यापारी/आवेदक प्लाट खरीदने के लिए प्लाट आवंटन कार्यालय मल्टीपर्पस भवन की ऊपरी तल नजदीक डीसी कार्यालय ढालपुर कुल्लू में संपर्क कर सकते हैं। 18 सितंबर को कृषि एवं बागवानी उपकरण, टी स्टॉल, रेडीमेड गारमेंट्स के लिए, 19 सितंबर को लोकल झूले, टेंट मार्केट, बर्तन बाजार, बैग की दुकानें डोम के साथ, होटल-ढाबा एवं होजरी के लिए, 20 सितंबर को मीना-3,(पुरानी हलवाई), हलवाई मार्केट, लोकल आर्टिकल ओपन स्पेस नए/पुराने जूते के लिए, 21 व 22 को प्रदर्शनी मैदान (सरकारी/गैर सरकारी स्टॉल तथा खाने-पीने के स्टॉल) के लिए, 23 व 24 को मीना बाजार, 25 व 26 को समस्त मार्केट के लिए 27 व 28 को शेष दुकानों/प्लॉट्स का आवंटन खुली बोली के आधार पर किया जाएगा। 29 व 30 को पुराने कपड़ों के बाजार (फ्ली मार्केट) के लिए, 1 व 2 अक्तूबर को राजा कैंप एरिया, नई रेडीमेड गारमेंट्स व वर्तन मार्केट के पीछे पार्किंग क्षेत्र के लिए इन दुकानों को 9 अक्तूबर से लगाया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट hpkullu.nic.in पर देखा जा सकता है।

# प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावितों के प्रति गंभीर नहीं : सावित्री

**अनंत ज्ञान, मनाली**

केंद्रीय महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने शनिवार को मनाली के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

उन्होंने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने मनाली गांव, समाहण, बाहंग, पलचान, सोलंग गांव में बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात की। मनाली के परिधि गृह में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कुल्लू से सोलंग गांव तक वाहन द्वारा, जबकि कुछ जगह पैदल चलकर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया और प्रभावित परिवारों से बातचीत की। अधिकांश प्रभावित परिवारों ने बताया कि इस आपदा के बाद प्रदेश सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं मिली है और न ही कोई अधिकारी मिलने आया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों ने जन सहयोग कर प्रभावित परिवारों को मदद पहुंचाई है, जो सराहनीय है। प्रदेश सरकार का यह रवैया ठीक नहीं है, जबकि केंद्र सरकार की तरफ से प्रभावितों को हर प्रकार की सहायता दी जा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं हिमाचल का दौरा कर 1500 करोड़ की राशि जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने सभी मंत्रियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने का आदेश दिया है और विस्तृत रिपोर्ट जल्द पेश करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अपने दौरे के दौरान उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से बातचीत की है और एनएचएआई के अधिकारियों ने यह कहा है कि जल्द कुल्लू-मनाली नेशनल हाइवे बहाल किया जाएगा और ब्यास नदी के तटीकरण का कार्य भी शुरू किया जाएगा। फिलहाल हमारी प्राथमिकता रहेगी कि किसानों व बागवानों की नकदी फसलों को मंडियों तक किसी तरह पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार किसानों-बागवानों का भारी नुकसान हुआ है। केंद्र सरकार का प्रयास रहेगा कि आने वाले समय में किसानों को इस तरह का नुकसान न उठाना पड़े।



केंद्रीय महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर पत्रकारों को संबोधित करती हुईं।

# रेड रिबन क्लब की अध्यक्ष बनी मनीषा, देशराज उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, आनी**

राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर के रेड रिबन क्लब द्वारा प्रथम वार्षिक ओरिएंटेशन मीट आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव-नामांकित स्वयंसेवकों को क्लब की गतिविधियों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से परिचित कराना तथा उन्हें आगामी सामाजिक व जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के संयोजक प्रो. विजय कुमार ने की। उन्होंने स्वयंसेवकों को क्लब की महत्वाकांक्षाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों पर विस्तृत जानकारी दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज और राष्ट्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रेड रिबन क्लब न केवल छात्रों को एचआईवी/एड्स जैसी सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक बनाता है, बल्कि उनमें नेतृत्व, अनुशासन और उत्तरदायित्व की भावना का भी विकास करता है।

इस अवसर पर क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मनीषा देवी को अध्यक्ष, देशराज को उपाध्यक्ष, आरती को महासचिव, ऐशले को संयुक्त सचिव, अंजली ठाकुर और छयाल सिंह को पीयर एजुकेटर तथा तमन्ना ठाकुर और मनोज कुमार को पीयर लीडर चुना गया। कार्यक्रम में प्रो. पुष्पा गुलेरिया और शोभा नेगी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। क्लब के संयोजक व अन्य सदस्यों ने नव-चयनित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि क्लब आगे भी संस्थान और समुदाय में सामाजिक जागरूकता तथा सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरक धारा को सुदृढ़ करेगा।

# भलाण पंचायत में पहाड़ी से गिरकर वृद्ध महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत भलाण दो पंचायत के घाट गांव में एक वृद्ध महिला के पहाड़ी में चलते वक्त पांव फिसलने से मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है। ग्राम पंचायत के प्रधान पूर्ण चंद की जानकारी के मुताबिक उक्त महिला शुक्रवार देर शाम पीने के पानी ढोने के बाद साथ लगती कलोगी बाबड़ी से गुजर रही थी कि भारी बरसात के चलते क्षतिग्रस्त रास्ते में अचानक महिला का पैर फिसला और 20 फुट खाई में जा गिरी।

पंचायत प्रधान ने बताया कि रेबदा देवी पत्नी डुगले राम उम्र 65 वर्ष गांव घाट (खोड़ुसारी) डाकघर ब्रैहिण तहसील सैंज जिला कुल्लू के मृत शरीर को उनके परिवार को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि परिवार वालों ने मृत महिला के शरीर को पोस्टमार्टम के लिए सैंज या बंजार अस्पताल ले जाने की मांग रखी, लेकिन सड़के अवरुद्ध रहने के कारण व्यवस्था नहीं बन सकी, जिस कारण ग्रामीणों ने हिंदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार कर दिया। ग्राम पंचायत भलाण-दो के प्रधान पूर्ण चंद ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि मृतक महिला के परिवार जन को उचित मुआवजा प्रदान करने में मदद करें।

# प्रभावित परिवारों को बांटे 90 तिरपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत जिंदौड के प्रधान हीरा लाल ठाकुर व पंचायत के ग्रामीण व अन्य दानी सज्जनों ने भूस्खलन प्रभावित बागन गांव के लोगों की मदद को हाथ बढ़ाया है।

शनिवार को ग्राम पंचायत जिंदौड के प्रधान हीरा लाल ठाकुर अपने सभी सहयोगियों के साथ कुल्लू ब्लॉक की ग्राम पंचायत शिलानाल के बागन पहुंचे। प्रधान हीरा लाल ठाकुर ने बताया कि इस गांव में भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे बागन गांव में कोई भी मकान सुरक्षित नहीं है। पूरा बागन गांव ही धीरे-धीरे नीचे की ओर सरक रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने साथ जाकर गांव के लोगों से बात की और उनका हाल जाना। उन्होंने बताया कि सभी ग्रामीण अपने आप को गांव में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन व सरकार से मांग की है कि जल्द ग्रामीणों के रहने का स्थायी समाधान करने की दिशा में युद्धस्तर पर कार्य किया जाए। हीरा लाल ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अपनी पंचायत की जनता और अपने कुछ मित्रों के सहयोग से आज बागन जाकर सभी गांव वालों को लगभग 90 तिरपाल देने की छोटी सी पहल की है। हीरा लाल ठाकुर ने अपनी पंचायत की जनता और अपने मित्रों का इस सहयोग के लिए आभार प्रकट किया है। साथ ही उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों, एनजीओ, समाजसेवियों, संस्थाओं और संगठनों से भी आग्रह किया है कि वह भी एक बार बागन गांव में जाकर अपनी ओर से वहां की प्रभाविय जनता का कुछ न कुछ सहयोग अवश्य करें, ताकि सभी प्रभावित ग्रामीण आपके सहयोग से अपने आप को सुरक्षित कर सकें और अपनी जिंदगी फिर से पटरी पर ला सकें।

# बागीपुल-सगोफा सड़क 29 दिन बाद खुली

**अनंत ज्ञान, आनी।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार निरमंड खंड के लोगों व बागवानों को बड़ी राहत मिली है। करीब 29 दिनों से बंद पड़ी बागीपुल-सगोफा सड़क अब छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दी गई है। सड़क बहाल होने से चायल क्षेत्र के सेब उत्पादकों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में आसानी हो रही है। लोक निर्माण विभाग ने हालांकि लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। बरसात या खराब मौसम के दौरान हल्के भूस्खलन की आशंका बनी रहती है। इससे मलबा और पत्थर सड़क पर आ सकते हैं। विभाग ने अपील की है कि लोग ओवरलोड वाहन न चलाएं और सड़क की स्थिति को देखते हुए ही गाड़ी में लोड करें। निरमंड डिविजन के अधिशाषी अभियंता आनंद शर्मा ने बताया कि अभी सड़क छोटे वाहनों के लिए बहाल की गई है। सेब सीजन के दौरान विभाग व ठेकेदार की मशीनें सड़क पर तैनात रहेंगी, जहां आवश्यकता होगी, वहां सोलिंग कराई जाएगी, ताकि सेब से लदी गाड़ियां सुरक्षित रूप से मंडियों तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि सड़क के गड्ढों को भरने का कार्य निरंतर जारी है और सेब सीजन खत्म होने के बाद इसे बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह दुरुस्त कर दिया जाएगा।

# रोपा पंचायत की प्रधान ने नकारे घोटाले के आरोप

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी खंड की ग्राम पंचायत रोपा की प्रधान अनु ठाकुर ने बताया कि उन पर लगाए विकास कार्यों में धांधली के आरोप निराधार हैं, जो व्यक्ति उन पर आरोप लगा रहा है, उसके खिलाफ ठगी के मामले पहले ही न्यायालय में लंबित हैं।

लिखित बयान में बताया कि बीते दिनों ग्राम पंचायत रोपा के पूर्व उपप्रधान एवं बाला गांव निवासी कर्म चंद ने सोशल मीडिया के माध्यम से 'रोपा पंचायत में करोडों का महा घोटाला, विजिलेंस की जांच के घेरे में रोपा पंचायत की प्रधान' शीर्षक से उनकी छवि को राजनीतिक द्वेष के चलते बिगाड़ने की कोशिश की। अनु ने बताया कि शिकायतकर्ता कर्म ने आरोप लगाया है कि 4 साल 8 माह के बतौर प्रधान उनके कार्यकाल के दौरान एक भी विकास कार्य नहीं हुआ है, जबकि पंचायत की जनता जानती है कि उनके कार्यकाल में 35 लाख रुपए की लागत से भव्य पंचायत घर, लाइब्रेरी, ग्राम सभा हॉल, पंचवटी योजना, इंटर लॉक सड़कें और रास्ते, स्कूल भवन, खेल मैदान, सोलर लाइटें और हर व्यक्ति के व्यक्गित कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए हैं। अनु ने बताया कि इसके अलावा कर्म ने उन पर विजिलेंस जांच बिठा दिए जाने की भी झूठी अफवाह फैलाई है। अनु का कहना है कि जबकि सच यह है कि कर्म पिछले दो वर्षों से उन पर लगातार राजनीतिक दवाब डालकर पैसों की मांग करता रहा है, जिसे अस्वीकार किया गया। इसके अलावा कर्म ने अपने लेटर हैड पर कुछ समय पहले सामुदायिक भवन और सुमा से घलाच सड़क निर्माण दो विकास कार्य सेंक्शन करवा कर लिए, जिसका सारा मेटेरियल इस व्यक्ति ने ले लिया है, लेकिन मौके पर काम 5 प्रतिशत भी नहीं किया, जबकि यह व्यक्ति इस काम का पूरा पैसा बिना काम किए मांग रहा है। वहीं, सड़क मार्ग का कार्य यह व्यक्ति राजनीतिक दवाब डालकर बिना एफआरए क्लियरेंस के ही करवाने का और पैसा रिलीज करने का दवाब बनाता, जो पंचायत ने अस्वीकार कर दिया। इसके बाद इस व्यक्ति ने धमकी दी थी कि मैं सोशल मीडिया के माध्यम से बदनाम करूंगा और तुम्हारी शिकायत करूंगा। फलस्वरूप यह व्यक्ति पहले सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगा और फिर भी जब इसकी बात नहीं मानी गई, तो इसने झूठे आरोप लगाकर प्रधान की छवि को खराब करने की कोशिश की। अनु ने उल्टा आरोप लगाया है कि यह व्यक्ति फ्रॉड है, जिस पर पहले ही झूठे चेक देने की एफआईआर हुई है और मामले न्यायालय में लंबित हैं, जबकि यही व्यक्ति पिछले दो वर्षों से जिला मुख्यालय कुल्लू के विभिन्न विभागों में अपना परिचय रोपा पंचायत के प्रधान के रूप में करवाता है। वहीं, शिकायतकर्ता कर्म का कहना है कि उनकी शिकायत ठोस सुबूतों के आधार पर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि विजिलेंस जांच होती है, तो घोटाला लाखों नहीं, बल्कि एक करोड़ से भी ज्यादा का हो सकता है। वहीं उन्होंने स्पष्ट किया कि चेक बाउंस होने का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें मैं पहले ही कानूनी लड़ाई लड़ रहा हूं।

# भू धंसाव से खतरे में जीवा गांव

**अनंत ज्ञान, सैंज।** सैंज घाटी के जीवा गांव में भी भूमि धंसाव से खतरा पैदा हो गया है। स्थानी ग्रामीणों का कहना है कि जब से एनएचपीसी के द्वारा यहां पर अपनी चार टरबाइन को शुरू किया गया। उसके बाद से यहां पर दरारें बननी शुरू हुईं और अब जमीन धंसने के चलते उनके घरों व खेतों को भी नुकसान पहुंचा है। जीवा गांव के रहने वाले ग्रामीण रीना शर्मा, कमलेश शर्मा, यज्ञ देव शर्मा ने कहा कि जब पावर हाउस के लिए ब्लास्टिंग की जा रही है, तो उस दौरान भी गांव में दरारें आई थी और ग्रामीणों ने इस बारे प्रशासन को भी सूचित किया था, लेकिन उस समय भी कोई गौर नहीं किया गया, अब यहां पर टरबाइन चलने के बाद पहाड़ों में दरारें आई हैं और जगह-जगह से पानी गिर रहा है। इस कारण उनके खेतों व घरों को भी खासा नुकसान पहुंचा है, ऐसे में ग्रामीणों के द्वारा अपने घरों को खाली कर दिया गया है। प्रशासन को चाहिए कि वह उनके रहने की व्यवस्था किसी और जगह पर करें।

# छात्र संघ चुनाव बहाल कर लौटाएं विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकार : अभिनव कश्यप



एबीवीपी कुल्लू इकाई के कार्यकर्ता कॉलेज के सहप्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एवीबीपी) कुल्लू इकाई की ओर से शनिवार को प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के सह प्रधानाचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांगों संबंधी ज्ञापन भी सौंपा।

एबीवीपी कुल्लू इकाई अध्यक्ष एवं जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने बताया कि कुल्लू इकाई द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर काफी समय से लंबित चल रही प्रदेश स्तर की कई अहम मांगों के पूरा न होने पर रोष जताया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर ज्ञापन भी सह प्रधानाचार्य के माध्यम से मांगों को लेकर सरकार को भेजा गया और जल्द उनका हल करने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में छात्र संघ चुनाव की मांग परिषद लंबे समय से कर रही है, इन्हें तुरंत बहाल किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जल्द लागू करना। शैक्षणिक संस्थानों में लंबित रिक्त पदों को तुरंत भरना। एसपीयू मंडी के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करना। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में मूलभूत ढांचे को मजबूत करना और छात्रों को सुविधाएं उपलब्ध कराना। आपदा प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देना। अभिनव ने कहा कि छात्रों के अधिकारों को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि सरकार ने इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

**आयोजन** मनाली में आज से 10 अक्तूबर तक चलेगा विशेष बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स

# बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, मनाली**

अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स (एबीवीआईएमएएस), मनाली में आज से 10 अक्तूबर तक चलने वाला विशेष बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स (एसबीएमसी) शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण ऐसे समय में आयोजित किया जा रहा है, जब मानसून के बाद आपदाओं जैसे भूस्खलन, बाढ़ और सड़क अवरोध ने हिमालयी क्षेत्रों को प्रभावित किया है।

इस परिप्रेक्ष्य में पर्वतारोहण प्रशिक्षण केवल साहसिक गतिविधि ही नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन, बचाव व राहत कार्यों में भी अहम योगदान देने वाला है। इस बैच में विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए प्रतिभागियों का विविध समूह शामिल है। भारतीय वायु सेना के 33 अधिकारी व जवान, जो उच्च हिमालयी परिस्थितियों में संचालन की तैयारी को और मजबूत करेंगे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 12 अधिकारी व जवान, जो कठिन सीमावर्ती व आपदा प्रभावित इलाकों में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित होंगे। शिमला के प्रतिष्ठित बिशप कॉटन स्कूल के 11 छात्र, जो युवाओं में साहसिक गतिविधियों व अनुशासन की बढ़ती रुचि को दर्शाते हैं। देशभर से आए 41 प्रतिभागी। इनमें विभिन्न व्यवसायों, पृष्ठभूमियों और आयु वर्ग के लोग शामिल हैं।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पर्वतारोहण व उच्च हिमालयी जीवन से जुड़े विविध पहलुओं की जानकारी दी जाएग। शारीरिक फिटनेस व सहनशक्ति विकास, रॉक क्लाइंबिंग व रस्सी तकनीक, बर्फ व हिम शिल्प (स्नो एंड आइस क्राफ्ट) व उपकरणों का प्रयोग, आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हताहतों की निकासी व प्राथमिक उपचार, नेविगेशन, ओरिएंटेशन व नक्शा पढ़ने की कला, पर्वतीय मौसम की समझ और खतरों का आंकलन, भारतीय हिमालय की विशेषताओं का अध्ययन कोर्स के अंत में प्रतिभागियों को 18,000 फुट की ऊंचाई तक अभियान पर भेजा जाएगा, जहां वे वास्तविक परिस्थितियों में अर्जित कौशल का प्रयोग करेंगे। यह प्रशिक्षण न केवल पर्वतारोहियों को तैयार करता है, बल्कि आपदा प्रतिक्रिया क्षमता को भी मजबूत करता है। हिमालयी राज्यों में मानसून और पोस्ट-मानसून के दौरान होने वाले भूस्खलन, फ्लैश फ्लड और सड़क अवरोध जैसी परिस्थितियों में प्रशिक्षित प्रतिभागी नागरिक प्रशासन, सशस्त्र बलों और स्थानीय समुदायों की मदद कर सकते हैं। इस कोर्स के माध्यम से एबीवीआईएमएएस एक बार फिर अपनी भूमिका को रेखांकित कर रहा है, एक ऐसा प्रमुख संस्थान जो साहसिक खेल, अनुशासन, आपदा प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देता है।



अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स में माउंटेनियरिंग कोर्स के लिए पहुंचे सेना के अधिकारी, जवान व विद्यार्थी।

# लेफ्ट बैंक सड़क व ब्यास नदी के तटीकरण पर ध्यान केंद्रित करे सरकार : हरी चंद शर्मा

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष कुल्लू हरि चंद शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश की ही तरह मनाली में भी विधानसभा क्षेत्र का कोई भी क्षेत्र इस बार बरसात में तबाही से नहीं बच पाया।

मानसून के अत्याधिक बरसने के कारण मनाली विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ व भूस्खलन ने लोगों की वर्षों की कमाई को कुछ ही पलों में मिटी में मिला दिया। हरि चंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के कई गांव का उन्होंने इसी त्रासदी के बीच दौरा किया हालत डराने वाले हैं। सोलंग में तो पूरे गांव को खतरा उत्पन्न हो गया है बहुत सारी भूमि का कट्टाव हो गया है और लोगों के घरों के साथ दरारें पड़ गई हैं । उन्होंने कहा कि सरकार से आग्रह है कि हालत सामान्य होते ही उचित बजट शीघ्र स्वीकृत कर विभाग को जारी करें और जल्द से जल्द क्रेटवॉल और कंक्रीटवाल का काम शुरू करें अन्यथा गांव पर खतरा मंडराता रहेगा ओल्ड मनाली, बाहंग, समाहन , चिचोगा, ब्यास नदी के किनारे, सारी में धरमोट पिछली हार पंचायत सहित क्षेत्र की कई जगह पर करेटबाल और कंक्रीटवाल की आवश्यकता है। इससे लोगों के होटल, घर आशियाने बच सकें। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी के तटीकरण की तरफ वे सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करेंगे पूरे विधानसभा क्षेत्र में जो नदी का संवेदनशील लेफ्ट बैंक की साइड है उसमें तो विभाग ने नामात्र का तटीकरण किया है। इस कारण लोगों के घरों को नुकसान और कृषि योग्य भूमि का लेफ्ट बैंक साइड भारी नुकसान हुआ है।

हरि चंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में जब भी आपदा आती है, तो लेफ्ट बैंक सड़क क्षेत्र के लिए जीवनदायनी सिद्ध होती है। इस बार भी सारा ट्रैफिक इसी तरफ रहा, जिससे क्षेत्र किसी न किसी तरह जुड़ा रहा। आज सारे बागवानों का सेब इसी सड़क से मंडी पहुंच रहा है और अन्य काम भी इसी सड़क से हो रहे हैं और पिछले लगभग 10 वर्षों से तो इस सड़क में मनाली से रामशिला कुल्लू तक इस सड़क पर एक साल में कभी भी पूरी में टारिंग नहीं हुई है, हर वर्ष केवल 42 किलोमीटर में आठ-दस किलोमीटर मीटर ही सड़क टारिंग होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### अदालत ने दोषी को सुनाई 5 साल की कैद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश कपिल शर्मा की अदालत ने आरोपी को आईपीसी की धारा 307 के तहत 5 साल कैद और 10,000 रुपए जुर्माने तथा धारा 325 के तहत 6 महीने कैद और 1,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। 16 अप्रैल, 2016 को गुरदीप सिंह की शिकायत पर पुलिस थाना पांवटा साहिब में मामला दर्ज हुआ था। शादी समारोह के दौरान आरोपी ने पहले मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर जागणों निकाल रहे लोगों पर गाड़ी चढ़ाई। इससे 11 लोग घायल हो गए। मामले की जांच एएसआई गुरमेल सिंह ने की और 28 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। अदालत ने साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया।

### 31 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 17 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला रोजगार कार्यालय सोलन में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। मैसर्ज कोरोना रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड सोलन में हैल्पर के 10 पद, मैसर्ज वर्मा ज्वेलर्स में 10 पद तथा मैसर्ज इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बद्दी के 11 पदों पर भर्ती के लिए 17 सितंबर को इंटरव्यू होंगे। जगदीश ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं, स्नातक, बीएससी नॉन मेडिकल व टेक्सटाइल तथा आयु 19 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उक्त पदों के लिए पुरुष व महिला दोनों इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य व इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रेजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जगदीश ने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्रों व दस्तावेज़ों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 17 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

### अमृतसर का युवक 13 किलो भुक्की के साथ काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांवटा साहिब में एक आरोपी को 13.175 किलोग्राम भुक्की के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी अंकुश के रूप में हुई है। यह गिरफ्तारी पांवटा साहिब पुलिस की डिटेक्शन टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की है। पुलिस ने लाल ढांग के पास जाल बिछाकर आरोपी को उस समय दबोच लिया, जब वह इतनी भारी मात्रा में भुक्की किसी पार्टी को डिलीवर करने की फिराक में था। इससे पहले की नशे का सामान गलत हाथों तक पहुंचता, उससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह भुक्की कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### यमुना शरद महोत्सव 4 से 6 अक्टूबर तक

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत चीमा ने बताया कि इस वर्ष 4 से 6 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय यमुना शरद महोत्सव पांवटा साहिब में पूरे हर्षोल्लास व रीति रिवाज के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यमुना शरद महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय यमुना शरद महोत्सव के अवसर पर स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति इस स्मारिका में प्रकाशनार्थ अपना लेख 22 सितंबर तक (apropaonta@gmail.com) पर भेज सकते हैं।

### पीएचसी कोटी पधोग में हुई डॉक्टर की तैनाती

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक के दूरदराज रासुमांदर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटी पधोग में बीते दो वर्षों से रिक्त चल रहे चिकित्सक के पद को सरकार ने भर दिया है। इस पीएचसी में डॉ. ज्योत्सना ने पदभार ग्रहण किया। चिकित्सक का पद भरने से समूचे रासुमांदर में खुशी की लहर है, क्योंकि समूचे इस दूरदराज क्षेत्र में एक मात्र पीएचसी है। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण मेहता ने डॉक्टर के पद भरने के लिए सीएम सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि डॉक्टर ज्योत्सना तहसील पच्छाद के ग्राम देवल टेकरी की रहने वाली है। इनके पिताजी डॉ. विद्या प्रकाश बैंस वर्तमान में हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग में संयुक्त निदेशक के पद पर आसीन हैं व माता गृहिणी हैं। इनके ज्येष्ठ भ्राता हितेश बैंस भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान रोपड़ में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। डॉक्टर ज्योत्सना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एसवीएन राजगढ़ से प्राप्त कर दस जमा दो की परीक्षा गीता आदर्श विद्यालय सोलन से उत्तीर्ण की। तदोपरांत इन्होंने राष्ट्रीय स्तर की नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज नाहन से एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण की। डॉक्टर ज्योत्सना ने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता, भाई बांधव व गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। इनका बचपन से ही चिकित्सा विज्ञान में रुझान था। दुर्गम क्षेत्र में तैनात होने से चार पंचायतें रासुमांदर की व सीमावर्ती क्षेत्र जिला शिमला के लोग भी लाभान्वित होंगे।

### कविता पाठ प्रतियोगिता में तनुज ठाकुर प्रथम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में हिंदी पखवाड़े को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली मुख्यातिथि और प्रो. बलदेव ठाकुर विशिष्टातिथि के रूप उपस्थित हुए। इसमें कॉलेज के समस्त शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग और सभी स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो. प्रियंका भारद्वाज ने बताया कि हिंदी विभाग के अंतर्गत हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ 7 सितंबर को किया गया था। इसके अंतर्गत एक अनकही कहानी हिंदी कविता शीर्षक के अंतर्गत महाविद्यालय में कविता पाठ का आयोजन किया गया। इस कविता पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एकल कविता पाठ के साथ-साथ 200 से अधिक छात्रों ने सामूहिक कविता पाठ में भाग लिया था। हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, बुकमार्क प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया था। इसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों के पोस्टरों की सराहना की गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एक अनकही कहानी हिंदी शीर्षक के अंतर्गत कला स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र हर्ष को प्रथम स्थान, हिंदी आत्मा की आवाज शीर्षक के अंतर्गत विनीत कला स्नातक द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान, अंगद का पांव हिंदी शीर्षक के अंतर्गत बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ये सभी पोस्टर चित्रकला विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर चमन शर्मा के नेतृत्व में बनवाए गए थे। इसमें दो छात्रों मोहित व रेशमा को उनके पोस्टर वैश्विक संकट और हिंदी और महाकवि संत तुलसीदास शीर्षक पर सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनुज ठाकुर, द्वितीय स्थान आकांक्षा शर्मा, तृतीय स्थान रोहित कुमार तृतीय वर्ष ने अर्जित किया। साथ ही सांत्वना पुरस्कार निहारिका और विजयलक्ष्मी ने प्राप्त किए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी ठाकुर, द्वितीय स्थान विजय लक्ष्मी और तृतीय स्थान पारुल तृतीय वर्ष ने अर्जित किया। सभी विजय प्रतिभागियों को मुख्यातिथि प्रोफेसर मनीषा कोहली और विशिष्टातिथि प्रोफेसर बलदेव ठाकुर ने प्रमाण पत्र और मेडल्स देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य मनीषा कोहली ने हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका भारद्वाज और प्रोफेसर मनोज कुमार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

### 'मैं उर्दू में गजल गाता हूं तो हिंदी मुस्कुराती है'

**अनंत ज्ञान, बरोटीवाला।** राजकीय महाविद्यालय बरोटीवाला में हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. वैशाली सिंह ने किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. वैशाली सिंह ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हुई भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, नारा लेखन, काव्य पाठ की सराहना की और सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्याम सिंह ने हिंदी के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें हिंदी बोलने में शर्म महसूस की सोच को बदलना होगा। 'लिपट जाता हूं मां से और मौसी मुस्कुराती है, मैं उर्दू में गजल गाता हूं तो हिंदी मुस्कुराती है।' कार्यक्रम में डॉ. सुनीता शर्मा और डॉ. पल्लवी ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र मधुसूदन रहा, जबकि दूसरा स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा बिंदू ने और तीसरा स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल ने प्रथम, बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा रूपा ने द्वितीय स्थान और बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र कमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# शामती बाइपास में बारिश के कारण धंसे हिस्से का मरम्मत कार्य तेज

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के 5.14 किलोमीटर लंबे शामती बाइपास में बारिश के कारण शेओघट गांव के पास धंसे एक बड़े हिस्से की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। साथ ही सड़क के नीचे बसे गांव को भी बारिश के पानी के बहाव से सुरक्षित किए जाने के इंतजाम किए जा रहे हैं। लगातार धंसाव के कारण सड़क के नीचे स्थित कई घर खतरे में हैं। एहतियात के तौर पर एक घर खाली करा दिया गया है।


बारिश से धंसा शामती बाईपास का एक बड़ा हिस्सा।

दरारें हर गुजरते दिन के साथ चौड़ी होती जा रही हैं, जिससे निवासियों में अपने घरों और कृषि योग्य भूमि को संभावित नुकसान का खतरा बढ़ रहा है। हालांकि, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने मरम्मत कार्य तेज कर दिया है। उम्मीद है कि जल्द ही यहां से वाहनों की आवाजाही शुरू होगी। विभाग ने प्रशासन के आदेश पर अस्थायी उपाय करने के बजाय, घटनास्थल की गहन भू-तकनीकी जांच के बाद कंक्रीट की मरम्मत का काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। बारिश के पानी की निकासी के लिए एक पुलिया बनाने का काम शुरू हो गया है। हालांकि, यह उपाय बहुत कम और बहुत देर से उठाया गया प्रतीत होता है, क्योंकि सड़क की सतह को भारी नुकसान पहुंचा है। यह नालियों के खराब रखरखाव को भी दर्शाता है, क्योंकि अक्सर पानी सड़क पर बहता हुआ दिखाई देता है। इससे इसकी सतह को भारी नुकसान पहुंचता है। इसको लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पहले ही सवालों की घेरे में आ चुकी है। प्रशासन ने उद्योग निदेशक से क्षेत्र की भूवैज्ञानिक जांच करने का अनुरोध किया है, ताकि भूमि धंसाव के कारणों का पता लगाया जा सके और निरंतर हो रहे नुकसान को रोकने के उपाय सुझाए जा सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि 2023 के मानसून के दौरान, शामती के ऊपर की पहाड़ियों पर स्थित घर मिट्टी के कटाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गए थे, अब इन पहाड़ियों के नीचे स्थित घर खतरे में हैं, जिससे इस क्षेत्र की संवेदनशीलता उजागर हो रही है, जो तेजी से धंसता हुआ प्रतीत होता है। खतरे को देखते हुए, राजस्व विभाग ने 2023 में धिसावर ग्रस्त पहाड़ी को रेड जोन घोषित कर दिया था। बाइपास की परिकल्पना सोलन शहर में भारी यातायात के दबाव को कम कर सिरमौर के राजगढ़, नारग और ओच्छघाट-नौणी से आने वाले वाहन चालकों को सुगम रास्ता प्रदान करने के लिए की गई थी।

#### सड़क की हालत खस्ता

तीन साल पहले वाहनों के लिए खुले शामती बाइपास में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं, जो घटिया निर्माण कार्य को दर्शाते हैं। इससे यहां पर वाहन चलाना भी जोखिम भरा है। सड़क की खस्ताहालत से यहां वाहन दुर्घटनाएं हो चुकी है। हालांकि, यातायात को डायवर्ट करने के लिए पुलिस को तैनात किया गया है। इस सड़क के बंद होने से सोलन शहर से वाहनों को भेजा जा रहा है। इससे हर समय जाम की स्थिति बनी हुई है।

> शामती बाइपास में बारिश के कारण धंसे हिस्से की मरम्मत शुरू से ही की जा रही है। कोशिश की जा रही है कि धंसे हिस्से से सड़क के नीचे बसे गांव को नुकसान न हो। संबंधित विभाग को सड़क मार्ग की मरम्मत कर जल्द बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।**

## जोगिंद्रा बैंक निदेशक मंडल चुनावों में विजयी रहे भाजपा प्रत्याशियों को नवाजा


जोगिंद्रा बैंक निदेशक मंडल के चुनाव में जीते पार्टी प्रत्याशियों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जोगिंद्रा बैंक निदेशक मंडल के चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की अप्रत्याशित जीत से प्रदेश की कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यह बात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने जोगिंद्रा बैंक निदेशक पद का चुनाव जीतने वाले भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के सम्मान समारोह दौरान कही। बिंदल ने अन्य नेताओं की मौजूदगी में विजयी रहे निदेशकों को सम्मानित किया और जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में भाजपा ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है और 5 में से 4 सीटें जीतकर एक नया इतिहास लिखा है। इन चुनावों में जिस तरह से सत्ता का पूरा दबाव था, उसके बाद भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की यह जीत इस ओर इशारा कर रही है कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस सरकार पर से विश्वास उठ गया है। बिंदल ने कहा कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशवासियों से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन वह वादे खोखले साबित हुए हैं। निदेशक मंडल की सभी 5 सीटें भाजपा की झोली में ही जानी थी, लेकिन कुनिहार में त्रिकोणीय मुकाबला होने के चलते यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई। उन्होंने कहा कि नालागढ़, धर्मपुर, कंडाघाट व सोलन सीटों को भाजपा ने अपने नाम किया है और दून सीट भी कांग्रेस के पाले में नहीं है। बिंदल ने कहा कि सोलन के विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री अपने ही निर्वाचन क्षेत्र की दोनों सीटों को हार गए।

## कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता कुशल की भाजपा में वापसी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता कुशल जेठी ने भाजपा में शामिल होकर घर वापसी कर ली। जेठी सोलन व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी हैं। सोलन में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया।


सोलन में भाजपा का दामन थामने के दौरान कुशल जेठी का स्वागत करते डॉ. राजीव बिंदल।

खास बात है कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सैजल, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्न पाल व शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता और जिला महामंत्री भरत साहनी ने कुशल जेठी को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। कुशल जेठी नगर निगम चुनावों से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे और उन्हें कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया था, तब उन्होंने डॉ. राजीव बिंदल पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए थे, अब कांग्रेस की नजरअंदाजी से आहत होकर उन्होंने इतिहास को भूल कर भाजपा में फिर से वापसी कर ली है। वहीं, अब उन्होंने घर वापसी करते हुए एक बार फिर कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

> कहा-कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की नहीं होती सुनवाई, खुद को ठगा सा किया महसूस

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कुशल जेठी पहले भी भाजपा परिवार का हिस्सा रहे हैं और इन्होंने दशकों पार्टी की सेवा की है। भाजपा उनका एक बार फिर घर वापसी पर स्वागत करती है। उनके अनुभव का निश्चित तौर पर पार्टी को लाभ मिलेगा। वहीं, भाजपा ज्वाइन करने के बाद कुशल जेठी ने कहा कि वह राजनीति में केवल सेवा भाव के लिए आए हैं और यह सोच आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक पार्टी हो वह अपने कार्यकर्ताओं के दम पर ही चलती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं की ही अनदेखी की जा रही है। जेठी ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी है, तब से लेकर आज तक कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और केवल सत्ता का सुख भोगने वाले नेताओं की ही पूछ हो रही है। कार्यकर्ताओं के कार्य या उनकी शिकायतों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जबकि एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए रात-दिन एक करता है। इसका प्रमाण यह है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार को बने हुए अढ़ाई वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन अभी तक ब्लॉक या जिला स्तर पर पार्टी की बैठक आयोजित नहीं की गई।

## नाहन नगर परिषद क्षेत्र में लावारिस कुत्तों की अनदेखी, लोगों की सुरक्षा पर खतरा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन नगर परिषद क्षेत्र में लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या अब लोगों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। पिछले डेढ़ साल से इन कुत्तों का न तो वैक्सीनेशन हुआ है और न ही स्टरलाइजेशन। सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेशों के बाद नगर परिषद हरकत में तो आई है, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। नगर क्षेत्र में घूमने वाले अधिकतर कुत्ते बीमार हैं, जिन्हें देखकर भी उनकी दुर्दशा का अंदाजा लगाया जा सकता है।

वहीं, कई कुत्ते आक्रामक प्रवृत्ति के हैं, जो राहगीरों और बच्चों के लिए खतरा बने हुए हैं। एनीमल बर्थ कंट्रोल नियमों के तहत नगर परिषद को हर साल इन कुत्तों का वैक्सीनेशन और स्टरलाइजेशन करना अनिवार्य है। साथ ही, इन कुत्तों के टैग या मार्क कर पहचान बनाई जानी चाहिए और इनकी संख्या का रिकॉर्ड रखना भी जरूरी है। हैरानी की बात यह है कि वर्ष 2024–25 में सिर्फ 9 कुत्तों का ही पंजीकरण हुआ, जबकि 2025–26 में अब तक केवल 2 आवेदन ही मंजूर हुए हैं। शेष 18 लंबित हैं और एक में फीस जमा कराने की प्रक्रिया बाकी है।

बीते वर्ष मार्च-अप्रैल में नगर परिषद ने मात्र 65 कुत्तों का स्टरलाइजेशन कराया था और वर्तमान में इनके कुल आंकड़े का भी कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। नगर परिषद के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार ने जानकारी दी कि 26 अगस्त को सदन में इस विषय पर प्रस्ताव पारित किया गया है और वेटनरी विभाग से बैठक के बाद सितंबर अंत या अक्टूबर के पहले सप्ताह में कार्य शुरू किया जा सकता है। फिलहाल, शहरवासियों और डॉग लवर्स को चाहिए कि वे भी नगर परिषद पर दबाव बनाएं, ताकि इन लावारिस कुत्तों के स्वास्थ्य और जन सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके।

## अमित ने बैडमिंटन डबल्स में जीता गोल्ड

**अनंत ज्ञान, सराहां।** तेलंगाना में आयोजित 7वीं अखिल भारतीय जेल पुलिस एंड ड्यूटी मीट में सिरमौर जिले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के द्राबली पंचायत के छोटे से गांव भाजी बनाह के अमित शर्मा पुत्र रामस्वरूप माता आशा देवी ने बैडमिंटन डबल्स में स्वर्ण पदक जीतकर एक नया इतिहास रचा है। अमित शर्मा अभी जेल पुलिस शिमला कैथू में पुलिस के पद पर आसीन हैं। अमित शर्मा के साथी खिलाड़ी ऊना विधानसभा क्षेत्र की बदल से संबंध रखने वाले अजय कुमार हैं। अमित शर्मा की इस उपलब्धि से न केवल सिरमौर जिला, बल्कि पूरे हिमाचल का नाम देश भर में रोशन हुआ है। अमित शर्मा की जीत से हिमाचली युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा और गर्व का क्षण पैदा हुआ है। उनकी कड़ी मेहनत व समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। हमें उन पर गर्व है और हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करते रहेंगे।

## पाइनग्रोव ने जीता अंडर-12 हॉकी चैंपियन का खिताब



हॉकी चैंपियन का खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ पाइनग्रोव स्कूल की टीम।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर ने 9 से 12 सितंबर तक आयोजित 25वीं सब-जूनियर इंटर पब्लिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट (बालक वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

रोमांचक फाइनल मुकाबले में पाइनग्रोव स्कूल ने शेरवुड कॉलेज, नैनीताल को 4–0 से हराकर इस खिताब पर अपना कब्जा जमाया। यह फाइनल मैच पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर के संत स्टेडियम में खेला गया। नन्हें खिलाड़ियों ने अद्भुत कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए न केवल इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया, बल्कि अनेक व्यक्तिगत पुरस्कार भी अपने नाम किए। राजेश्वर सिंह कहलों को टूर्नामेंट के सर्वाधिक स्कोरर का खिताब मिला, जबकि गुरशाज सिंह टुकराल सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर घोषित किए गए। वहीं, जीवेश ने अपने दमदार प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का सम्मान प्राप्त किया। इस भव्य समापन समारोह में मैथ्यू जॉन, हैडमास्टर, बिशप कॉटन स्कूल, शिमला मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

## खाद्य प्रसंस्करण बनाने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी नौणी के फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों व बागवानों को विभिन्न उत्पाद बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दिवान चंद ने वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में विभिन्न उत्पादन तैयार किए। प्रशिक्षण के दूसरे दिन महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादक पैक करने, लेबल लगाने और उत्पाद की मार्केटिंग करने की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत सलोगड़ा की प्रधान सरोज ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशंसा की और यूनिवर्सिटी से इस तरह के प्रशिक्षण शिविर भविष्य में भी आयोजित करने की मांग की। महिलाओं ने बेकरी उत्पादन बनाने का भी प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रशिणार्थियों को जैम, आचार, बुरांस की स्क्वैश और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत अब तक दो प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।

## गिरिपार में मक्की के पचौले बने लोगों की पहली पसंद

**बीआर चौहान, राजगढ़**

गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में इन दिनों कच्ची मक्की के पचौले का लोग भरपूर आनंद ले रहे हैं। कालांतर से ग्रामीण क्षेत्रों में मक्की का विभिन्न प्रकार से प्रयोग किया जाता रहा है।

ग्रामीण परिवेश में मक्की के भुट्टे खाने के अतिरिक्त हरी मक्की के पचौले और सतू तैयार करने का अतीत से काफी प्रचलन है। हरी मक्की से तैयार पचौले एक पहाड़ी व्यंजन है, जो कि स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि अनेक खनिज तत्वों से भी भरपूर हैं। हरी मक्की को प्रायः भूटे के तौर पर बड़े शौक के साथ खाया जाता है और यदि इसके साथ अखरोट का मिश्रण किया जाए तो इसका स्वाद दोगना हो जाता है। चिकित्सों के अनुसार मक्की के सेवन से शरीर में बी12 की कमी पूरी होती है। वरिष्ठ नागरिक दौलत राम मेहता और प्रीतम ने बताया कि पचौले तैयार करने के लिए हरी मक्की को छिलकर उसको ग्राइंडर मशीन में पीसकर पेस्ट बनाया जाता है, जबकि अतीत में मक्की को हाथ से सील बट्टे पर पीसकर पेस्ट तैयार किया जाता था। पचौले प्रायः दो प्रकार अर्थात मीठे और नमकीन बनाए जाते हैं। मीठे पचौले में गुड़ अथवा शक्कर के अतिरिक्त गरी सौंप, गरी आदि का मिश्रण डाला जाता है, जबकि नमकीन पचौले में आवश्यतानुसार नमक व अन्य मसाले मिलाए जाते हैं। पचौलों को अक्सर घी अथवा दही के साथ बड़े चाव के साथ खाया जाता है। पूर्व प्रधान कुशल तोमर ने बताया कि अतीत में अनाज की कमी होने पर उनके बुजुर्ग खेतों से हरी मक्की तोड़कर लाते थे, जिसके पचौले अथवा डणे बनाकर परिवार को खिलाते थे। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विश्व बंधु के अनुसार मक्का में फाइबर काफी मात्रा में उपलब्ध होता है, जिसके उपयोग से शरीर में कॉलेस्ट्रॉल स्तर को सामान्य बनाने के अतिरिक्त हृदय संबंधी रोगों से भी बचाव रहता है। मक्का के दैनिक जीवन में उपयोग से मनुष्य के शरीर में आयरन की कमी भी पूरी होती है। मक्की की रोटी मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है।


गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में ग्रामीण महिला पहाड़ी व्यंजन पचौले दिखाती हुई।

**परेशानी** गिरिपार की भाग्य रेखा एनएच-707 के कच्ची ढाग की समस्या का हो स्थायी समाधान

# हर साल धंसती सड़क बनी जनता की मुसीबत

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

जिला सिरमौर के शिलाई क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-707 के कच्ची ढाग में हर वर्ष सड़क धंसने के कारण कई दिनों तक यातायात व्यवस्था अवरूद्ध हो रही है। इस कारण जनता को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।


एनएच-707 के कच्ची ढाग की खस्ता हालत से लोग झेल रहे परेशानी।

यह समस्या पूर्व सरकार में भी और वर्तमान सरकार में भी देखने व सुनने को मिल रही है, जिस क्षेत्र की समस्या ने हिमाचल का पूरा ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है, तो वहीं समय-समय पर विभिन्न सरकारों के जन-प्रतिनिधि जनता को हमेशा आश्वस्त करते नजर आते हैं कि इस समस्या का समाधान वैकल्पिक मार्ग या फिर इस क्षेत्र के निकटतम अन्य क्षेत्र से सतौन के लिए पुल का निर्माण किया जाएगा, लेकिन यहां देखने व आत्मचिंतन करने का विषय यह है, कि इतने वर्षों बाद न तो अभी तक कोई बेहतर स्थायी वैकल्पिक मार्ग बन पाया है और न ही सतौन के लिए पुल का निर्माण हो पाया, जिस समस्या से गिरिपार की आमजनता सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। केंद्र सरकार ने गिरिपार को पांवटा से हाटकोटी तक राष्ट्रीय राजमार्ग-707 की सौगात प्रदान की है, जो निश्चित रूप से गिरिपार की जनता के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। इसके बनने से समय की बचत, रोजगार के अवसर और आवागमन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो रही हैं, लेकिन इस क्षेत्र में सड़क अवरुद्ध होने के कारण गिरिपार के किसानों को समय पर फल-सब्जियां मंडियों में पहुंचाने और मरीजों आदि को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार लोगों ने प्रदेश सरकार से निवेदन किया कि जल्द से जल्द पुल का निर्माण करके स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में गिरिपार की जनता को इस समस्या से निजात मिल सके।

## गिरि पेयजल योजना की 5 ट्यूब वेल अभी भी बंद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारी बारिश में ध्वस्त हुई शहर को पेयजल आपूर्ति करने वाली गिरि योजना के गिरि नदी की जद में आए 7 ट्यूब वेलों में 5 अभी भी बंद पड़े हैं। आईपीएच विभाग के अनुसार केवल 2 ट्यूब वेल ठीक काम कर रहे हैं। शेष बचे पांच ट्यूब वेलों के रखरखाव के लिए शनिवार को बिजली विभाग के एसडीओ का दौरा भी हुआ। उधर, शनिवार को धौन गांव में टूटी पाइप लाइनों की मरम्मत के बाद विभाग इन पाइप लाइनों की टेस्टिंग करेगा। टेस्टिंग के लिए जैथल के टैंक में 24 लाख लीटर पानी उपलब्ध है। आईपीएच विभाग के एसई राजीव महाजन ने बताया कि धौन गांव में भारी बारिश से ध्वस्त हुई लाइनों की मरम्मत कर दी गई है। महाजन ने बताया कि इन लाइनों की टेस्टिंग कल होगी। गिरि नदी में लगे 7 ट्यूबवेल में 2 चल रहे हैं, बाकि 5 का रखरखाव अभी होना है। शहर में अभी भी राशनिंग के जरिए आपूर्ति की जा रही है।

## सोलन के कथेड़ में खुले में बहती सीवरेज से परेशानी


नगर निगम सोलन में मर्ज किए गए वार्ड-17 के कथेड़ में सड़क की खस्ताहालत।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन में मर्ज किए गए वार्ड-17 के कथेड़ में लोग सीवरेज, कूड़ा और सड़क की खस्ताहालत से खासे परेशान हैं। सड़कों में बह रही सीवरेज का स्थानीय प्रतिनिधि व नगर निगम स्थायी समाधान नहीं निकाल पा रहा है।

इससे लोगों को प्रदूषित माहौल में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। कथेड़ में फौजी ढाबा से लेकर सड़क के बड़े हिस्से में खुले में सीवरेज का गंदा पानी स्थानीय लोगों के लिए नासूर बन चुका है। हैरानी की बात है की इसकी कोई सुध नहीं ले रहा है, जिससे लोगों में रोष है। इसी तरह सड़क की जर्जर हालत से वाहन चालकों व पैदल यात्रियों को खासी दिक्कतें पेश आती हैं। कथेड़ सड़क पर गड्ढे उभरने से यह जरा सी बारिश होते ही सड़क कीचड़ से सन जाती है, ऐसे में पैदल चलते समय कपड़े व जूते मटियामेट हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम को टैक्स देने के बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। वार्ड-17 में आने वाले क्षेत्र में कूड़ा उठाने के बेहतर इंतजाम न होने से कई क्षेत्र कूड़े के ढेर से अटे हैं। इतना ही नहीं वार्ड क्षेत्र के लोगों को पेयजल किल्लत का भी सामना करना पड़ रहा है। लोगों को 8 से 10 दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। सुनवाई न होने से लोगों में निगम प्रशासन को खिलाफ रोष पनप रहा है।




# ओलंपिक खेलों में पदक जीतना हो सभी खिलाड़ियों का लक्ष्य : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलंपिक खेलों में पदक जीतना होना चाहिए।

वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार ओलंपिक खेलों की तैयारियों में अभी से लग गई है। मुख्यमंत्री शनिवार को पंचकूला में योनेक्स-सनराइज अश्वनी गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 के उद्घाटन समारोह में देशभर से आए खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी पंचकूला के चेयरमैन ज्ञानचंद गुप्ता, एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक आलोक मित्तल, वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन, उपायुक्त सतपाल शर्मा, हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के संयुक्त



सचिव जितेंद्र महाजन, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंघानिया, पंचकूला स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी के अध्यक्ष डीपी सोनी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों से आए करीब 2000 प्रतिभागी खिलाड़ियों का हरियाणा में स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन आपका जज्बा और खेल भावना ही आपको महान खिलाड़ी बनाएगी। यह भी याद रखें कि आपकी मंजिल केवल एशियन जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतना होना चाहिए। उन्होंने हरियाणा को स्पोर्ट्स हब बताते हुए कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 11 साल पहले हरियाणा में खेलों के लिए एक विजन विकसित किया जिसके अनुरूप हमने खेले हरियाणा-बढ़े हरियाणा के मंत्र के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया है और खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया। इस समय प्रदेश की खेल नर्सरियों में 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन नर्सरियों में नामांकित 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपए तथा 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 2000 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 बनाए हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाए गए। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 224 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है। इस अवसर पर स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी पंचकूला के चेयरमैन ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें नशे की लत से दूर रखने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी पंचकूला का गठन 15 वर्ष पूर्व किया गया था।

# डड्डूमाजरा में भाजपा ने टीबी मरीजों को दी मुफ्त टीबी किट



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा आज सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत डड्डूमाजरा सिविल डिस्पेंसरी कॉलोनी में टीबी मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए टीबी मरीजों को मुफ्त टीबी किट का वितरण किया गया।

इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने किया। टीबी किट में मरीजों की पोषण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री जैसे विभिन्न प्रकार की दालें, सोयाबीन व अन्य पोषक तत्वों से भरपूर आहार शामिल किए गए। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को इलाज के साथ-साथ पर्याप्त पोषण भी उपलब्ध हो, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सके और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें। इस अवसर पर स्टेट टीबी ऑफिसर नवनीत कंवर, एसएमओ इंचार्ज डॉ. माला तथा अस्पताल स्टाफ विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मेडिकल सेल के सहयोग से किया गया।

मेडिकल सेल चंडीगढ़ के प्रधान ललित तकियार, दीपक पाठक, विकास बंसल, गजेंद्र चौहान प प्रदेश सचिव सोनिया दुग्गल उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रेखा सूद व पूर्व मेयर राजेश कालिया भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा और प्रदेश कोषाध्यक्ष अवी भसीन ने स्वयं मरीजों को टीबी किट वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है टीबी मुक्त भारत का है और इसी दिशा में भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश की यह पहल एक ठोस कदम है।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में 135 स्वास्थ्य संस्थानों का होगा निर्माण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 135 नए स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान कर दी है। इन संस्थानों के निर्माण पर लगभग 74.43 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि इनमें 126 सब हेल्थ सेंटर शामिल हैं, जिन पर लगभग 6,993 लाख रुपए की लागत आएगी। इसी के साथ 9 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई है, जिन पर कुल 450 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।उन्होंने विस्तार से बताया कि जिन जिलों में सब हेल्थ सेंटर स्थापित किए जाएंगे, उनमें महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद, गुरुग्राम, झज्जर, जींद, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, पलवल, पानीपत और सोनीपत शामिल हैं। वहीं 'ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स' का निर्माण सिरसा, भिवानी, रेवाड़ी, झज्जर और पानीपत जिलों में किया जाएगा। आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि राज्य का कोई भी नागरिक बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।

### स्नेहा बिश्नोई ने केबीसी में जीते साढ़े 12 लाख

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले के गांव काजलां निवासी स्नेहा बिश्नोई ने कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) में साढ़े 12 लाख रुपए जीते हैं। स्नेहा ने अमिताभ बच्चन को बताया कि उनके परिवार पर 15 लाख रुपए का कर्ज है और वह हमेशा सोचती थी कि इसे कैसे चुकाया जाए। शो में जब स्नेहा ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड जीता तो वह भावुक होकर रो पड़ीं। इस पर अमिताभ बच्चन ने उन्हें टिश्यू पेपर दिए। यूथ वीक के आखिरी दिन वे इस खास कैटेगरी में चुनी गईं और 10 कंटेस्टेंट्स के बीच खेलने पहुंचीं। स्नेहा ने बताया कि बारिश में उनकी फसलें खराब हो गईं, जिसकी वजह से पिता पर कर्ज बढ़ता गया। रोजमर्रा के खर्च पूरे करना भी मुश्किल हो गया। कार्यक्रम में उनके घर और परिवार की हालत भी दिखाई गई। धीरे-धीरे कर्ज बढ़कर 15 लाख रुपए तक पहुंच गया था। घर पर जब कोई पैसे मांगने आता था तो गुस्सा भी आता था। अक्सर सोचती थी कि इन परेशानियों से आखिर कैसे निकलूं। स्नेहा ने कहा कि मम्मी-पापा को मैं बस यहीं कहना चाहती हूं कि चाहे थोड़ा वक्त ही क्यों न लग जाए, लेकिन मैं सब ठीक कर दूंगी।

# स्कूली स्टूडेंट्स ने चित्रों से पक्षियों की पिंजरों से आजादी की आवाज बुलंद की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

विगत 11 वर्षों से मूक परिंदों की पिंजरों से आजादी की आवाज को बुलंद करने के लिए सितंबर माह के दूसरे रविवार को बर्ड फ्रीडम डे के रूप में मनाया जाता है। गुलाबी नगरी जयपुर से वर्ष 2014 में शुरू हुए बर्ड फ्रीडम डे अभियान अपने 12वें स्थापना दिवस में प्रवेश कर रहा है और इस बार मूक परिंदों की पिंजरों से आजादी की आवाज बुलंद होगी।

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में और इसे विश्व अभियान से जोड़ा जाएगा। पंजाब और हरियाणा के निवासियों को जिसकी शुरुआत चंडीगढ़ में सेक्टर 21 से हो चुकी है और अनेक स्कूली बच्चों ने पक्षियों की पिंजरों से आजादी पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने कोमल मन से चित्रों के




माध्यम से पक्षियों की पिंजरों से आजादी की आवाज बुलंद की। यही नहीं इस अभियान के अंतर्गत शहर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बड़ी संख्या में नागरिकों, बच्चों, पर्यावरण प्रेमियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पक्षियों को पिंजरों से मुक्त करने का संकल्प लिया। जीएमएसएसएस स्कूल सेक्टर 21 के स्टूडेंट्स द्वारा बनाई पेंटिंग्स के माध्यम से संदेश को ओर प्रभावशाली बनाया गया। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल व गत दिनों टीचर्स-डे पर स्टेट अवार्ड से नवाजी गई सुखपाल कौर और स्कूल की आर्ट टीचर शैल्यादीप का विशेष योगदान और सभी ने इस विषय पर अपने विचार रख कर परिंदों की पिंजरों से आजादी की आवाज को बल दिया और विश्व आवाज बनाने में मदद करी। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 10 की अन्वी को प्रथम पुरस्कार, कक्षा 12 के अंशु रावत को द्वितीय, कक्षा 11 की अनुषा सहा को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ व चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बर्ड फ्रीडम-डे अभियान के संस्थापक विपिन कुमार जैन और सह संस्थापक रुचिका जैन ने सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

## एमसी चुनाव 2026 के लिए तैयार हुई चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# 35 ब्लॉकों/वार्डों के लिए समन्वयकों की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूतर बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम चुनाव 2026 से पहले शहर के सभी 35 ब्लॉकों/वार्डों के लिए समन्वयकों की नियुक्ति की है।



ये समन्वयक अपने-अपने वार्डों में बूथ समितियों का गठन करेंगे, ताकि पार्टी का ढांचा हर घर और हर मतदाता तक पहुंच सके। यह बैठक कांग्रेस भवन, सेक्टर-35, चंडीगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की और चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी की अगुवाई में हुई। दोनों नेताओं ने नव-नियुक्त समन्वयकों को निष्ठा, अनुशासन व प्रतिबद्धता के साथ काम करते हुए कांग्रेस पार्टी की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बोलते हुए लक्की ने कहा कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर से सशक्त बनाने में विश्वास रखती है। सभी 35 वार्डों में समन्वयकों की नियुक्ति आगामी नगर निगम चुनावों के लिए मजबूत और पारदर्शी संगठनात्मक ढांचा खड़ा करने की दिशा में पहला कदम है। हर बूथ लोकतंत्र की नींव है और बूथ समितियों को मजबूत कर हम चंडीगढ़ के हर नागरिक तक विकास, जवाबदेही और जन-केंद्रित शासन का संदेश पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं। हमारी लड़ाई केवल सीटों के लिए नहीं, बल्कि उस गरिमा और प्रभावशीलता को बहाल करने के लिए है, जिसे भाजपा शासन में नगर निगम ने खो दिया है। इस मौके पर चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि चुनाव केवल अभियानों से नहीं जीते जाते, बल्कि जनता के साथ निरंतर जुड़ाव से जीते जाते हैं। आज नियुक्त किए गए समन्वयकों की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है कि वे चंडीगढ़ के नागरिकों के विश्वास को कांग्रेस पार्टी में पुनः स्थापित करें। हमारा शहर ऐसे नगर निगम का हकदार है, जो वास्तविक मुद्दों चाहे पानी हो, स्वच्छता हो, सड़कें हों या शहरी नियोजन का समाधान करे, न कि केवल राजनीतिक नौटंकी में उलझा रहे।

## देश-विदेश

# दवा और चिकित्सा उद्योग आम लोगों तक पहुंचाएं जीएसटी कटौती का लाभ

## राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने दिए निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण यानी एनपीपीए ने दवा कंपनियों और चिकित्सा उपकरण निर्माताओं से कहा है कि वे 22 सितंबर से जीएसटी दरों में होने वाली कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को दें। प्राधिकरण ने एक निर्देश में कहा, 'जीएसटी दरों में कमी का लाभ 22 सितंबर, 2025 से उपभोक्ताओं/मरीजों को दिया जाएगा। दवाएं/फॉर्मूलेशन बेचने वाली सभी निर्माता/विपणन कंपनियां 22 सितंबर से दवाओं/फॉर्मूलेशन (चिकित्सा उपकरणों सहित) के एमआरपी को उसी अनुसार संशोधित करेंगी।'

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कहा कि दवा निर्माता विपणन कंपनियों, डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, राज्य औषधि नियंत्रकों और सरकार को संशोधित मूल्य सूची या पूरक मूल्य सूची जारी करेंगी। इसमें संशोधित जीएसटी दरों और संशोधित एमआरपी का विवरण होगा।

निर्देश में कहा गया है कि निर्माता और विपणन कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया सहित संचार के सभी संभावित चैनलों के माध्यम से डीलरों, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को जीएसटी दरों में कटौती के बारे में जागरूक करने के लिए तत्काल उपाय करेंगी। एनपीपीए ने अपने निर्देश में कहा, 'उद्योग संघ 22 सितंबर, 2025 से संशोधित जीएसटी दरों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए डीलरों/खुदरा विक्रेताओं तक पहुंचने के लिए स्थानीय समाचार पत्रों सहित प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन भी जारी कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



### 33 जीवन रक्षक दवाइयों पर कोई जीएसटी नहीं

**राष्ट्रीय** औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण का कहना है कि यदि निर्माता/विपणन कंपनियां दिए गए उपायों के जरिए खुदरा विक्रेता स्तर पर मूल्य अनुपालन सुनिश्चित कर सकती हैं, तो 22 सितंबर, 2025 से पहले बाजार में जारी किए गए स्टॉक के कंटेनरों या पैक के लेबल को वापस मंगाना, पुनः लेबलिंग करना या पुनः स्टीकर लगाना अनिवार्य नहीं है। 56वीं जीएसटी परिषद ने 33 जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी की दर 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य करने की सिफारिश की है। अन्य दवाओं पर पहले 12 प्रतिशत की दर लागू थी, उन्हें 5 प्रतिशत की दर में बदला गया है।

## प. बंगाल में हिंदुओं को अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा : गिरिराज

**एजेंसी, पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के बेगूसराय में द बंगाल फाइल्स फिल्म देखने के बाद बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में हिंदुओं को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करना होगा। यह फिल्म आजादी के बाद की उन पीढ़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिन्होंने विभाजन के सच को नहीं देखा है। उन्होंने कहा कि फिल्म में विभाजन के समय बंगाल में हुए नरसंहार और शरणार्थियों के संघर्ष को दिखाया गया है। मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, 'इस फिल्म को देखकर लगता है कि बंगाल में लोगों को खुद को बचाने के लिए गोपाल पाठा जैसा बनना पड़ेगा।' उन्होंने जोर देकर कहा कि हर नौजवान को यह फिल्म देखनी चाहिए, ताकि वे इतिहास के सच से मुंह न छिपाएं। (अनंत ज्ञान)

# रेप-लव जिहाद के आरोपियों के घरों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**एजेंसी, भोपाल**

भोपाल में कॉलेज छात्राओं से रेप और लव जिहाद के आरोपी साद और साहिल के अवैध मकानों पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चला। तीसरे आरोपी फरहान के घर पर कार्वाई फिलहाल टाल दी गई है।

**आरोपी के पिता का आरोप- पुलिस ने मांगे थे 10 लाख**

शनिवार को 11 बजे कोर्ट में उसकी पेशी होनी थी, लेकिन लोक अदालत के चलते नहीं हो पाई। आरोपी फरहान के पिता रिजवान ने कहा, पुलिस ने हमसे 10 लाख रुपए की डिमांड की गई थी।

करीब 15 दिन तक इस मामले को दबाए रखा। हम 2 लाख रुपए ही दे पाए, 8 लाख की व्यवस्था नहीं हुई तो मिसरोद थाने के रंजीत सिंह ने मेरे बच्चे पर लव जिहाद का केस दर्ज कर दिया। अदालत का फैसला नहीं आया है, उससे पहले ही हमारे मकान गिराए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट ने आवेदन के बाद भी कार्वाई पर नहीं लगाया स्टे

**प्रशासन** की कार्वाई से पहले शुक्रवार को मकानों के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई थी। शनिवार सुबह 5 बजे अर्जुन नगर में भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की कार्वाई शुरू की। इस मामले में कोर्ट ने आरोपी पक्ष की ओर से आवेदन लगाने के बावजूद कार्वाई पर स्टे नहीं लगाया। फरहान, साद, साहिल, नबील, अली और अबरार पर निजी कॉलेज की छात्राओं के साथ रेप और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप हैं। मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही है।

# इसराइली हमले से यमन में आवासीय इमारतें तबाह

**एजेंसी, यमन**

यमन में इसराइली हमलों ने जमकर कहर बरपाया है। इसराइल की ओर से हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर किए गए हमलों में सना में आवासीय क्षेत्रों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा। हमलों में कई घर बर्बाद हो गए। लोगों को अधिकारियों से मदद नहीं मिल रही है। ऐसे में लोग खंडहर बन चुकी इमारतों में रहने के लिए मजबूर हैं। वहीं हमलों में 46 लोगों की मौत हो गई है।

पिछले दिनों हूती विद्रोहियों ने इसराइल पर ड्रोन दागा था। ड्रोन ने इसराइल की बहुस्तरीय हवाई सुरक्षा को भेद दिया और दक्षिणी इसराइली हवाई अड्डे पर हमला कर दिया। इसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। इसके जवाब में इसराइल ने यमन पर हमला किया। यमन में एक सैन्य मुख्यालय और सना ईंधन स्टेशन समेत आवासीय इमारतों पर मिसाइलें दागी गईं। इन हमलों में 11 महिलाओं और पांच बच्चों सहित 46 लोग मारे गए और 165 घायल हुए। साथ ही 11 स्थानीय पत्रकार भी मारे गए। (अनंत ज्ञान)

## पीएम मोदी ने सुशीला को पीएम बनने पर दी बधाई

**एजेंसी, काठमांडू।** भारत के पीएम मोदी ने शनिवार सुबह नेपाली, हिंदी और अंग्रेजी में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए नेपाल की नई प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को शुभकामनाएं दीं। मोदी ने कहा, 'नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर सुशीला कार्की को हार्दिक बधाई। भारत नेपाल में अपने भाइयों और बहनों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।' सुशीला कार्की ने शुक्रवार को नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम पद की शपथ ली थी। उन्हें 5 मार्च, 2026 को संसदीय चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। 6 दिनों की हिंसा के बाद काठमांडू के कई इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। वहीं, 6 जगहों पर अब भी कर्फ्यू जारी है। यहां 5 से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने, भूख हड़ताल, धरना, घेराव, जुलूस और सभा करने पर रोक लगा दी गई है। नोटिस में कहा गया है कि यह आदेश दो महीने तक लागू रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## एडीआर के को-फाउंडर प्रो. जगदीप का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाले संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के को-फाउंडर और चुनाव सुधारों के प्रबल समर्थक प्रो. जगदीप एस छोकर का शुक्रवार सुबह दिल्ली में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 81 साल के थे। प्रो. छोकर की इच्छा के अनुसार उनका शरीर रिसर्च के लिए लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज को डोनेट किया गया है। आईआईएम अहमदाबाद में प्रोफेसर रहे छोकर ने 1999 में एडीआर की स्थापना की। इसके जरिए चुनावी पारदर्शिता के लिए कई कानूनी लड़ाइयां लड़ीं। उम्मीदवारों के बैकग्राउंड का खुलासा व इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम रद्द कराने जैसे सुधार उनकी कोशिशों के चलते ही संभव हो सके। (अनंत ज्ञान)

## अपनी मां के हत्यारे सुरजीत सिंह को उम्रकैद

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन के बर्मिंघम में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां भारतीय मूल के 39 वर्षीय सुरजीत सिंह को अपनी 76 वर्षीय मां मोहिंदर कौर की हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मामले में कोर्ट ने आदेश दिया कि सिंह को कम से कम 15 साल जेल में रहना होगा, इसके बाद ही उसकी पैरोल पर रिहाई पर विचार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका में जिंदा जला पानीपत का ड्राइवर

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** हरियाणा में पानीपत के रहने वाले एक युवक की अमेरिका में जिंदा जलकर मौत हो गई। अर्कान्सास के आई-40 हाईवे पर एक ओवरसाइज लोडेड ट्रक ने उसके ट्रक को साइड से टक्कर मार दी, जिससे उसका ट्रक संतुलन बिगड़ने के बाद पेड़ों में जा टकराया और उसमें आग लग गई। घटना के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जल चुका था। (अनंत ज्ञान)

## न्यायपालिका-कार्यपालिका में संतुलन अहम : शिवज्ञानम

**एजेंसी, कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच संबंधों में संतुलन जरूरी है। उन्होंने साफ कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने हमेशा दोनों पक्षों के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की कोशिश की। मुख्य न्यायाधीश 15 सितंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। शिवज्ञानम ने कहा कि कोलकाता ने उनके कार्यकाल को खास बना दिया। वे अक्तूबर 2021 में कलकत्ता हाईकोर्ट में जज बने और मई 2023 में मुख्य न्यायाधीश के पद पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का मुखिया होना सिर्फ न्यायिक फैसले देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें राज्य सरकार और न्यायपालिका के बीच संतुलन बनाए रखना भी बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्य न्यायाधीश ने टाउन हॉल में आयोजित विदाई समारोह में कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच राजनय बेहद जरूरी है। न्यायपालिका को कभी भी कार्यपालिका का अधीनस्थ या अधीन महसूस नहीं करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों संस्थाओं का संबंध सहयोग और समझ पर आधारित होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

**जानकारी** — एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आई राजनीति से जुड़ी जानकारी

# देश के 21 प्रतिशत सांसद-विधायक राजनीतिक परिवारों से

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में 21% सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) राजनीतिक परिवारों से हैं। राज्यों में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा नेता राजनीतिक परिवार से हैं। जहां 604 सांसदों, विधायकों और एमएलसी में से 141 (23%) राजनीतिक परिवार से हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, जहां 403 में से 129 (32%) राजनीतिक परिवार से हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक एडीआर ने 5 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को छोड़कर लगभग 4,092 में से 4,123 मौजूदा सांसदों, विधायकों व एमएलसी के हलफनामे की जांच की है। 643 मंत्रियों की कुल संपत्ति 23,929 करोड़ है। औसतन हर मंत्री के पास 37.21 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 30 में से 11 विधानसभाओं में अरबपति मंत्री हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 8 अरबपति मंत्री हैं, आंध्र प्रदेश में 6 और महाराष्ट्र में 4 हैं। केंद्र सरकार में 72 मंत्रियों में से 6 मंत्री (8%) अरबपति हैं। (अनंत ज्ञान)

**यूपी में सबसे ज्यादा, महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर**



### कांग्रेस पार्टी में 32 और भाजपा में 18 प्रतिशत

**राष्ट्रीय** दलों में कांग्रेस के 32% मौजूदा सांसद, विधायक और एमएलसी राजनीतिक परिवार से हैं। इसके बाद भाजपा के 18% है। वहीं, माकपा में 8% सांसद, विधायक और एमएलसी नेता परिवार से हैं। एडीआर की रिपोर्ट बताती है कि वंशवाद का असर देश की राजनीति और लोकतंत्र पर गहरा पड़ता है। इससे नए और योग्य नेताओं को आगे आने का मौका कम मिलता है। जबकि राजनीतिक दलों को टिकट देते समय पारदर्शिता और योग्यता को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### 47% मंत्रियों ने क्रिमिनल केस होने की बात स्वीकारी

**देशभर** में 302 मंत्री (करीब 47%) खुद पर आपराधिक केस होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें 174 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। वहीं, केंद्र सरकार के 72 मंत्रियों में से 29 (40%) ने आपराधिक केस होने की बात मानी है। एडीआर में यह भी कहा गया है कि जिन शपथ पत्रों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है, वे 2020 से 2025 के बीच चुनावों के दौरान दाखिल हुए थे। इन मामलों की स्थिति बदल भी सकती है। कुल 512 महिला सांसदों और विधायकों में से 28% यानी 143 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें से 78 (15%) पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर आरोप हैं।

## इसराइल ने लादेन को लेकर पाकिस्तान पर साधा निशान

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** इसराइल ने आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। इसराइल ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उस पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इसराइल ने कहा कि पाकिस्तान इस तथ्य को नहीं बदल सकता कि खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन उनकी धरती पर मारा गया। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान ने कतर में इसराइली हमले की निंदा की और पूछा कि विदेशी धरती पर आतंकवादी को निशाना क्यों बनाया गया? इस पर इसराइली राजदूत ने तीखा जवाब देते हुए पाकिस्तानी प्रतिनिधि की बोलती बंद कर दी। इसराइली प्रतिनिधि डैनी डैनन ने कहा कि जब ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब तो सवाल यह नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया? संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की न्यूयॉर्क शहर में हुई यह बैठक ओसामा बिन लादेन द्वारा आयोजित 9/11 के आतंकवादी हमलों की 24वीं बरसी पर हुई थी। इस बैठक में इस इसराइली और पाकिस्तान के दूतों के बीच तीखी बहस हुई थी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### हिताशी और रिद्धिमा ने स्विस लेडीज ओपन में कट हासिल किया

एजेंसी, जुग (स्विट्ज़रलैंड)। भारत की दो गोल्फरों रिद्धिमा दिलावड़ी और हिताशी बख्शी ने वीपी बैंक स्विस लेडीज ओपन में कट हासिल किया। दोनों भारतीय गोल्फर 71 और 69 के कार्ड खेलकर दो अंडर 140 के कुल स्कोर से संयुक्त 23वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों में वाणी कपूर (74-70), स्नेहा सिंह (70-75), पिछले साल की उप विजेता त्वेसा मलिक (72-74) और प्रणवी उर्स (74-76) कट हासिल करने से चूक गईं। (अनंत ज्ञान)

### शुभंकर शर्मा लगातार 15वीं बार कट में प्रवेश करने से चूके

एजेंसी, वेंटवर्थ (ब्रिटेन)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां 71 और 74 के कार्ड खेलकर लगातार 15वें कट से चूककर बीएमडब्ल्यू पीजीए चैंपियनशिप से बाहर हो गए। शर्मा ने भारत में इंडियन ओपन के बाद से कट में जगह नहीं बनाई है। वह तब से ही फॉर्म से जूझ रहे हैं। वीर अहलावत भी कट हासिल नहीं कर सके। कट दो अंडर पर था लेकिन एक दूसरा अतिरिक्त कट तीसरे दौर के बाद होगा। (अनंत ज्ञान)

### योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग का किया समर्थन

एजेंसी, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) के दूसरे सत्र को अपना समर्थन दिया, जिसके दूसरे सत्र का आगाज 25 दिसंबर से होगा। लीग का संचालन करने वाली कंपनी 'एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड' के संस्थापक और निदेशक संभव जैन ने पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें आगामी सत्र के बारे में जानकारी दी। जैन ने कहा, "हम उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आभारी हैं जिन्होंने राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद की है।" उन्होंने कहा, "लीग के पहले सत्र की सफलता हमारे लिए ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है।" मुख्यमंत्री ने पहले सत्र की सफलता के लिए आयोजकों की तारीफ करते हुए कहा कि इससे इस खेल की प्रतिभा को सामने लाने का मौका मिला। जैन ने कहा कि उन्होंने दूसरे सत्र के लिए मुख्यातिथि के रूप में अपनी उपस्थिति का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के हर विकास खंड में स्टेडियमों के निर्माण सहित विश्व स्तरीय खेल बुनियादी ढांचा बनाने पर सरकार के वादे को भी दोहराया। (अनंत ज्ञान)

### मांडविया ने दिया भरोसा-तीन माह में गठित होगा राष्ट्रीय खेल बोर्ड

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्र सरकार राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम को जनवरी 2026 तक पूरी तरह लागू करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इसके तहत राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) का गठन दिसंबर 2025 तक कर लिया जाएगा। यह बोर्ड राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता देने, निलंबित करने और उनके वित्तीय आचरण की निगरानी का अधिकार रखेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इस प्रक्रिया को समय पर पूरा करने का आश्वासन दिया है। बोर्ड में अध्यक्ष सहित ऐसे सदस्य होंगे जिन्हें खेल प्रशासन, कानून या सार्वजनिक सेवा में अनुभव हो। नियुक्ति एक खोज-सह-चयन समिति द्वारा की जाएगी। बोर्ड से संबद्धता लेना सभी एनएसएफ के लिए अनिवार्य होगा, खासकर उन निकायों के लिए जो सरकार से वित्तीय सहायता चाहते हैं। गंभीर चुनावी अनियमितता, ऑडिट न कराने या धन के दुरुपयोग की स्थिति में बोर्ड उन्हें निलंबित कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

### नितीश राणा-साची की खूबसूरत जोड़ी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज नितीश राणा की पत्नी साची मारवाह बेहद खूबसूरत हैं और रिश्ते में वह मशहूर एक्टर गोविंदा की भांजी हैं। नितीश और साची की शादी फरवरी, 2019 में हुई थी। साची पेशे से एक इंटीरियर डिजाइनर हैं।



## एशिया कप — भारत प्वॉइंट टेबल में पहले और पाक दूसरे नंबर पर

# भारत का पाक के खिलाफ पलड़ा भारी

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें रविवार (14) को एशिया कप में आमने सामने होंगी। दुबई में खेले जाने वाले इस मैच के लिए मंच सज गया है। भारत ने एशिया कप में यूएई को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी, वहीं पाकिस्तान ने ओमान को मात देकर जीत के साथ इस टूर्नामेंट में कदम रखा है। भारत ने अपने पहले मैच में यूएई को 9 विकेट से हराया, वहीं पाकिस्तान ने ओमान पर 93 रन से जीत दर्ज की। दोनों टीमें एक ही ग्रुप में हैं। भारत प्वॉइंट टेबल में पहले नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान दूसरे नंबर पर काबिज है। भारत पाकिस्तान मुकाबले को लेकर लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों टीमें एशिया कप में 18 बार भिड़ चुकी हैं।

भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 10 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान के हाथ 6 जीत लगी है। पिछले दस सालों से भारत अपने पड़ोसी मुल्क पर एक छत्र राज करता आ रहा है। इस दौरान भारतीय टीम के खिलाफ पाकिस्तान को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है। रिकॉर्ड 8 बार एशिया कप ट्रॉफी अपने नाम कर चुका भारत और पाकिस्तान एशिया कप के फाइनल में कभी भी नहीं टकराए हैं। एशिया कप की शुरुआत साल 1984 में हुई थी। भारत और पाकिस्तान की टीमें तब से अभी तक अठारह बार टकरा चुकी हैं। दोनों टीमों के बीच 1997 और 2023 में एक एक मुकाबला बेनतीजा रहा था। (अनंत ज्ञान)




### भारत-पाक वनडे एशिया कप में 15 बार हुए आमने-सामने

भारत और पाकिस्तान की टीमें एशिया कप वनडे फॉर्मेट में 15 बार टकराई हैं जहां भारत ने आठ वहीं पाकिस्तान ने 5 में जीत दर्ज की है। दो मुकाबलों का रिजल्ट नहीं निकल सका। दोनों टीमों के बीच खेले गए एशिया कप मुकाबलों में विराट कोहली ने सबसे अधिक रन बनाए हैं। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ 8 मैचों में 476 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्द्धशतक शामिल है। कोहली साल 2023 के एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ चुके हैं।

### भुवनेश्वर से आगे निकल सकते हैं कुलदीप-पांड्या

भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में भुवनेश्वर कुमार नंबर वन पर हैं। भुवी ने पांच मैचों में 10 विकेट लिए हैं, वहीं कुलदीप यादव के नाम 4 मैचों में आठ विकेट दर्ज है। हार्दिक पांड्या 6 मैचों में आठ विकेट ले चुके हैं। इनमें से कुलदीप और हार्दिक के पास अपने विकेटों की संख्या बढ़ाने का मौका है। कुलदीप और पाड्या भुवी से आगे निकल सकते हैं।

**मैच : शाम 8.00 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान।** फखर जमां, हसन नवाज, खुशदिल शाह, साइम अयूब, सलमान आगा, हुसैन तलत, फहीम अशरफ, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हारिस, साहिबजादा फरहान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, हसन अली, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम, मोहम्मद वसीम जूनियर।

## श्रीलंका के गेंदबाजों के आगे बांग्लादेशी बैट्समैन हुए नतमस्तक



एजेंसी, अबू धाबी

एशिया कप का 5वां मैच श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेला गया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने आए बांग्लादेश के ओपनर बल्लेबाज तंजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन की शुरुआत खराब रही।

बांग्लादेश ने शून्य पर ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। नुवान थुषारा ने पहले ओवर की आखिरी बॉल पर तंजीद हसन को बोल्ड कर दिया। फिर दुष्मंथा चमीरा ने दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर परवेज हुसैन इमोन को विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच कराया। 5वें ओवर की तीसरी बॉल पर तौहीद हृदोय रनआउट हो गए। तौहीद ने 9 गेंदों में 8 रन बनाए। इसी ओवर में चरिथ असलंका ने उनका एक कैच ड्रॉप हो गया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए मेहंदी हसन को हसरंगा ने पगबाधा आउट कर दिया। हसन ने 7 गेंदों में 9 रन बनाए। समाचार लिखे जाने तक बांग्लादेश ने 9 ओवर में 4 विकेट गंवाकर 46 रन बनाए लिए थे। लिटन दास (27) और जाकिर अली (2) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

## हांगकांग ओपन : सात्विक-चिराग सत्र के पहले फाइनल में पहुंचे

एजेंसी, हांगकांग

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ हांगकांग ओपन सुपर 500 के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह उनके पास इस साल खिताब जीतने का लंबा इंतजार खत्म करने का मौका है।



दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के बिंग-वेई लिन और चेन चेंग कुआन को 21-17, 21-15 से हराकर इस सत्र में छह सेमीफाइनल मुकाबलों में मिली हार के बाद अपने पहले फाइनल में जगह बनाई। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग तथा चीनी ताइपे के फैंग-चिह ली और फैंग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। (अनंत ज्ञान)

## ईशा सिंह ने महिला एयर पिस्टल में जीता गोल्ड

एजेंसी, निंगबो (चीन)

ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों के सूखे को खत्म किया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में 20 वर्षीय ईशा ने एक रोमांचक फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी याओ कियानक्सुन को 0.1 अंक से हराया। दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ओह येजिन ने कांस्य पदक जीता।



**आईएसएसएफ विश्व कप**

इस स्पर्धा में यह ईशा का पहला विश्व कप स्वर्ण पदक है और इसने भारत को पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचने में मदद की। भारत के साथ चार और देश एक स्वर्ण पदक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। मेजबान चीन दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। भारत ने इस टूर्नामेंट में हर स्पर्धा में अपने चौथे से छठे क्रम के निशानेबाजों को उतारा है।

ईशा ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, "मैं बहुत खुश हूं क्योंकि यह पहली प्रतियोगिता थी जिससे मैंने शुरुआत की और इसमें विश्व कप का स्वर्ण पदक जीता।" उन्होंने आगे की चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर कहा, "हां, जाहिर है कि इस साल की अगली सबसे बड़ी प्रतियोगिता विश्व चैंपियनशिप है। हम इसके लिए बहुत कड़ा अभ्यास कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि आपको काहिरा में भारतीय टीम से बहुत अच्छी चीजे देखने को मिलेंगी।" ईशा और उनकी साथी रिदम सांगवान ने 578 के समान स्कोर के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जिससे उन्हें अंतिम दो उपलब्ध स्थान प्राप्त हुए। याओ ने 584 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही भारत की पलक गुलिया ने 586 का स्कोर किया। सुरभि राव 568 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर रहीं। आठ निशानेबाजों के फाइनल में रिदम ने अच्छी शुरुआत की और पहली सीरीज के बाद वह शीर्ष जबकि ईशा दूसरे स्थान पर थीं। (अनंत ज्ञान)

## 15-20 दिन में हो जाएगा जर्सी प्रायोजकों का चयन : राजीव शुक्ला

एजेंसी, सिंगापुर

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शनिवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए जर्सी प्रायोजक का चयन अगले दो से तीन हफ्तों में हो जाएगा और बोलियां 16 सितंबर को बंद होंगी।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का ऑनलाइन गेमिंग कंपनी 'ड्रीम11' के साथ 358 करोड़ रुपए प्रति वर्ष का करार रद्द होने के बाद टीम इंडिया बिना किसी जर्सी प्रायोजक के खेल रही है। ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के प्रचार और विनियमन के पारित होने के बाद यह करार रद्द हो गया जिसके तहत गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

बीसीसीआई ने इसके बाद एक नई निविदा जारी की है जिसमें वास्तविक धन राशि वाले गेमिंग एप, सट्टेबाजी, क्रिप्टोकरेंसी या शराब उत्पादों से जुड़ी कंपनियों के बोली लगाने पर रोक लगी है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष संस्था 'क्रेडाई' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्ला ने कहा, "निविदा प्रक्रिया जारी कर दी गई है और सबसे बड़ी बोलीदाता शामिल हैं। इसके अंतिम रूप देने के बाद हम आपको बताएंगे। मुझे लगता है कि यह 15-20 दिनों में अंतिम रूप ले लेगा।" यह पूछे जाने पर कि क्या कोई नाम आगे चल रहा है तो शुक्ला ने कहा, "नहीं, अभी तक कोई नाम सामने नहीं आया है। कई बोलीदाता शामिल हैं। हम आपको अंतिम रूप देने के बाद बताएंगे।" शुक्ला ने आईपीएल टिकटों पर हाल में हुई जीएसटी बढ़ोतरी के बारे में भी बात की जिसके तहत अब ये टिकट कसीनो और रेस क्लबों के साथ 40 प्रतिशत के स्लैब में आ गए हैं।

इसके परिणामस्वरूप 500 रुपए का टिकट अब 700 रुपए का हो जाएगा और 2,000 रुपए का टिकट 2,800 रुपए का हो जाएगा। नियमित अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता रहेगा। उन्होंने कहा, "बहुत सारे आम लोग आईपीएल देखने आते हैं। इसका निश्चित रूप से असर होगा, लेकिन मुझे उम्मीद है कि काफी लोग आईपीएल देखने आएंगे।" बीसीसीआई को कर छूट मिलने की आलोचना पर शुक्ला ने जवाब दिया, "बीसीसीआई एक कॉर्पोरेट कंपनी की तरह आयकर चुकाता है। जीएसटी भी देता है। हमें कोई छूट नहीं मिलती।" (अनंत ज्ञान)

## मिस्र ओपन: मार्चे को हराकर अभय की करियर की सबसे बड़ी जीत

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी अभय सिंह ने गीजा में 366,000 डॉलर इनामी राशि के पीएसए विश्व टूर डायमंड स्पर्धा मिस्र ओपन के शुरुआती दौर में फ्रांस के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी ग्रेगोइरे मार्चे पर सीधे गेम में शानदार जीत दर्ज की। यह अभय के करियर की सबसे बड़ी जीत है। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी और दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन अभय ने 36 मिनट में 12-10, 11-9, 11-3 से जीत हासिल की। यह प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की रैंकिंग के हिसाब से उनका अब तक का सबसे अच्छा परिणाम है। अभय के सामने अब अंतिम 32 दौर में मिस्र के 10वीं वरीयता प्राप्त यूसुफ इब्राहिम की चुनौती होगी। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार को हालांकि, निराशा हाथ लगी। वह शुरुआती दौर में ब्रिटेन के दुनिया के 28वें नंबर के खिलाड़ी जोना ब्रायंट से 8-11, 11-5, 9-11, 1-11 से हार गए। (अनंत ज्ञान)

## एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 22 देश भुवनेश्वर में 11 अक्तूबर से करेंगे प्रतिस्पर्धा

एजेंसी, नई दिल्ली

यूरूए के हटने के बाद 22 देशों ने भुवनेश्वर में होने वाली 28वीं आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में भाग लेने की पुष्टि की है। आयोजकों ने इस जानकारी को साझा करते हुए 500 से ज्यादा प्रतिभागियों के इसमें भाग लेने की उम्मीद जताई।



ओडिशा पहली बार एशियाई स्तर की टेबल टेनिस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 अक्तूबर तक कलिंगा स्टेडियम में होगा। ओडिशा राज्य टेबल टेनिस संघ 500 से अधिक प्रतिभागियों का स्वागत करेगा, जिनमें 450 खिलाड़ी और सहयोगी कर्मचारी के साथ 70 से 80 की संख्या में एशियाई टेबल टेनिस संघ के अधिकारी शामिल होंगे। यह चैंपियनशिप 16 वर्षों के बाद भारत में आयोजित हो रही है जिसमें एशिया के शीर्ष खिलाड़ी अपना दबदबा बनाने की कोशिश करेंगे। चीन, जापान और कोरिया की मजबूत टीमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10-10 सदस्यीय टीमें उतारेंगी, जिनके साथ बड़ी संख्या में सहयोगी टीमें भी होंगी। इस आयोजन को लंदन में 2026 में होने वाली विश्व टीम चैंपियनशिप की महत्वपूर्ण तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## जलज केरल से नाता तोड़ महाराष्ट्र की टीम से जुड़े

एजेंसी, पुणे

अनुभवी घरेलू क्रिकेटर जलज सक्सेना केरल से नाता तोड़कर शनिवार को रणजी ट्रॉफी 2025-26 सत्र से पहले महाराष्ट्र में शामिल हो गए। सक्सेना ने केरल के लिए नौ सत्र खेले हैं। एक सूत्र ने पुष्टि की कि 38 वर्षीय सक्सेना इस सत्र में महाराष्ट्र में शामिल होने वाले दूसरे बड़े खिलाड़ी हैं। इससे पहले भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी साव मुंबई से उनके साथ जुड़े थे। सक्सेना ने दिसंबर 2005 में मध्य प्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया था और 2016 में केरल चले गए थे। सक्सेना ने 150 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 14 शतकों और 34 अर्द्धशतकों के साथ 33.77 के औसत से 7,060 रन बनाए हैं। उन्होंने इस प्रारूप में 34 बार पारी में पांच विकेट लेकर 484 विकेट लिए हैं। सक्सेना ने अपने लगभग दो दशक लंबे करियर में 109 लिस्ट ए और 73 टी20 मैच भी खेले हैं। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली हाफ मैराथन में मेकोनेन और एयायु होंगे आकर्षण का केंद्र

एजेंसी, नई दिल्ली

इथियोपिया की गत चैंपियन एलेमाडिस एयायु और उनके हमवतन जेमल मेकोनेन 12 अक्टूबर को यहां आयोजित होने वाली 20वीं दिल्ली हाफ मैराथन का मुख्य आकर्षण होंगे। दिल्ली हाफ मैराथन एक विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस है।


फाइल फोटो

कंपाला में 2017 विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में इथियोपिया की स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे मेकोनेन भारत में पहली रेस में हिस्सा लेंगे। इस 29 वर्षीय धावक ने 58:33 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कई बार 60 मिनट से कम समय में रेस पूरी की है और 2024 सियोल मैराथन भी जीती है।

उन्होंने कहा, "यह भारत की मेरी पहली यात्रा है। मैंने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के बारे में बहुत कुछ सुना है जिसे मेरे साथी धावक अक्सर शानदार बताते हैं।" कीनिया के पेरिस मैराथन चैंपियन बेनार्ड बिवॉट, ओलंपिक 5000 मीटर रजत पदक विजेता रोनाल्ड क्वेमोई और इसाक किपकेंबोई भी पुरुष वर्ग में शामिल हैं। महिलाओं के वर्ग एयायु को कीनिया की लिलियन रेंगरुक से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जो कई बार विश्व क्रॉस-कंट्री पदक विजेता रही हैं और पेरिस ओलंपिक में 10,000 मीटर दौड़ में पांचवें स्थान पर रही थीं। (अनंत ज्ञान)

## टी20 क्रिकेट — द.अफ्रीका की टीम 17वें ओवर में 158 रन बनाकर हुई ऑलआउट

# सॉल्ट और इंग्लैंड के रिकॉर्ड रनों की आंधी में उड़ा दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी, मैनचेस्टर (इंग्लैंड)

फिल सॉल्ट के इंग्लैंड के लिए सबसे तेज टी20 शतक और इस प्रारूप की सबसे बड़ी पारी के बूते इस टीम ने दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड 146 रन की बड़ी जीत दर्ज की। सॉल्ट के नाबाद 141 रन और जोस बटलर की 83 रन की ताबड़तोड़ पारी से इंग्लैंड ने दो विकेट पर 304 रन बनाने। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड की पारी में 18 छक्के और 30 चौके लगे।

दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट पर 64 रन बना लिए थे, लेकिन आठवें ओवर में कप्तान एडेन मारक्रम की 20 गेंदों में 41 रनों की पारी पर विराम लगने के बाद टीम की हार तय हो गई। दक्षिण अफ्रीका की पारी 17वें ओवर में 158 रन पर सिमट गई। मारक्रम शीर्ष स्कोरर रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए यह रनों के हिसाब से सबसे बड़ी टी20 हार है जबकि इंग्लैंड के लिए यह रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है।

दक्षिण अफ्रीका ने हवा की नमी का फायदा उठाने की उम्मीद में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन सॉल्ट और बटलर की सलामी जोड़ी ने ओल्ड ट्रैफर्ड के अपने घरेलू मैदान में उनके गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। सॉल्ट ने मार्को यानसेन की पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन चौके मारे, लेकिन जल्द ही बटलर उनसे आगे निकल गए। बटलर ने लगातार चार चौके जड़ 18 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जो इंग्लैंड के लिए तीसरा सबसे तेज अर्द्धशतक है।

पावरप्ले में एक गेंद शेष रहते उनकी और सॉल्ट की जोड़ी ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली। पुरुषों के टी20 में यह सिर्फ तीसरा मौका था जब पावरप्ले में टीम के रनों का शतक पूरा हुआ। बटलर जब 30 गेंदों में 83 रन बनाकर खेल रहे थे, तब उनके पास लियाम लिविंगस्टोन के 40 गेंद में इंग्लैंड के सबसे तेज टी20 शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका था, लेकिन वह आठवें ओवर में ब्योर्न फोर्टेन (52 रन पर दो विकेट) की गेंद पर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच देकर आउट हो गए। इस समय टीम का स्कोर एक विकेट पर 126 रन था।




सॉल्ट ने अपना पचासा पूरा करने के लिए बटलर से एक गेंद अधिक लिया, लेकिन उन्होंने 39 गेंद में शतक पूरा कर इंग्लैंड के लिए सबसे कम गेंद में सैकड़ा पूरा करने रिकॉर्ड अपने नाम किया। यह सॉल्ट का इंग्लैंड के लिए चौथा शतक था। इंग्लैंड के किसी अन्य खिलाड़ी के नाम एक से अधिक शतक नहीं है। सॉल्ट ने 119 रन का आंकड़ा पार करते ही अपना और इंग्लैंड के लिए सर्वोच्च टी20 व्यक्तिगत स्कोर कायम कर लिया। इंग्लैंड को आखिरी ओवर में 300 रन का आंकड़ा छूने के लिए 16 रन की जरूरत थी लेकिन टीम ने रबाडा के इस ओवर से 20 रन बटोरे। रबाडा ने अपना चार ओवर में 70 रन लुटाए, जो इस टीम के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन लुटाने का रिकॉर्ड है। इंग्लैंड ने आईसीसी के पूर्ण सदस्य द्वारा बनाए गए सर्वाधिक स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया। यह रिकॉर्ड पहले भारत के नाम था, जिसने 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ छह विकेट पर 297 रन बनाए थे।

टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर जिम्बाब्वे का चार विकेट पर 344 रन (2024 में गाम्बिया के खिलाफ) और नेपाल का तीन विकेट पर 314 रन (2023 में मंगोलिया के खिलाफ) है। सॉल्ट ने 60 गेंद पर आठ छक्कों और 15 चौकों की मदद से नाबाद 141 रन बनाए। उनके साथ ब्रूक भी 21 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाया और जोफ्रा आर्चर ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए, सैम करन ने 11 रन देकर दो और विल जैक्स ने आखिरी ओवरों में दो विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)